# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

रायपुर, बुधवार 28 मई 2025







## शनि बाधा दूर करने छोड़े जूते-चप्पल





*रायपुर। सदर बाजार के चूड़ी लाइन स्थित शनि मंदिर में मंगलवार को शनि जयंती पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ दर्शन के लिए यहां पहुंची। श्रद्धालुओं ने सरसों तेल, काले तिल, काली उड़द, सिक्कों से भगवान शनिदेव की पूजा-अर्चना की और मंत्रोच्चार भी किया। इस दौरान मंदिर के बाहर श्रद्धालु अपनी जूते-चप्पलें छोड़ गए। मान्यता है कि शनि मंदिर के बाहर जूते-चप्पल छोड़कर आने से ग्रह बाधा दूर होती है और जीवन शांतिपूर्ण बीतता है। शनि मंदिर में पुजारी पंडित संतोष शर्मा बताया कि करीब 2000 चप्पलें श्रद्धालु मंदिर के बाहर छोड़ गए हैं, वे किसी काम की नहीं हैं। इन्हें वे उठवाकर कचरे में डंप कराएंगे। वहीं आमापारा शनि मंदिर के पुजारी पं. जागेश्वर ने बताया कि मंदिर के बाहर भी बड़ी संख्या में चप्पलें बिखरी हुईं पड़ी रहीं, जो अनुपयोगी हैं।*

### एक ही कैंपस में संचालित होने वाले प्राथमिक, माध्यमिक, उच्च और उच्चतम विद्यालय अब एक ही स्कूल

# 10 हजार 463 स्कूल मर्ज, शहरों में जमे अतिरिक्त शिक्षक गांव भेजे जाएंगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

मंगलवार को छत्तीसगढ़ सरकार ने बड़ा फैसला किया। सरकार ने स्कूलों में युक्तियुक्तकरण का आदेश जारी कर दिया। लोक शिक्षण संचालनालय ने इसे तत्काल प्रभाव से लागू करने की बात कही है, अर्थात शैक्षणिक सत्र 2025-26 के प्रारंभ होने के पूर्व ही प्रदेशभर के विद्यालयों और शिक्षकों का सेटअप बदल जाएगा। आदेश लागू होते ही प्रदेश के 10 हजार 463 विद्यालय मर्ज हो जाएंगे।

शहरों में जमे अतिशेष शिक्षकों को ऐसे स्कूलों में भेजा जाएगा जहां शिक्षकों की कमी है। स्कूलों के मर्ज होने के बाद शिक्षकों के पदों में भी कमी आएगी। दूसरी ओर शिक्षक इसके विरोध में उतर आए हैं। 28 मई को उन्होंने मंत्रालय घेराव का निर्णय लिया है। आज प्रदेशभर के शिक्षक रायपुर में जुटेंगे। वे 2008 के सेटअप के आधार पर युक्तियुक्तकरण की मांग कर रहे हैं, जबकि सरकार द्वारा शिक्षा के अधिकार अधिनियम 2009 के आधार पर युक्तियुक्तकरण किया जा रहा है।

### हटाए जाएंगे अतिशेष शिक्षक

युक्तियुक्तकरण के बाद अतिशेष शिक्षकों पर भी गाज गिरेगी। आंकड़ों के मुताबिक, प्रदेश के 30,700 प्राइमरी स्कूलों में से 6,872 स्कूल ऐसे हैं, जहां सिर्फ एक ही टीचर है। 212 स्कूलों में एक भी शिक्षक नहीं हैं। दूसरी ओर 13,149 प्री मिडिल स्कूलों में से 255 स्कूलों में एक ही टीचर है। इसी कैटेगरी में 48 स्कूल ऐसे हैं, जहां एक भी टीचर नहीं है। स्कूल शिक्षा विभाग के अनुसार, इस पहल से शिक्षक विहीन एवं एकल शिक्षकीय शालाओं में अब अतिशेष शिक्षकों की तैनाती संभव होगी। ▶▶|शेष पेज 7 पर

### सीएम साय ने कहा, शिक्षकों के संसाधनों का बेहतर होगा उपयोग

#### साय बोले- हम कर रहे संतुलित

*मुख्यमंत्री ने कहा कि पूरे प्रदेश में शिक्षकों की पदस्थापना में असंतुलन है। कहीं हमारे स्कूल शिक्षक विहीन हैं, तो कहीं पर स्कूल एक शिक्षकीय हैं। मैदानी क्षेत्र के बहुत से ऐसे स्कूल हैं, जहां बच्चों के अनुपात में ज्यादा शिक्षक हैं। इसको हम लोग संतुलित कर रहे हैं। कहीं-कहीं एक ही परिसर में कई स्कूल हैं, कहीं दो-दो, तीन-तीन प्राइमरी स्कूल हैं, कहीं बच्चे नहीं हैं। इस असंतुलन को दूर करने के लिए हम सब जगह शिक्षक देना चाहते हैं, तो इसमें क्या बुराई है। यह भी* ▶▶|शेष पेज 7 पर





#### विद्यालयों का युक्तियुक्तकरण दो विधि से

**प्रथम** : युक्तियुक्तकरण को आसान शब्दों में दो संस्थाओं को एक साथ मिलाना भी कह सकते हैं। विद्यालयों का युक्तियुक्तकरण दो विधि से किया जा रहा है। वर्तमान में एक ही कैंपस में यदि प्राथमिक, माध्यमिक, हाईस्कूल अथवा हायर सेकंडरी कक्षाएं संचालित होती हैं, तो उसे अलग-अलग स्कूल के रूप में गिना जाता है। अब ऐसा नहीं होगा। युक्तियुक्तकरण के ▶▶|शेष पेज 7 पर

**द्वितीय** : स्कूल शिक्षा सचिव सिद्धार्थ कोमल परदेशी के अनुसार, ग्रामीण क्षेत्र में एक किलोमीटर के दायरे में स्थित 133 विद्यालयों को मर्ज किया गया है। ये वह विद्यालय हैं, जहां छात्र संख्या 10 से कम हैं। दूसरी ओर शहरी क्षेत्र में 500 मीटर के दायरे में स्थित 33 विद्यालयों का भी युक्तियुक्तकरण किया गया है। कुछ कदमों की दूरी में ही दो विद्यालयों की आवश्यकता नहीं होने के कारण यह व्यवस्था की गई है।

#### प्रशासनिक दृष्टि से उपयोगी: साय

*युक्तियुक्तकरण पर सीएम विष्णुदेव साय ने कहा, इससे न केवल शिक्षकों के संसाधनों का बेहतर उपयोग होगा, बल्कि विद्यार्थियों को भी गुणवत्तापूर्ण और निरंतर शिक्षा प्राप्त हो सकेगी। एक ही परिसर में विभिन्न स्तरों के विद्यालयों का समायोजन, न केवल प्रशासनिक दृष्टि से उपयोगी है, बल्कि इससे शिक्षा की निरंतरता बनी रहेगी और छात्र ड्रॉपआउट की समस्या से भी मुक्ति मिलेगी। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अनुरूप यह कदम उठाया गया है।*

### 23 शिक्षक संघ एकजुट

## शिक्षक संघ करेगा मंत्रालय का घेराव, कहा- खत्म हो जाएंगे 43 हजार पद, पढ़ाई प्रभावित होगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

प्रदेशभर के शिक्षक संघ शासन द्वारा जारी किए गए युक्तियुक्तकरण आदेश के विरूद्ध लामबंद हो गए हैं। प्रदेश में शिक्षकों के 23 संघ हैं। ये सभी एकजुट होकर आज मंत्रालय का घेराव करने दोपहर 12 बजे के बाद निकलेंगे। मंगलवार रात से ही शिक्षकों के रायपुर पहुंचने का सिलसिला प्रारंभ हो गया है। उम्मीद की जा रही है कि लगभग एक हजार शिक्षक आज मंत्रालय घेरेंगे। शिक्षक संघ ने हरिभूमि से विशेष बातचीत में कहा कि वे युक्तियुक्तकरण का विरोध नहीं कर रहे हैं, बल्कि इसके तरीके के खिलाफ हैं। सरकार 2009 में आए 'शिक्षा का अधिकार ▶▶|शेष पेज 7 पर

- युक्तियुक्तकरण शिक्षा के अधिकार अधिनियम के अनुसार
- प्रदेशभर के शिक्षक संघ हुए एकजुट, 2008 में तय सेटअप में अपेक्षाकृत अधिक पद

#### ऐसा है दोनों में अंतर

**2008 का सेटअप** : सरकार द्वारा 2008 में स्कूलों में शिक्षकों की संख्या के लिए सेटअप बनाया गया था। इसके माध्यम से यह तय किया गया था कि किस स्कूल में कितने शिक्षक होंगे। टीचर्स एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष संजय शर्मा ने बताया कि सेटअप 2008 के मुताबिक प्राथमिक स्कूल में एक प्रधान पाठक और दो शिक्षक (1+2) का प्रावधान है। इसी तरह पूर्व माध्यमिक स्कूल में एक प्रधान पाठक + चार शिक्षक (1+4) का प्रावधान है।

**आरटीई की सेटअप** : 2009 में शिक्षा का अधिकार अधिनियम लाया गया। इसके जरिए भी शिक्षक-छात्र अनुपात तय किया गया। इसके मुताबिक, प्राथमिक स्कूल में एक प्रधान पाठक और एक शिक्षक (1+1) का प्रावधान है। इसी तरह पूर्व माध्यमिक स्कूल में एक प्रधान पाठक + तीन शिक्षक (1+3) का प्रावधान है। सरकार इसी आधार पर युक्तियुक्तकरण कर रही है। इस सेटअप को अपनाए जाने की स्थिति में प्राथमिक स्कूलों में 30,700 पद और पूर्व माध्यमिक स्कूलों में 13,149 पद मिलाकर कुल 43,849 पद खत्म कर दिए गए।

#### INDIAN PREMIER LEAGUE स्कोर बोर्ड

लखनऊ 227/3 VS बेंगलुरु 230/4

6 विकेट से जीता बेंगलुरु

85 रन : जितेश शर्मा

प्लेयर ऑफ द मैच

#### खबर संक्षेप

### इंडिगो पर 2.76 करोड़ रुपए का जुर्माना



**नई दिल्ली।** सीमा शुल्क अधिकारियों ने एयरलाइन कंपनी इंडिगो पर कुल 2.76 करोड़ रुपये से अधिक का जुर्माना लगाया है। कंपनी आदेश के खिलाफ अपील करेगी। अहमदाबाद के प्रधान सीमा शुल्क आयुक्त ने एयरलाइन पर 2.20 करोड़ रुपए का जुर्माना लगाया है। मीनांबक्कम, चेन्नई के प्रधान सीमा शुल्क आयुक्त ने एयरलाइन पर 56,20,254 रुपए का जुर्माना लगाया है।

### रिश्वत लेने का वीडियो वायरल, दो एसआई सस्पेंड



**भदोही।** भदोही शहर कोतवाली परिसर में दो उप निरीक्षकों का रिश्वत लेते हुए वीडियो सोशल मीडिया पर आने के बाद दोनों पुलिस अधिकारियों को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। इस पूरे मामले के जांच अपर पुलिस अधीक्षक शुभम अग्रवाल को सौंपी गई है। उप निरीक्षक दिलशाद खान और सुभाष बौद्ध को रुपए की मांग करते हुए और रुपए लेते हुए देखा जा सकता है।

#### बीसीसीआई की खास पहल

## आईपीएल फाइनल में रहेंगे 'ऑपरेशन सिंदूर' के नायक



हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

इंडियन प्रीमियर लीग 2025 का फाइनल मैच 3 जून को अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में खेला जाएगा। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड ने इस खिताबी मुकाबले के लिए तैयारियां शुरू कर दी हैं। इस बीच खबर है कि ने 'ऑपरेशन सिंदूर' की सफलता का जश्न मनाने के लिए फाइनल मैच के समापन समारोह के लिए तीनों सेना प्रमुखों को बुलाया है। इसका थीम ऑपरेशन सिंदूर के हमारे नायकों को सम्मानित करना है। बीसीसीआई और आईपीएल गवर्निंग काउंसिल ने टूर्नामेंट के फाइनल के दौरान सशस्त्र बलों को सम्मानित करने की योजना बनाई है। आईपीएल के चेयरमैन अरुण धूमल ने इस बात ▶▶|शेष पेज 7 पर

#### तीनों सेना प्रमुखों को न्योता

*बीसीसीआई के सचिव देवजीत सैकिया ने कहा कि उन्होंने तीनों सेनाओं के प्रमुखों (सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी, नौसेना प्रमुख ऐडमिरल दिनेश के त्रिपाठी, वायु सेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल अमर प्रीत सिंह), शीर्ष अफसरों और सैनिकों को अहमदाबाद में आईपीएल फाइनल के लिए आमंत्रित किया है। इसका मकसद ऑपरेशन सिंदूर की सफलता का जश्न मनाना है।*

#### 3 जून को होगा फाइनल मैच

*आईपीएल 2025 अब अंतिम पड़ाव की ओर अग्रसर है। प्लेऑफ में पंजाब किंग्स, मुंबई इंडियंस, रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु और गुजरात टाइटंस ने जगह बना ली है। 29 मई से प्लेऑफ मैच खेले जाएंगे और खिताबी मुकाबला 3 जून को होगा। यह तीसरा मौका होने जा रहा है, जब अहमदाबाद में फाइनल होगा। इससे पहले आईपीएल 2022 और 2023 के फाइनल भी इस मैदान पर खेले जा चुके हैं।*

#### इधर, शहीद सैनिकों के नाम चौकियां



*सीमा सुरक्षा बल ने मंगलवार को ऑपरेशन सिंदूर से जुड़ी कई अहम जानकारियां शेयर कीं। उन्होंने एक बार फिर प्रेस कॉन्फ्रेंस कर ऑपरेशन में हिस्सा लेने वाली बीएसएफ की महिला अधिकारियों के बारे में जानकारी दी। सीमा सुरक्षा बल ने साथ ही यह भी बताया कि उन्होंने अपने दो पोस्टों का नाम अपने शहीद सैनिकों के नाम पर रखने और एक पोस्ट का नाम 'सिंदूर' रखने का प्रस्ताव पेश किया है। ऑपरेशन सिंदूर पर बीएसएफ के आईजी जम्मू शशांक आनंद ने कहा, ऑपरेशन सिंदूर के दौरान बीएसएफ की महिला कर्मियों ने अग्रिम ड्यूटी चौकियों पर लड़ाई लड़ी। हमारी बहादुर महिला कर्मियों,* ▶▶|शेष पेज 7 पर

#### आयकर विभाग ने बढ़ाई तिथि

## 15 सितंबर तक दाखिल कर सकेंगे आईटीआर



**नई दिल्ली।** आयकर विभाग ने आकलन वर्ष 2025-26 के लिए आईटीआर दाखिल करने की अंतिम तिथि 31 जुलाई से बढ़ाकर 15 सितंबर कर दी है। समय सीमा में विस्तार उन व्यक्तियों, हिंदु अविभाजित परिवार और संस्थाओं पर लागू होता है जिन्हें अपने खातों का ऑडिट करवाने की आवश्यकता नहीं है। वे अब 2024-25 वित्त वर्ष में अर्जित आय के लिए अपना कर रिटर्न 15 सितंबर तक दाखिल कर सकते हैं। अधिसूचित आईटीआर में किए गए व्यापक बदलावों तथा आकलन वर्ष 2025-26 के लिए प्रणाली की तैयारी एवं आईटीआर सुविधाओं के जारी होने के लिए आवश्यक समय को देखते हुए आयकर रिटर्न दाखिल करने की नियत तारीख बढ़ा दी गई है।

#### हरियाणा के पंचकूला में सनसनी

## कर्ज में गई जान, कार में परिवार ने की सामूहिक खुदकुशी, 7 की मौत

एजेंसी ▶▶| चंडीगढ़

हरियाणा के पंचकूला में एक खड़ी कार में एक ही परिवार के छह सदस्य मृत पाए गए जबकि एक अन्य की अस्पताल ले जाते समय रास्ते में मौत हो गई। कर्ज के बोझ तले दबे एक ही परिवार के सात लोगों ने जहर खाकर आत्महत्या कर ली। मरने वालों में दो दंपती, तीन मासूम बच्चे और एक ही परिवार के बुजुर्ग सदस्य शामिल हैं।

पंचकूला की पुलिस उपायुक्त हिमाद्री कौशिक ने कहा, यह प्रथम दृष्टया आत्महत्या का मामला प्रतीत होता है। फिलहाल जांच जारी है। कार पंचकूला के सेक्टर-27 में एक रिहायशी इलाके में खड़ी थी और एक राहगीर ने सोमवार देर रात इसे देखा। पुलिस ने मृतकों में से एक की पहचान 41 वर्षीय ▶▶|शेष पेज 7 पर



#### फोरेंसिक जांच शुरू

घटना की गंभीरता को देखते हुए डीसीपी हिमाद्री कौशिक और डीसीपी लॉ एंड ऑर्डर अमित दहिया मौके पर पहुंचे। हिमाद्री कौशिक ने मीडिया से बातचीत में कहा कि प्रथम दृष्टया यह मामला आत्महत्या का प्रतीत हो रहा है, लेकिन सभी पहलुओं की गहनता से जांच की जा रही है। फोरेंसिक टीम ने मौके से साक्ष्य इकट्ठा किए हैं और कार की तलाशी ली गई है।

#### देहरादून में था प्रवीण का टूर एंड ट्रैवल्स बिज़नेस

*पुलिस की शुरुआती जांच में यह बात सामने आई है कि प्रवीण मित्तल देहरादून में टूर एंड ट्रैवल्स का कारोबार करते थे, जो हाल के समय में घाटे में चल रहा था। कर्ज बढ़ने के बाद वे मानसिक तनाव में थे। हालांकि, सबसे बड़ा सवाल यह बना हुआ है कि पूरा परिवार पंचकूला क्यों आया और यहीं आत्महत्या क्यों की? पुलिस इस दिशा में भी जांच कर रही है कि जिस घर के पास कार खड़ी थी, वहां उनका क्या संबंध था।*

#### अभी रायपुर और दुर्ग में कोरोना के कुल तीन एक्टिव केस

## खतरनाक नहीं है कोरोना..., तीन दिन में ही ठीक हुआ प्रदेश का पहला संक्रमित

*हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर*

*प्रदेश में कोरोना वायरस की मौजूदगी की वजह से चिंता के बीच राहत वाली खबर सामने आई है। तीन दिन पहले पॉजिटिव आया पहला मरीज ठीक हो गया है। अगले एक दो दिनों में अस्पताल से छुट्टी दे दी जाएगी। अभी दुर्ग और रायपुर में कोरोना के कुल तीन एक्टिव केस रह गए हैं। इनमें भी संक्रमण के कोई गंभीर लक्षण नहीं हैं। कुछ राज्यों में कोरोना के नए वैरिएंट जेएन-1 की पुष्टि हुई है, मगर प्रदेश मे वायरस कौन से स्वरूप में है, यह स्पष्ट नहीं हुआ है।*



*कुछ राज्यों में कोविड के वायरस ने तेजी से अपना असर दिखाया है और वहां सर्दी-खांसी की शिकायत वाले संक्रमितों की संख्या काफी बढ़ी है। मामलों को ध्यान में रखते हुए प्रदेश में आपात स्थिति से निपटने के लिए पूरी तैयारी के दावे किए जा रहे हैं। राज्य में तीन दिन पहले राजधानी के निजी अस्पताल में सर्दी, खांसी और बुखार के एक पीड़ित की रिपोर्ट पॉजिटिव आई थी। इसके बाद सोमवार को अवंति विहार की महिला को उसी निजी अस्पताल में संक्रमित पाया गया वहीं दुर्ग में* ▶▶|शेष पेज 7 पर

#### लक्षण सामान्य एहतियातन आईसोलेट

*मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मिथिलेश चौधरी ने बताया कि दोनों केस में कोरोना के गंभीर लक्षण नहीं मिले हैं। सर्दी-खांसी जैसी शिकायतों पर वे अस्पताल आये थे, जिनकी रिपोर्ट पॉजिटिव मिली। उनकी ट्रैवल हिस्ट्री में भी नहीं है, इसलिए यह माना जा रहा है कि मौसम में आई नमी की वजह से कोरोना के कुछ मामले सामने आ रहे हैं।*

#### आईआईटी दिल्ली की पहल

## 12 साल बाद आईआईटी के पाठ्यक्रम में बदलाव



**नई दिल्ली।** भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी), दिल्ली ने छात्रों पर बोझ कम करने और उद्योग जगत की बदलती मांगों को पूरा करने के लिए 12 वर्षों के बाद अपने पाठ्यक्रम में आमूलचूल परिवर्तन किया है। संस्थान के निदेशक रंगन बनर्जी ने यह जानकारी दी। बनर्जी ने मंगलवार को 'पीटीआई-भाषा' को दिए साक्षात्कार में कहा कि पाठ्यक्रम में पिछली बार संशोधन 2013 में किया गया था। उन्होंने कहा, उद्योग जगत की मांगें तेजी से बदल रही हैं। एआई एक नयी चीज उभर रही है और स्थिरता पर ध्यान केंद्रित किया जा रहा है। इस सुधार की कवायद 2022 में शुरू हुई थी। पिछले कुछ वर्षों में हमने हितधारकों ▶▶|शेष पेज 7 पर

छत्तीसगढ़ में बारिश की शुरुआत होने के बाद भी राज्यभर के धान उपार्जन केंद्रों से अब तक 92 हजार 303 मीट्रिक टन धान का उठाव नहीं हो पाया है। जैसे-जैसे बारिश की रफ्तार बढ़ेगी, यह धान भीगकर खराब होना तय है। उपार्जन केंद्रों में जमा ये धान करीब 211 करोड़ रुपयों का है। खास बात ये है कि धान की इस बरबादी का जिम्मा उन सोसाइटियों के सिर आएगा, जिन्होंने ये धान खरीदा था। अभी भी दर्जनों सोसाइटियों में पहले ही धान के स्टॉक में गरमी की वजह से शॉर्टेज हुआ है, उसकी जिम्मेदारी सोसाइटी प्रबंधकों पर आ चुकी है।

## 33 में से पांच जिलों में ही पूरे धान का उठाव

# बारिश आ गई पर उपार्जन केंद्रों से पूरा उठाव नहीं, 211 करोड़ के धान पर गहराया संकट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राज्य में पिछले साल 14 नवंबर से न्यूनतम समर्थन मूल्य पर धान की खरीदी शुरू हुई थी। यह काम 31 जनवरी तक किया गया था। राज्यभर में 149 लाख मीट्रिक टन धान की खरीदी की गई थी। इसमें से अधिकांश धान मिलरों या मार्कफेड के संग्रहण केंद्रों में भेजा गया। इसके बाद भी राज्य के कई जिलों के धान उपार्जन केंद्रों में मंगलवार 27 मई की स्थिति में 92 हजार 303.38 मीट्रिक टन धान रिकार्ड में शेष बता रहा है।

इसका मतलब ये है कि ये धान उपार्जन केंद्रों में शेष है। यह भी संभव है कि इसमें से कुछ मात्रा सूखत या पिछले दिनों की बारिश में खराब हुआ हो। लेकिन इससे भी बड़ी बात ये है कि अगर अब बारिश के मौसम में बचा धान नहीं उठाया गया तो उसका बरबाद होना तय है।





### धान की बरबादी सोसाइटियों के जिम्मे

राज्य की धान उपार्जन नीति के मुताबिक किसी भी सोसायटी में धान की बफर स्टॉक लिमिट खत्म होने के बाद 72 घंटों में धान का उठाव या परिवहन कराया जाना है। खरीदी के दौरान ही सैकड़ो सोसाइटियों में बफर स्टॉक लिमिट दो-चार गुना से अधिक होने के बाद से लेकर अब तक पूरे धान का उठाव नहीं हो सका है। हालांकि इससे पहले अप्रैल-मई की भीषण गर्मी की वजह से धान सूखा और उसके वजन में कमी आई है। सोसाइटियों में जितना भी धान कम हुआ है, उसकी जिम्मेदारी सोसाइटी प्रबंधकों पर आई है। अब प्रबंधकों पर इस बात का दबाव है कि वे प्रति क्विंटल 2300 रुपए के हिसाब से धान जमा कराएं, या उसी अनुपात में राशि जमा करें। ऐसा नहीं करने पर प्रबंधकों के खिलाफ एफआईआर करने की चेतावनी दी गई है। इस मामले को लेकर कई सोसाइटियों के संचालक हाईकोर्ट की शरण में गए हैं।

### सूखत पर प्रबंधकों को नोटिस जारी

राज्य के 33 जिलों में से केवल पांच जिले ही ऐसे हैं जहां खरीदे गए पूरे धान का उठाव या परिवहन हो चुका है। बाकी सभी जिलों में धान की अलग-अलग मात्रा मौजूद है। जिन जिलों से धान का उठाव पूरा हो चुका है उनमें जांजगीर चांपा,धमतरी,कोरिया,सरगुजा, और सूरजपुर शामिल है। जिन सोसाइटियों में अब तक सूखत की वजह से धान में कमी आई है वहां प्रबंधकों से 2300 रुपए प्रति क्विंटल के हिसाब से राशि लिए जाने की नोटिस दी गई है। इस हिसाब से अभी बचा हुआ धान लगभग 211 करोड़ रुपयों का होता है। 2300 के हिसाब से इसकी कीमत 211 करोड़ रुपए होती है। अगर बारिश से ये पूरा धान खराब होता है तो इसकी जिम्मेदारी भी सोसाइटियों के प्रबंधकों पर होगी।

## खबर संक्षेप

### प्रदेश कुर्मी क्षत्रिय समाज के पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण व सम्मान समारोह 29 को

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ प्रदेश कुर्मी क्षत्रिय समाज के अध्यक्ष सांसद विजय बघेल के निर्देशन एवं दुर्ग जिला अध्यक्ष सुनील चंद्राकर के संयोजन में आगामी 29 मई गुरुवार को छत्तीसगढ़ प्रदेश कुर्मी क्षत्रिय समाज जिला दुर्ग के नवनियुक्त पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण एवं नवनिर्वाचित जनप्रतिनिधियों का सम्मान समारोह महात्मा गांधी कला मंदिर सिविक सेंटर भिलाई नगर में सुबह 10.30 से संध्या 5 बजे तक आयोजित जाएगा। कार्यक्रम में समाज के प्रतिष्ठित राजनीतिक दायित्व प्राप्त किए गणमान्यजनों का भी सम्मान किया जाएगा। आयोजन में प्रदेशभर के सामाजिक पदाधिकारीगण सम्मिलित होंगे। कार्यक्रम में रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति भी होगी।

### अजीत जोगी की प्रतिमा के लेकर चल रहा विवाद थमा




**पेंड्रा।** गौरेला में पूर्व मुख्यमंत्री स्वर्गीय अजीत जोगी की मूर्ति हटाने और पुनर्स्थापना को लेकर चल रहा विवाद फिलहाल शांत हो गया है। ज्योतिपुर तिराहे पर मूर्ति स्थापना के मुद्दे पर प्रशासन और जोगी समर्थकों के बीच सहमति बनने के बाद मूर्ति को अभी उसी स्थान पर सुरक्षित रखने का निर्णय लिया गया है। विवाद की शुरुआत तब हुई जब प्रशासन ने जोगी समर्थकों को ज्योतिपुर चौक में मूर्ति पुनर्स्थापित करने से रोक दिया। एसडीएम ऋचा चंद्राकर के नेतृत्व में पुलिस और प्रशासन की टीम ने स्थिति को नियंत्रित किया और स्पष्ट किया कि मूर्ति स्थापना के लिए नियमों के तहत अनुमति आवश्यक है। पूर्व मुख्यमंत्री के बेटे अमित जोगी ने मंगलवार रात से समर्थकों के साथ धरने पर बैठ गए। इस मामले में पूर्व विधायक रेणु जोगी ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से शिकायत की है, वहीं मुख्यमंत्री ने मामले की जानकारी के लिए स्थानीय प्रशासन को तलब किया है।

### लड़की का दैहिक शोषण, धर्म परिवर्तन के लिए बनाया दबाव

**भिलाई।** भिलाई में युवती से 9 साल तक दैहिक शोषण किए जाने का मामला प्रकाश में आया है। युवती ने खुद मीडिया के सामने आकर इस पूरे घटना की जानकारी दी है। युवती ने इस मामले में पुलिस से भी शिकायत की है, जिसके आधार पर पुलिस ने अपराध दर्ज कर लिया है। पुलिस ने बताया कि युवती जब नाबालिग थी, वह आरोपी बादशाह खान नामक युवक के संपर्क में आई थी। बात साल 2016 की है। युवती की मुलाकात भिलाई हॉस्पिटल सेक्टर स्थित सड़क नंबर 9 निवासी बादशाह खान (28) से हुई थी। दोनों के बीच नजदीकियां बढ़ी। उसे गौ-मांस खिलाकर धर्म परिवर्तन के लिए मजबूर किया गया, ऐसा नहीं करने पर मारपीट की गई। उसका 2 बार अबॉर्शन कराया। इसके बाद जब बच्चा हुआ तो उसकी मर्जी के बिना 5 साल के मासूम का खतना करा दिया गया। युवती ने पुलिस को बताया कि कोर्ट में उसका केस चल रहा है। वह दूसरे जिले की रहने वाली है।

## अपराध: भिलाई के छावनी थाना में दर्ज हुआ मामला

# चारामा के डॉक्टर ने सामाजिक दंड की प्रताड़ना से तंग आकर लगाई थी फांसी, 9 आरोपी गिरफ्तार

चारामा के ग्राम पुरी में आयुर्वेद चिकित्सक डॉ. बी राठौर के आत्महत्या के मामले में छावनी पुलिस ने 9 लोगों को गिरफ्तार की है। सुसाइड नोट में मिले साक्ष्य के आधार पर पुलिस ने मामले में जांच की। जांच में खुलासा हुआ कि आरोपियों ने षड़यंत्र रचकर छज्जे में चढ़कर डॉक्टर का एक युवती के साथ वीडियो बनाया।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई/कांकेर

इस वीडियो के माध्यम से वे डॉक्टर को ब्लैकमेल करने लगे। उससे 5 लाख रुपए की डिमांड की गई। उसे पैसों के लिए लगातार प्रताड़ित किया जा रहा था। इसके चलते वह भिलाई में अपने रिश्तेदार के घर आकर रहने लगा। इस दौरान टाटालाइन में उसने 17 मई की रात फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू की। जांच के दौरान मृतक का सुसाइड नोट व मृतक का हस्तलिखित पत्र जब्त किया गया।

- मामले में जल्द ही और गिरफ्तारियों की संभावना

हरिभूमि लगातार

मृतक के परिजन, पत्नी द्वारा मृतक के मृत्यु के संबंध में एक लिखित आवेदन पेश किया गया। पूछताछ शुरू हुई। पता चला कि सामाजिक बैठक में शामिल व्यक्तियों ने मृतक का युवती से बंद कमरे में मिलते समय का अश्लील वीडियो बनाकर उसे वायरल करने की जानकारी मिली। सामाजिक बैठक में दंड स्वरूप 5 लाख की डिमांड की गई। इससे विचलित होकर मृतक ने फांसी लगाकर खुदकुशी की। इस पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धारा 238, 3(5), बीएनएस, 67 बी आईटीएक्ट के तहत कार्रवाई की।


आपत्तिजनक वीडियो हुआ वायरल

कांकेर के डॉक्टर ने भिलाई में लगाई फांसी




आपत्तिजनक वीडियो सोशल मीडिया में वायरल, पुलिस जांच में जुटी

### पकड़े गए आरोपी

पुलिस जांच के बाद पकड़े गए आरोपियों में आशीष पिता नरेश यादव राजापारा पुरी, सचिन पिता राजकुमार हिड़को स्कूल पारा पुरी, रितेश उर्फ सोनू पिता सेवकराम नरेटी पटेलपारा रामपुर, डिगेश पिता लोकनाथ सिन्हा मयाना, अनिल पिता लतखोर राम सिन्हा बाजार पारा पुरी, सतीश पिता छन्नुलाल साहू नियानी, शत्रुघन पिता पंचनाम सिन्हा पुरी राजापारा, कान्हा उर्फ कन्हैया पिता अनिल मरकाम जेल कॉलोनी जगदलपुर, नवीन पिता हिरेन्द्र निर्मलकर बोरिद कला बालोद शामिल है। आरोपियों से पूछताछ की गई है। आरोपियों के मोबाइल से मृतक डॉक्टर व लड़की, डॉक्टर के आवास का वीडियो भी मिला है। बहरहाल पुलिस की जांच जारी है।

## सीसीटीवी फुटेज ने खोला राज़, गिरफ्तार

# इंजीनियर ने पत्नी को कुचला जिंदा थी तो राड से मार डाला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दल्लीराजहरा



समीपवर्ती क्षेत्र की एक शिक्षिका की निर्मम हत्या ने पूरे इलाके को झकझोर कर रख दिया है। दल्लीराजहरा थाना क्षेत्र से सामने आई इस सनसनीखेज वारदात में एक पति ने अपने गुस्से और बदले की भावना में अपनी ही पत्नी की जान ले ली और वो भी बेहद योजनाबद्ध तरीके से। मृतका बरखा वासनिक उम्र 35 डौंडी विकासखंड के शेरपार हायर सेकेंडरी स्कूल में शिक्षिका थीं। पति शिशपाल वासनिक छत्तीसगढ़ बिजली विभाग में इंजीनियर है। पुलिस ने हत्या के आरोप में इंजीनियर गिरफ्तार कर लिया है।

22 मार्च की दोपहर, स्कूल की छुट्टी के बाद बरखा अपने एक सहकर्मी प्यून के साथ स्कूटी से दुर्ग लौट रही थीं। हितेकसा गांव के पास मंदिर के सामने अचानक एक बोलेरो वाहन ने उन्हें तेज़ टक्कर मार दी। दोनों बुरी तरह घायल हो गए। चश्मदीदों के अनुसार, हादसे के बाद भी बरखा की सांस चल रही थी। बोलेरो से उतरकर शिशपाल ने मौके पर ही घायल पत्नी पर लोहे की रॉड से ताबड़तोड़ वार किए, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई।

### प्लानिंग से मर्डर तक

पुलिस जांच में सामने आया कि शिशपाल ने इस हत्या की साजिश पहले ही रच ली थी। उसने कई दिनों तक बरखा की दिनचर्या और रूट का अध्ययन किया और फिर मौके पर वारदात को अंजाम दिया। पुलिस ने उसके एक सहयोगी को भी गिरफ्तार किया है, जो वारदात में शामिल था। कुछ अन्य संदिग्धों से पूछताछ जारी है।

### आरोपी गिरफ्तार किया गया: एएसपी

एएसपी मोनिका ठाकुर ने बताया कि, हमने तकनीकी साक्ष्यों और गवाहों की गवाही के आधार पर शिशपाल को गिरफ्तार कर लिया है। हत्या पूरी तरह से पूर्व नियोजित थी। हम मामले की गहराई से जांच कर रहे हैं और अन्य संभावित सहयोगियों की भी तलाश की जा रही है।

### सड़क हादसे से हत्या तक, जांच में खुला राज

शुरुआती जांच में यह एक सामान्य सड़क दुर्घटना लगी, लेकिन मृतका के परिजनों को कुछ गड़बड़ महसूस हुआ। उनकी शिकायत के बाद जब पुलिस ने गहराई से जांच शुरू की, तो सीसीटीवी फुटेज, बोलेरो नंबर और गवाहों की जानकारी से पूरे मामले की परतें खुलने लगीं। पुलिस के अनुसार, पति-पत्नी के बीच लंबे समय से रिश्ते तनावपूर्ण थे। बरखा अपने बच्चों के साथ दुर्ग में अलग रह रही थीं, जिससे शिशपाल बेहद नाराज़ था।

## मृतिका के परिजन ने अपनाया है ईसाई धर्म : ग्रामीण

# गांव में दफन करने नहीं दिया महिला का शव, परिजनों ने सड़क पर रखा



हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरूर

ग्राम सनौद मे सोमवार को एक महिला की मौत के बाद शव को दफनाने को लेकर विवाद खड़ा हो गया। दरअसल मृतक महिला व उसके परिजन ईसाई धर्म अपना चुके थे। सामाजिक व ग्रामीण स्तर पर उन्हे मुख्य धारा में लाने का प्रयास किया जा रहा था लेकिन वे ईसाई धर्म ही अपनाये हुए थे। महिला की मौत के बाद परिजन उसके अंतिम संस्कार ईसाई परंपरा से करना चाह रहे थे, लेकिन ग्रामीणो ने ग्राम के मुक्तिधाम मे उसका अंतिम संस्कार करने का विरोध किया। जिससे गांव में विवाद खड़ा हो गया।

ग्रामीणों का आरोप था कि मृतका का परिवार ईसाई धर्म अपना चुका है। गांव के रीति रिवाजों को नहीं मानता, इसलिए ग्रामीणों का कहना था कि जब तुम ईसाई धर्म अपना चुके हो तो उन्हीं के कब्रिस्तान में अंतिम संस्कार करो। गांव के मुक्तिधाम में दफनाने की अनुमति नहीं दी जाएगी। उनका कहना था कि सनोद गांव मे करीब सात परिवारों के सदस्य ईसाई धर्म के अनुयायी है।

### धमतरी में दफनाया गया

मामला बढ़ता देख गुरूर पुलिस तथा प्रशासन द्वारा ग्रामीणों को समझाने का प्रयास किया गया। लेकिन ग्रामीण नहीं माने। अंत मे प्रशासन और परिजनों ने आपसी सहमति से शव को धमतरी स्थित ईसाई कब्रिस्तान ले जाकर अंतिम संस्कार करने का फैसला किया। वहीं परिजनों ने भविष्य मे इस प्रकार की स्थिति से बचने के लिए मसीही समाज के लिए अलग कब्रिस्तान के लिए शासन से जमीन की मांग की।

### गांव में माहौल शांतिपूर्ण: एएसपी

एएसपी मोनिका ठाकुर ने बताया कि मृतिका का परिवार ईसाई रीति-रिवाज से महिला का अंतिम संस्कार करना चाहते थे। ग्रामीणों ने इसका विरोध किया। मृतिका के परिजन शव को धमतरी कब्रिस्तान ले गए। वर्तमान में गांव में स्थिति शांतिपूर्ण है।

### विवाद पर सड़क पर रखा शव

बता दें, सनौद की रहने वाली सुकुन बाई साह 56 वर्ष का निधन सोमवार को हुआ था। परिजन शव को गांव लाकर ईसाई विधि से दफनाना चाहते थे। लेकिन ग्राम के ग्रामीणों ने इसका विरोध किया। तनाव इतना बढ़ा कि मृतका के पति और अन्य परिजन शव को कुछ समय के लिए सड़क पर छोड़कर चले गए।

# बसवराजू और आंध्र के अन्य नक्सलियों के परिजनों के पास नहीं था कोई प्रमाणिक साक्ष्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर



अबुझमाड़ मे नक्सल चीफ बसव राजू समेत आंध्र,तेलंगाना के 5 बड़े नक्सलियों का मारा जाना बड़ी उपलब्धि है। लगभग 5 से 7 सुरक्षा लेयर में रहने वाला नक्सली लीडर का मारा जाना यह दर्शाता है कि उनके पास अब लड़ाकों की भारी कमी हो गई है। आईजी सुंदरराज पी ने मंगलवार को शौर्य भवन में कुछ पत्रकारों से चर्चा यह बात कही। उन्होंने कहा सचिव बनने के बाद बसव राजू का 2018 से बस्तर में आने की सूचना है । वह 2013 में झीरम कांड में भी नामजद आरोपी है। अबुझमाड़ में मारे गए आंध्रपदेश और तेलंगाना के 5 नक्सलियों के मारे जाने के बाद उनके परिजनों के नारायणपुर आने के बावजूद शव नही सौंप कर यही जंगल में अंतिम संस्कार किये जाने के सवाल पर उन्होंने कहा कि उनके पास कोई पुख्ता प्रमाण नही था। नक्सली बसव राजू का भाई तथा बच्चे की तरह पालने की बात कहने वाले के पास खुद का तो आधार कार्ड और अन्य प्रमाण था लेकिन मारे गये नक्सली के रिश्तेदार होने का कोई साक्ष्य नहीं था। वहां के किसी सक्षम अधिकारी या जनप्रतिनिधी का कोई प्रमाणिक दस्तावेज भी नहीं था।

- करेंगुटालु पहाड़ में माओवादियों का था बहुत बड़ा खतरनाक हथियार बनाने का अड्डा

### दूरी कम होने से मारे जा रहे बड़े नक्सली

आईजी ने कहा कि भौगोलिक दृष्टि से बस्तर काफी बीहड़ और दुर्गम क्षेत्र है । जहां नक्सलियों को तलाशने में लंबी दूरी तय करनी पड़ती थी । साथ ही सड़क की सुविधा भी पहले नहीं थी। जगह जगह कैंप खुलने से उन तक पहुंचना आसान हुआ है। यही कारण है कि अब नक्सलियों को निशाना बनाने में फोर्स को कम समय और दूरी तय करना पड़ती है।

### करेंगुटालु पहाड़ के 60 किलोमीटर को तय करने में लगे 20 दिन

आईजी ने कहा कि करेंगुटालु पहाड़ में नक्सलियों ने आंतक मचाने के लिए न केवल विस्फोटक सामान रखे थे बल्कि लेथ मशीन आदि रखकर हथियार भी बना रहे थे। आमतौर पर पुलिस एक दिन में 15- 20 किलोमीटर दूरी तय कर लेती है लेकिन यहां एक दिन में मात्र 3 किलोमीटर ही चल सके। 60 किलोमीटर पहाड़ क्षेत्र को तय करने में 20 दिन लगे। इसका कारण जगह जगह आईईडी लगाना और पहाड़ में सुरंग खोदकर विस्फोटक सामान रखना था। हमारे 18 जवान आईईडी के चपेट में आये जिसमें 4 जवानों के पैर कट गये।

## दो घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद पाया काबू, लमगांव पुल के समीप हुई घटना

# डीजल टैंकर पलटा, शॉर्ट सर्किट से लगी भीषण आग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबिकापुर

मंगलवार की सुबह एनएच 43 पर डीजल से भरा टैंकर अनियंत्रित होकर पलट गया। टैंकर के पलटने के कुछ ही देर में टैंकर में आग लग गई। लमगांव पुल के सामीप हुई इस घटना के बाद क्षेत्र में हड़कंप मच गया। दुर्घटना के बाद भीषण आग और धुंए का गुबार कई किलोमीटर दूर से नजर आ रहा था। गनीमत रही की समय रहते चालक परिचालक ने कूदकर अपनी जान बचाई।

घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस व दमकल विभाग की टीम ने दो घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। दुर्घटना के बाइक चालक को बचाने के चक्कर में होने की बात कही जा रही है। बताया जा रहा है कि टैंकर क्रमांक एपी 39 यूएन 5777 का चालक बिहार के सिवाना निवासी शमीम अख्तर व परिचालक टैंकर में मुगलसराय से डीजल लेकर रायगढ़ जा रहा था। इस दौरान एनएच 43 पर रघुनाथपुर थाना अंतर्गत ग्राम लमगांव पुल के के समीप मोड़ पर विपरीत दिशा से तेजी से आ रहे बाइक सवार को बचाने के लिए चाक ने टैंकर को मोड़ दिया। टैंकर की रफ्तार अधिक होने के कारण चालक वाहन को नियंत्रण नहीं कर पाया और डीजल लोड टैंकर एनएच किनारे पलट गया। टैंकर के पलटने के बाद चालक और परिचालक किसी तरह कांच तोड़कर बाहर निकले। इसी बीच टैंकर पलटने से सड़क और डीजल फैल गया और टैंकर में हुए शार्ट सर्किट के कारण आग लग गई। डीजल टैंकर में लगी आग ने देखते ही देखते विकराल रूप ले लिया। गनीमत रही कि आग लगने से पहले चालक परिचालक बाहर आ गए थे। आग लगने के बाद दोनों ने भागकर अपनी जान बचाई।



### 200 लीटर फोम कम्पाउंड खर्च

टैंकर में आग लगने के बाद आग व धुंए का गुबार कई किलोमीटर दूर से ही नजर आ रहा था। दुर्घटना के बाद एनएच पर आवागमन ठप हो गया और सड़क के दोनों ओर वाहनों की कतार लग गई। इस दौरान घटना की सूचना मिलने के बाद दमकल की दो वाहनों के साथ ही पुलिस विभाग के वज्र वाहन को बुलाया गया। मौके पर तीन दमकल वाहनों के साथ ही 200 लीटर फोम कम्पाउंड की मदद से आग पर काबू पाया गया। बताया जा रहा है कि एक बार दमकल की टीम ने आग पर काबू पा लिया था लेकिन अंदर ही अंदर फिर से आग बढ़ गई। ऐसे में दमकल विभाग की आग पर काबू पाने में लगभग दो घण्टे का समय लग गया। आग बुझने के बाद पुलिस विभाग द्वारा यातायात को बहाल किया गया।

हरिभूमि
छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी

# 15 गांव के 2519 परिवार होंगे प्रभावित, रोजी-रोटी पर भी संकट

### प्रभावित लोगों को मिले पर्याप्त मुआवजा

पोलावरम बांध से सुकमा जिला के जितने भी लोग प्रभावित हो रहे है, उन प्रभावित लोगों का सबसे पहले विस्थापन की व्यवस्था होना चाहिए। लोगों को जो नुकसान हो रहा है उसका मुआवजा मिलना चाहिए, जो तटबंध बनाने की बात कही जा रही है। इससे डुबान की स्थिति उत्पन्न नहीं होगी हम नहीं मानते। जो छग के हमारे लोग प्रभावित हो रहे हैं, उन्हें सही मायने में पर्याप्त मात्रा में विस्थापन के साथ पुरा सहायता मिलना चाहिए। जिसको लेकर सरकार पहले से ही इस विषय को गंभीरता से ले रही है।

- धनीराम बारसे
जिला अध्यक्ष, भाजपा सुकमा



■ राज्य-केंद्र सरकार इनके विस्थापन पर करेंगी मंथन





# दोरला जनजाति के अस्तित्व पर संकट

**लंबे समय से राज्यों के बीच में है विवाद की स्थिति**

**हरिभूमि लगातार**

रफीक खान ▶▶| कोंटा

दक्षिण भारत की महत्वाकांक्षी बहुद्देशीय पोलावरम परियोजना को लेकर 28 मई को एक उच्च स्तरीय बैठक दिल्ली में रखी गई है। बैठक की अध्यक्षता प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी करेंगे, जिसमें आंध्रप्रदेश, तेलंगाना, उड़ीसा और छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्रियों के साथ केंद्रीय जल शक्ति मंत्रालय, केंद्रीय जल आयोग और पोलावरम प्राधिकरण के अधिकारी शामिल होंगे। इस बैठक में मुख्य रूप से डुबान क्षेत्र के आदिवासी जनजाति के विस्थापन और पुनर्वास जैसे जटिल मुद्दों पर चर्चा होनी है, जो लंबे समय से दो राज्यों के बीच विवाद का कारण बने हुए हैं। इस बैठक में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, सुकमा जिले के कोंटा ब्लॉक मुख्यालय सहित ▶▶|शेष पेज 7 पर

### सर्वे में सामने आई स्थिति

वर्ष 2018-19 में किए गए सर्वे अनुसार गोदावरी के चलते शबरी नदी के बैक वाटर के अंतर्गत आरएल 177 फीट अनुसार कुल 12 गांवों को डुबान में लिया गया था। जिसमें निजी जमीन 1488.41 हेक्टेयर और शासकीय जमीन 1216.38 हेक्टेयर बताई जा रही है। इतने भू-भाग के जलमग्न होने से कुल 2519 घर प्रभावित होने की ▶▶|शेष पेज 7 पर

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

## खबर संक्षेप

### नवमी के छात्र की हार्ट अटैक से मौत



**नवसारी।** गुजरात के नवसारी जिले के तपोवन आश्रमशाला में पढ़ने गए मध्य प्रदेश के 9वीं कक्षा के छात्र की मौत हो गई। 13 साल के मेघ शाह को आधी रात हार्ट अटैक आया था, लेकिन हॉस्टल वाले एसिडिटी समझकर उसे फर्स्ट एड दे रहे थे। ऐसे में मौत हो गई।

### पीएसयू कर्मचारियों को बर्खास्तगी पर पेंशन नहीं



**नई दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम (पीएसयू) के किसी कर्मचारी को बर्खास्त करने या हटाने की स्थिति में उसे सेवानिवृत्ति लाभ नहीं मिलेंगे। इस तरह की बर्खास्तगी या हटाने के फैसले की समीक्षा संबंधित प्रशासनिक मंत्रालय करेगा।

### जहाज डूबने के बाद तटों पर नहीं पहुंचा तेल



**कोच्चि।** भारतीय तटरक्षक बल ने मंगलवार को कहा कि दो दिन पहले केरल के तट पर डूबे लाइबेरियाई मालवाहक जहाज से तेल रिसकर राज्य के तटों तक नहीं पहुंचा है। जहाज़ के डूबने से हुए तेल रिसाव से निपटने के लिए तटरक्षक बल द्वारा प्रयास किए जा रहे हैं।

### 24.47 करोड़ की मेफेड्रोन जब्त, छह गिरफ्तार



**मुंबई।** मुंबई पुलिस ने तीन महीने के दौरान की गई छापेमारी में 24.47 करोड़ रुपए मूल्य की 12.6 किलोग्राम मेफेड्रोन (एमडी) जब्त की है और छह लोगों को गिरफ्तार किया है। छापेमारी मुंबई, नवी मुंबई और पड़ोसी रायगड जिले के कर्जत में की गई।

# जून में आग नहीं, बरसेगा पानी, छत्तीसगढ़ महाराष्ट्र में होगी सामान्य से ज्यादा बारिश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

मौसम विभाग के मुताबिक जून में देश भर में सामान्य से अधिक 108 प्रतिशत बारिश होगी। पिछली बार के मुकाबले इस बार 105 प्रतिशत बारिश का पूर्वानुमान किया गया था, लेकिन अब बताया जा रहा है कि पूरे मॉनसून सीजन (एक जून से 30 सितंबर तक) में 106 प्रतिशत बारिश हो सकती है। जानकारी के मुताबिक मध्य भारत, दक्षिण प्रायद्वीप में सामान्य से अधिक बारिश होगी। वहीं, उत्तर पश्चिम भारत में सामान्य बारिश होने का अनुमान है। पूर्वोत्तर भारत की बात करें तो यहां सामान्य से कम बारिश होगी। जून के महीने में देश के अधिकांश भागों में सामान्य या सामान्य से अधिक बारिश होगी। हालांकि, प्रायद्वीप, पूर्वोत्तर के कुछ हिस्सों में सामान्य ▶▶|शेष पेज 7 पर

*मौसम की एकदम सटीक भविष्यवाणी के लिए भारत ने सवदेशी भारत फोरकास्ट सिस्टम लॉन्च कर दिया है। इसके जरिए मौसम की ट्रैकिंग भी शुरू हो गई है। आज इस नए सिस्टम के जरिए ही मौसम की भविष्यवाणी की जा रही है। इस बीच मौसम विभाग ने बताया है अगले महीने जून में हीट वेव नहीं चलेगी। इसके साथ ही कोर जोन यानी खेती प्रधान राज्यों में मॉनसून के सामान्य से अधिक रहने की संभावना है। मानसून कोर जोन में छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, ओडिशा और आसपास के इलाके शामिल हैं।*

## इसी महीने जगदलपुर में दस्तक दे सकता है मानसून

### प्री मॉनसून में सामान्य से ज्यादा बारिश

बताया जा रहा है कि प्री मॉनसून सीजन में सामान्य से अधिक बारिश हो चुकी है। जून में न्यूनतम तापमान देश के अधिकांश हिस्सों में सामान्य से ज्यादा रहेगा। यानी रात के समय ज्यादा गर्मी होगी। मानसून की रफ्तार 3 से 4 दिन इसी तरह रह सकती है।



### इधर ऐसा हाल

**मुंबई में बारिश ने मचाई तबाही :** समय से पहले आए मानसून ने केरल और महाराष्ट्र में भारी तबाही मचाई हुई है। मुंबई में तो झमाझम बारिश हो रही है। बारिश के चलते लोगों का जनजवीन अस्त-व्यस्त हो गया है। जगह-जगह पानी भरा हुआ है। सड़क, नाली, नाले सब बह रहे हैं। वहीं मेट्रो और रेलवे स्टेशनों का अंदर भी पानी घुस गया है।

**कश्मीर में 100 से अधिक भेड़-बकरियों की मौत :** जम्मू कश्मीर के राजौरी जिले में आकाशीय बिजली गिरने से खानाबदोश परिवारों की 100 से अधिक भेड़-बकरियों की मौत हो गई। यह घटना बुधल उपखंड के ऊंचाई वाले इलाकों में उस समय हुई, जब तेज गरज, ओलावृष्टि और आंधी-तूफान के बीच आकाशीय बिजली एक चरवाहे के शिविर पर गिर गई।

**ओडिशा में अलर्ट :** आईएमडी द्वारा बंगाल की खाड़ी में कम दबाव का क्षेत्र बनने से मौसम का पूर्वानुमान जारी किए जाने के मद्देनजर ओडिशा सरकार ने मंगलवार को सभी जिलों के जिलाधिकारियों को अलर्ट कर दिया। उन्हें मौसम संबंधित घटनाओं से निपटने के लिए तैयार रहने के निर्देश दिये। आंधी, तूफान, ओलावृष्टि, आकाशीय बिजली और बारिश के कारण होने वाले नुकसान की रिपोर्ट तुरंत सरकार को भेजें।

# ताड़मेटला और बुर्कापाल हमले में लूटे हथियार माड़ मुठभेड़ में बरामद



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

नारायणपुर के अबूझमाड़ क्षेत्र में नक्सलियों के सबसे सुरक्षित माने जाने वाले अड्डे पर सुरक्षा बलों ने बीते दिनों अब तक की सबसे बड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया था। इस ऐतिहासिक मुठभेड़ में कुल 27 नक्सली मारे गए हैं, जिनमें 10 करोड़ के ईनामी नक्सल चीफ बसव राजू भी शामिल था। डीआरजी के जवानों ने मुठभेड़ के बाद तलाशी अभियान में बड़ी मात्रा में हथियार बरामद किए। आईजी सुंदरराज पी ने बताया कि अबुझमाड़ मुठभेड़ में बरामद हथियारों में वह अत्याधुनिक हथियार भी शामिल हैं, जो वर्ष 2010 के ताड़मेटला (दंतेवाड़ा), गवादि (नारायणपुर) और 2017 बुरकापाल (सुकमा) ▶▶|शेष पेज 7 पर



■ नक्सल चीफ बसवराजु के खिलाफ अब तक 258 से अधिक आपराधिक मामलों का खुलासा

# डीएमएफ घोटाला : 6 हजार पन्नों की चार्जशीट पेश, रानू-सौम्या, सूर्यकांत समेत 9 आरोपी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ के बहुचर्चित डीएमएफ घोटाला मामले में राज्य आर्थिक अपराध अन्वेषण ब्यूरो ने मंगलवार को राजधानी रायपुर की विशेष न्यायालय में चार्जशीट पेश किया। यह चार्जशीट लगभग 6 हजार पन्नों की है। इस चार्जशीट में कांग्रेस शासनकाल में मुख्यमंत्री की तत्कालीन उपसचिव सौम्या चौरसिया, तत्कालीन कलेक्टर रानू साहू, सूर्यकांत तिवारी, माया वारियर, मनोज द्विवेदी, भुनेश्वर सिंह राज, भरोसा राम ठाकुर, वीरेंद्र राठौर एवं राधेश्याम मिर्झा को आरोपी बनाया गया है। चार्टशीट में इन सभी पर डीएमएफ फंड में आवंटित निविदा राशि में भ्रष्टाचार और वित्तीय अनियमितता कर अपने प्रायोजित प्रोप्राइटर एवं वेंडर के माध्यम से अधिकारियों-कर्मचारियों द्वारा कमीशन ▶▶|शेष पेज 7 पर





रानू साहू | सौम्या चौरसिया | सूर्यकांत तिवारी

■ आर्थिक अपराध अन्वेषण ब्यूरो ने विशेष न्यायालय में पेश की चार्जशीट 75 करोड़ कमीशन लेने का आरोप

### ईडी की गिरफ्त से छूटे तो ईओडब्ल्यू के शिकंजे में फंसे

डीएमएमफ घोटाले की जांच पहले प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने की थी। ईडी की जांच में इस घोटाले को लेकर कई खुलासे किए गए थे। ईडी ने इन सभी 9 आरोपियों के अलावा उनके सहयोगियों के यहां भी छापेमारी कर कई अहम दस्तावेज बरामद किए थे। इन दस्तावेजों के आधार पर ईडी ने आरोप लगाया था कि रानू साहू सहित अन्य अधिकारियों ने अपने पद का गलत इस्तेमाल कर निविदा में कई अनियमितताएं कीं और ऐसे लोगों को ▶▶|शेष पेज 7 पर

### कोरबा जिले में फूटा था डीएमएफ घोटाले का बम

डीएमएफ घोटाले का बम कोरबा जिले में फूटा था। इस जिले में वर्ष 2021-22 एवं 2022-23 में खनिज निधि (डीएमएफ फंड) में आवंटित निविदा राशि में वित्तीय अनियमितता हुई थी। इसके तहत जिन 9 लोगों पर घोटाला करने का आरोप लगा है। उनके द्वारा प्रोप्राइटर व वेंडर के माध्यम से अधिकारियों और कर्मचारियों द्वारा कमीशन के रूप में मोटी रकम ली जाती थी। यह रकम 20 से 40 प्रतिशत तक थी। ईओडब्ल्यू की चार्जशीट के अनुसार लगभग 75 करोड़ रुपए कमीशन के रूप में सभी आरोपियों ने प्राप्त किए थे।




## सड़क किनारे खदान क्षेत्र में कोयला चोरी करने गए थे युवक

# कोयला धंसने से मलबे में दबकर दो युवक की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोरबा

एसईसीएल गेवरा खदान के प्रतिबंधित क्षेत्र में कोयला चोरी कर रहे दो युवकों की कोयले के मलबे में दबने से मौत हो गई। हादसे में एक युवक घायल हो गया। तीनों युवक खदान में 10 फीट गहरा गड्ढा खोदकर कोयला चोरी कर रहे थे,इसी दौरान अचानक कोयला धंसने से दो लोग मलबे में दब गए। सूचना मिलने पर पुलिस व एसईसीएल की रेस्क्यू टीम मौके पर पहुंची जिसके बाद आनन फानन में रेस्क्यू का काम शुरु किया गया। लगभग 7 घंटे के बाद मलबे में दबे दोनों युवकों का ▶▶|शेष पेज 7 पर

### ग्रामीणों ने किया चक्काजाम

बताया जा रहा है कि दोपहर लगभग 1 बजे से हादसे में मृत दोनों युवकों के परिजनों व ग्रामीणों ने मुआवजा व निजी कंपनी में नौकरी की मांग को लेकर चक्काजाम शुरु कर दिया। इस दौरान कटघोरा विधायक प्रेमचंद पटेल व अन्य जनप्रतिनिधि भी मौके पर पहुंच गए थे।

### आक्रोशित ग्रामीणों ने किया चक्काजाम मुआवजा के बाद चक्काजाम समाप्त



**मृतक के परिजनों को 1-1 लाख मुआवजा :** आखिरकार एसईसीएल गेवरा प्रबंधन द्वारा हादसे में मृत दोनों युवकों के परिजनों को 1-1 लाख रुपए सहायता राशि विधायक श्री पटेल के हाथों प्रदान की गई। साथ ही मृतकों के आश्रितों को निजी कंपनी में नौकरी का आश्वासन दिया गया। जिसके बाद आक्रोशित ग्रामीणों ने चक्काजाम समाप्त कर दिया।

### सुरक्षा पर सवाल

खदान क्षेत्र में हुए इस हादसे ने एक बार फिर एसईसीएल की सुरक्षा व्यवस्था पर सवालिया निशान खड़ा कर दिया है। खदान क्षेत्र के आसपास दिन दहाड़े कोयला चोरी होना और प्रबंधन व पुलिस द्वारा कोई कार्यवाही ना करना सवालों को जन्म दे रहा है। दूसरी ओर खदान से प्रभावित ग्रामीण भी बार बार की समझाइश के बाद भी खदान के प्रतिबंधित क्षेत्र में जाने और कोयला चोरी करने से बाज नहीं आ रहे हैं।

# किसी जमीन को नहीं छूता है ये सागर, लहरों तक का शोर नहीं है यहां, तैरता हुआ जंगल है इसके अंदर!

**न्यूयार्क।** एक सागर आप किसे कहेंगे? समुद्री इलाका या खास तरह के जगह घिरा हो या तो हर तरफ जमीन से या फिर कुछ ओर जमीन से बाकी हिस्सा किसी महासागर के किनारे आदि से! पर क्या आपने किसी ऐसे सागर के बारे में सुना है जो कि किसी जमीन को नहीं छूता है। वह ना तो किसी देश की भौगोलिक सीमा के पास है, ना ही वह किसी महासागर की सीमा के पास है। वह महासागर के बीच में हैं और फिर भी उसे एक अलग सागर का नाम दिया गया है। अटलांटिक महासागर में मौजूद यह इलाका खास वजह से अलग ही सागर है। सर्गासो सागर कई कारणों से विशेष है, जिसे आज संरक्षण की भी जरूरत है।

### महासागर के बीच में एक सागर?

अटलांटिक महासागर में सर्गासो सागर सागर एक रहस्य की तरह छिपा है। यह फ्लोरिडा से 590 मील पूर्व में शांत पानी का क्षेत्र है। लेकिन, आखिर ऐसा क्या खास है कि इसे अलग से सागर माना गया? यह जानने से पहले इसकी सीमाओं की बात कर लें। इसकी सीमाएं अटलांटिक महासागर की वो तेज धाराएं हैं जो इसे घेरे रहती हैं।



### तैरता हुआ, लेकिन घना जंगल

सर्गासम इतना घना है कि पुराने स्पेनिश नाविक डरते थे। क्रिस्टोफर कोलंबस ने 1492 में लिखा था कि उनकी नावें रुक जाएंगी और हवा का झोंका कभी नहीं मिलेगा। यह एक तैरता जंगल है। सर्गासो सागर शांत दिखता है, लेकिन यह भारी काम करता है। गर्मियों में पानी 27-30 डिग्री सेल्सियस तक गर्म होता है। सर्दियों में यह 18-20 डिग्री सेल्सियस तक ठंडा होता है। ये बदलाव पानी को मिलाते हैं।

### शांत रहता है इसका पानी

यानी कि सर्गासम एक शांत पानी की सागर है जो कि उत्तरी अटलांटक में मौजूद है। जी हां! यह वाकई में जमीन को नहीं छूता। नाविक इसे सदियों से पार करते हैं। लेकिन, इसके शांत नीले पानी में प्रवेश का अहसास कम लोग कर पाते हैं। इस सागर की सतह पर सुनहरे-भूरे रंग के समुद्री शैवाल तैरते हैं। इन्हें सर्गासम कहते हैं।

### अलग ही तरह का जीवन

कुछ देर रुकने पर शांति अजीब लगती है। जी हां, यहां कोई लहरें नहीं टकरातीं. कोई पक्षी चट्टानों से नहीं चिल्लाते. लेकिन शैवाल जीवन से भरे हैं। चावल के दाने जितने छोटे झींगे, चमकीली छोटी मछलियाँ, सफेद केकड़े और छोटे कछुए यहाँ रहते हैं। ये कछुए अपनी जिंदगी की पहली यात्रा शुरू करते हैं। कुल मिला कर यह एक अलग ही तरह की महासागरीय दुनिया है। इसलिए यह अलग ही सागर है।

### कचरा जमा हो रहा है सर्गासो सागर में

सर्गासो सागर में कचरा जमा हो रहा है। चार धाराएं हैं। उत्तर अटलांटिक, कैनरी, उत्तर भूमध्यरेखीय और एंटिल्स! ये सभी कचरे को यहां लाती हैं। प्लास्टिक बैग, बोतल के ढक्कन और मछली पकड़ने के जाल यहां जमा हैं। एक सर्वे में प्रति वर्ग किलोमीटर 2,00,000 कचरे के टुकड़े मिले। सर्गासो सागर कमीशन इसे 'जैव विविधता का आश्रय' कहता है। वे जहाजों के रास्ते बदलने की सलाह देते हैं। मछली पकड़ने पर रोक की मांग है। लेकिन, यह सागर किसी देश का नहीं है, इसलिए इसे बचाना मुश्किल है।

---

**रोचक खबरें**

## दुनिया का सबसे बदबूदार पक्षी अंदर से आती है गोबर जैसी गंध



**लंदन।** प्रकृति कितनी अनोखी है, अगर आपको ये समझना है तो उसके द्वारा बनाए गए अनोखे जीव-जंतुओं को देख लीजिए जो किसी अजूबे से कम नहीं होते. प्रकृति ने उन्हें खास विशेषताएं दी हैं, जिनकी मदद से वो सर्वाइव करते हैं और अपनी रक्षा करते हैं। आज हम ऐसे ही एक अनोखे पक्षी के बारे में बताने जा रहे हैं, जिन्हें दुनिया का सबसे बदबूदार पक्षी माना जाता है। वो इसलिए, क्योंकि इसके अंदर से गोबर जैसी बू आती है। इस पक्षी का नाम है होआटज़िन, जो एक फ़ीज़ेंट की तरह दिखता है। ये दुनिया का एकमात्र ऐसा पक्षी है जो अपना भोजन फर्मेंट (किण्वन) करता है। असामान्य पाचन तंत्र की वजह से इस पक्षी को दुनिया का सबसे बदबूदार पक्षी भी माना जाता है।

### इस वजह से आती है गंध

होआटज़िन एकमात्र ज्ञात पक्षी प्रजाति है जिसके पास गायों जैसा फोरगट फर्मेंटेशन सिस्टम है, जो महत्वपूर्ण मात्रा में मीथेन गैस को लगातार डकार लेने के साथ रिलीज करता है। ये बदबूदार डकारें और मल की वजह से ही इस पक्षी के अंदर ऐसी गंध निकलती है। अधिकांश पक्षियों में, गले के पास भोजन स्टोर करने वाला पाउच होता है जिसे क्रॉप कहते हैं।

### कम दूरी तक उड़ सकते हैं ये पक्षी

होआटज़िन के गले में मौजूद क्रॉप इतना बड़ा होता है, कि इसकी वजह से पक्षी की उड़ने वाली मांसपेशियों के लिए पर्याप्त जगह नहीं बचती, जिसके चलते वयस्क पक्षी केवल थोड़े समय के लिए ही उड़ान भर सकते हैं। आमतौर पर वो एक पेड़ से दूसरे पेड़ तक यात्रा करने के लिए बने होते हैं। वो एक डाल से दूसरी डाल तक उछलते हैं, इसी वजह से उनके पंख में पंजे बने होते हैं, जो डाल को पकड़े में मदद करते हैं। उनकी गोबर जैसी गंध शिकारियों को दूर रखने में मदद करते हैं।

## नोट से नजर उतार कर पैसे देने का गया रिवाज



**नई दिल्ली।** भारत में डिजिटल पेमेंट अब एक आम बात बन चुकी है। पहले जहां दुकानों और बाजारों में लोग नकद भुगतान करते थे। अब वहीं लोग अपने स्मार्टफोन से क्यूआर कोड स्कैन करके चंद सेकंड में ही पेमेंट कर देते हैं। यह सुविधा न केवल समय बचाती है, बल्कि लोगों को कैश रखने की झंझट से भी मुक्ति दिलाती है। तकनीक के इस जमाने में भारत डिजिटल ट्रांजैक्शन के मामले में काफी आगे निकल चुका है, लेकिन हाल ही में वायरल हुआ एक वीडियो इस तकनीक के बिल्कुल अलग और मजेदार इस्तेमाल को दिखा रहा है। सोशल मीडिया पर इस वायरल हो रहे वीडियो में आपको देखने को मिलेगा कि अब शादियों में भी कैसे फटाफट डिजिटल ट्रांजेक्शन हो रहा है।

### वीडियो वायरल

सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे इस वीडियो में एक शादी की बारात दिखाई दे रही है। इसमें एक शख्स बैंड बजा रहा है और उसके हाथ में एक मोबाइल फोन है, जिसमें एक क्यूआर कोड नजर आ रहा है। तभी एक बाराती आता है और अपने फोन से उस क्यूआर कोड को स्कैन करता है। इसके बाद वह अपना फोन दूल्हे के सिर के ऊपर घुमाता है। ठीक वैसे ही जैसे पहले लोग नकद नोट घुमाकर नेक दिया करते थे। इसके बाद वह अपने मोबाइल में अमाउंट भरता है।

### मेरा देश बदल रहा है

एक यूजर ने कमेंट करते हुए लिखा, 'डिजिटल इंडिया।' वहीं, एक दूसरे यूजर ने कहा, मेरा देश बदल रहा है, आगे बढ़ रहा है। सोशल मीडिया पर लोगों का कहना है कि इस वीडियो को देखकर साफ जाहिर होता है कि भारत में डिजिटल चीजें किस तेजी से लोगों की सोच का भी हिस्सा बन चुकी है। अब सिर्फ खरीदारी ही नहीं, बल्कि शादी-ब्याह रस्में भी डिजिटल हो रही हैं। यह वीडियो न केवल एंटरटेनिंग है, बल्कि यह भी दिखाता है कि भारत तकनीकी रूप से कितनी तेजी से प्रगति कर रहा है और आम लोग भी इसे अपनाने में कितने क्रिएटिव होते जा रहे हैं।

---

# अगर पृथ्वी पर रातें नहीं होतीं तो क्या होता जहां 6 महीने का दिन, वहां कैसे रहते हैं लोग

*लंदन। हम सभी को मालूम है कि पृथ्वी जब अपने अक्ष पर घूमती है तो दिन और रात होते हैं। ये पर्यावरणीय संतुलन के लिए जरूरी भी है, लेकिन क्या कभी आपने सोचा कि अगर पृथ्वी पर रातें होती ही नहीं तो क्या होता। पृथ्वी पर टैंपरेचर हमेशा बढ़ा होता। एक छोर पर खूब गरमी पड़ती तो दूसरी ओर का इलाका बर्फ से लदा होता। हम सभी की जिंदगी पर इसका बहुत असर होता। रात का समय सूर्य की गर्मी को ठंडा करने और पृथ्वी को थर्मल संतुलन बनाए रखने में मदद करता है। बिना रात के पृथ्वी का एक हिस्सा लगातार सूर्य की किरणों के संपर्क में रहता, जिससे तापमान में भारी वृद्धि होती। यह स्थिति ध्रुवीय क्षेत्रों को छोड़कर, जहां सूर्य की किरणें तिरछी पड़ती हैं, अधिकांश क्षेत्रों में असहनीय गर्मी पैदा कर सकती थी।*

## मनुष्य का दिमाग कुंद हो जाता और कई तरह की बीमारियां

### बहुत से जीव-जंतु खत्म हो जाते

पृथ्वी पर जीव-जंतुओं की कई प्रजातियों का जीवन ही दिन-रात के चक्र पर निर्भर हैं। रात की निशाचर प्रजातियां, जैसे उल्लू, चमगादड़ और कुछ कीट रात के अंधेरे में शिकार करते हैं, तभी एक्टिव रहते हैं। रात नहीं होतीं तो इन रात के जीव-जंतुओं की जैविक घड़ी पूरी तरह बिगड़ जाती है। उनकी भोजन खोजने की क्षमता, प्रजनन, और अस्तित्व खतरे में पड़ जाता. हो सकता है कि वो खत्म ही हो जाते। दिन में सक्रिय रहने वाली प्रजातियां भी प्रभावित होतीं। लगातार रोशनी से उनकी नींद और विश्राम का चक्र बाधित होता, जिससे तनाव और स्वास्थ्य समस्याएं बढ़ने लगतीं। बिना रात के उनका पूरा जीवन ही बदल जाता। उनकी भी आबादी में कमी आने लगती।



### फसलें और अनाज कम होने लगते

पौधों के लिए दिन-रात का चक्र उतना ही महत्वपूर्ण है जितना जीव-जंतुओं के लिए। पौधे दिन में प्रकाश संश्लेषण के माध्यम से ऊर्जा उत्पन्न करते हैं, लेकिन रात में वो आराम करते हैं। रात में वो कई तरह की जैव रासायनिक प्रक्रियाएं करते हैं।

### न रात होती, न चांद और न ही उनपर कविताएं

रात का मानव संस्कृति में गहरा महत्व है। कई सभ्यताओं में रात से जुड़े त्योहार, जैसे दीवाली, क्रिसमस की रात और रमजान की रातें सांस्कृतिक और धार्मिक महत्व रखते हैं। बिना रात के ये परंपराएं और उत्सव असंभव हो जाते। रात के समय की कहानियां, कविताएं, और कला जो चाँद, तारों, और अंधेरे से प्रेरित हैं, अपनी प्रासंगिकता खो देतीं।

### अनुसंधान पर खूब पड़ता असर

खगोल विज्ञान और तारों का अध्ययन असंभव हो जाता, क्योंकि रात के अंधेरे के बिना तारे दिखाई नहीं देते। चांद भी नजर नहीं आता। इसका असर से समुद्र में ज्वार भाटों का पैटर्न ही बदल जाता। रात नहीं होने से वैज्ञानिक अनुसंधान पर खूब असर पड़ता। टेलीस्कोप और वेधशालाएं बेकार हो जातीं, क्योंकि सूर्य की रोशनी तारों की चमक को दबा देती। तब कवि लोग चांद की खूबसूरती को लेकर कविताएं नहीं कर पाते।

### पृथ्वी पर कहां 6 महीने की रात और 6 महीने के दिन

पृथ्वी पर कई ऐसी जगहें हैं, जहां 6 महीने की रात और छह महीने का दिन होता है, ये इलाके ध्रुवीय क्षेत्रों में स्थित हैं, विशेष रूप से उत्तरी ध्रुव (आर्कटिक) और दक्षिणी ध्रुव (अंटार्कटिका) के आसपास। इसमें नार्वे, कनाडा, ग्रीनलैंड और अंटार्कटिका के कुछ इलाके आते हैं। यहां सामान्य जीव जंतु नहीं होते। छह महीने की रात और छह महीने का दिन ध्रुवीय भालू और पेंगुइन के अनुकूल हैं। यहां जो लोग रहते हैं वो खुद को इस चक्र के अनुकूल करने की कोशिश करते हैं।

---

**डर से भाग जाते हैं लोग!**

## पहले वेश्यालय था होटल, जहां भटकती है बच्चों की आत्मा

**लंदन।** दुनियाभर में कई ऐसे लोग हैं, जो भूत-प्रेत पर विश्वास नहीं करते हैं। लेकिन, भूतों से जुड़े किस्से और कहानियां अक्सर हमारे सामने आ जाते हैं, जिनके बारे में जानकर डर लगता है। आज हम आपको एक ऐसे होटल के बारे में बताने जा रहे हैं, जो कभी वेश्यालय हुआ करता था। लेकिन, आपको जानकर हैरानी होगी कि इसमें सालों से बच्चों की आत्मा भटकती है। हिम्मत करके कोई अगर रात गुजारने जाता भी है, लेकिन अगले ही पल डर के मारे भाग जाता है। इंग्लैंड के चेस्टर के इस 400 साल पुराने होटल का नाम ये ओल्ड किंग्स हेड है। इसे ब्रिटेन का सबसे भूतिया होटल कहा जाता है। हाल ही में इस होटल से जुड़ी एक वेब सीरीज 'माय हॉन्टेड रिलीज हुई, जिसके बाद होटल की चर्चा फिर से शुरू हो गई। ये ओल्ड किंग्स हेड से जुड़ी वेब सीरीज भले ही अब रिलीज हुई, लेकिन इसकी भूतिया ख्याति पुरानी है। 'मोस्ट हॉन्टेड' और 'स्काई पैरानॉर्मलः कैप्चर्ड' जैसे शो में इस होटल को दिखाया जा चुका है। ट्रिप एडवाइजर पर मेहमानों ने रोशनी के गोले और अजीब आवाजें देखने की बात कही है।



### कैमरों ने एक 'भूत मॉन्क' को पकड़ा

बता दें कि इस होटल में भूत मॉन्क, बच्चों की आवाजें और अपने आप हिलती कुर्सियां साफ-साफ नजर आती हैं। बाकायदा ऐसी घटनाएं सीसीटीवी फुटेज में भी कैद हो जाती हैं। फुटेज को देखना भी डरावना पल होता है। चेस्टर के लोअर ब्रिज स्ट्रीट पर 1622 में बना ये ओल्ड किंग्स हेड कभी वेश्यालय था, जो बाद में सराय बना। सदियों से यहां भूतिया घटनाएं सुनाई देती हैं, जिन्हें अब 'माय हॉन्टेड होटल' सीरीज में दिखाया गया है। 2012 में पैरानॉर्मल उत्साही हैरी अचिलियोस ने इसे खरीदा और 24/7 कैमरों से भूतों की तलाश शुरू की। अब यह 'माय हॉन्टेड प्रोजेक्ट' का हिस्सा है, जो पेनसिल्वेनिया, लिवरपूल और वेल्स में भी भूतिया जगहों की पड़ताल करता है।

### होटल के अंदर लगे हैं 16 नाइट-विजन कैमरे

जांचकर्ता डैनी मॉस कहते हैं, 'हमने हर कैमरा चेक किया, बाहर भी देखा, लेकिन यह आवाज सिर्फ सीढ़ी के कैमरे में थी। यह 100% भूतिया है। होटल में गुड़िया अपने आप शेल्फ से गिरती हैं और कुर्सियां पुराने वेश्यालय वाले हिस्से में हिलती हैं। रूम 5 के पास हाल ही में एक 'सीक्रेट वॉयड'में लकड़ी का डिब्बा मिला, जिसे देखने के लिए गो-प्रो और ड्रिल का इस्तेमाल करना पड़ा। डैनी बताते हैं, 'यह देखकर हम हैरान रह गए।' होटल में 16 नाइट-विजन कैमरे हर पल रिकॉर्ड करते हैं।

---

**19 साल लगेंगे सूर्य के पास पहुंचने में**

## धरती से प्लेन लेकर पायलट उड़े तो शुक्र शनि ग्रह कितने साल में पहुंचेगा?

**वॉशिंगटन।** आज के समय में धरती से स्पेस में प्लेन का सफर संभव नहीं है। अभी तो इसके लिए बड़े बूस्टर वाले लॉन्च व्हीकल की जरूरत होती है। इसे रॉकेट कहते हैं। हालांकि, अगर कॉमर्शियल विमान का धरती से दूसरे ग्रह पर आना-जाना संभव हो जाए तो कितना समय लगेगा? क्या आपने कभी सोचा है। सोशल मीडिया पर जब एक वीडियो शेयर किया गया तो स्पेसएक्स के मालिक एलन मस्क भी खुद को लिखने से रोक नहीं पाए।



### धरती से मंगल कब पहुंचेगा

धरती के करीब मंगल ग्रह पर 900 किमी प्रति घंटे की स्पीड से प्लेन 9.9 साल में पहुंचेगा। धरती से बुध तक पहुंचने में प्लेन को 11.6 साल का समय लगेगा। इसी तरह से धरती से ग्रह की दूरी बढ़ने के साथ ही प्लेन के पहुंचने का समय भी बढ़ जाएगा। धरती से उड़े प्लेन को जूपिटर तक पहुंचने में 79.7 साल का वक्त लगेगा।

### 5.3 साल में पहुंच जाएगा शुक्र ग्रह पर

आइए जानते हैं कि अगर सब कुछ संभव हो जाए तो धरती से प्लेन लेकर उड़े पायलट को शुक्र से लेकर प्लूटो तक पहुंचने में कितना समय लग सकता है। यहां 900 किमी प्रति घंटे की स्पीड भी पहले से माना गया है। अनुमान के मुताबिक धरती से उड़ा प्लेन शुक्र ग्रह पर 5.3 साल में पहुंच जाएगा। दिलचस्प बात यह है कि इन ग्रहों की तुलना में सूर्य के पास पहुंचने में इस प्लेन को केवल 19 साल ही लगेंगे।

### शनि तक पहुंचने में लगेंगे 161.7 साल

धरती से सैटर्न यानी छल्ले वाले ग्रह शनि तक पहुंचने में शायद एक इंसान की पूरी आयु निकल जाए और दूसरा पूरा जीवन भी। हां, 900 किमी की स्पीड से धरती से उड़े प्लेन को शनि तक पहुंचने में 161.7 साल लगेंगे। यूरेनस तक पहुंचने में 345 साल और नेपच्यून तक पहुंचने में 552 साल और प्लूटो पर विमान को लैंड कराने में 744 साल लगेंगे।

---

## 20 साल बाद सोया हुआ ब्लैक होल फिर से एक्टिव, खगोलशास्त्री भी दंग

रात का आसमान कभी शांत माहौल वाली जगह माना जाता था, इक्का-दुक्का हवाई जहाज दिखने के अलावा वहां सुकून नजर आता था। लोग, तारे देखते-देखते रात काट लेते थे। हालांकि तकनीकी दक्षता बढ़ने के साथ बीते कुछ सालों में आसमान ब्रह्मांड की नई-नई खोजों के लिए एक गतिशील कैनवास बन गया है। ज़्विकी ट्रांजिएंट फैसिलिटी जैसी आधुनिक दूरबीनें अब रात के आसमान को बड़ी गहराई से देखकर स्कैन कर रही हैं और उनकी रियल टाइम तस्वीरें भी उतार रही हैं। अचानक उठने वाले प्रकाश और चमक के साथ घटने वाली घटनाओं को कैप्चर किया जा रहा है।



### कुछ न कुछ चलता रहता है ब्रह्मांड में

आसमान में भौगोलीय घटनाओं का चल रहा शो अभी खत्म नहीं हुआ है। ब्रह्मांड में क्या हो रहा है? इसे अब पहले की तुलना में ज्यादा बेहतर तरीके से देखा जा सकता है। दिसंबर 2019 में, खगोलविदों ने देखा कि लंबे समय से शांत एक सर्पिल आकाशगंगा एसडीएसएस 1335+0728 का केंद्र अचानक कई रोशनियों के साथ चमक उठा। करीब 300 मिलियन प्रकाश वर्ष दूर स्थित, इस आकाशगंगा में बीते 20 सालों से अधिक समय तक कोई हलचल या गतिविधि का संकेत नहीं मिला था। अचानक वैज्ञानिकों को पता चलता है कि इस आकाशगंगा का केंद्र एक विशाल ब्लैक होल का घर है जो सूर्य के द्रव्यमान से लगभग 10 लाख गुना बड़ा है और उसमें हलचल दिख रही है। उससे भारी रोशनी और ऊर्जा का प्रवाह दिखता है। यानी दशकों से मृतपाय पड़ा ब्लैक होल फिर से जिंदा हो रहा है। खगोलविदों ने इसकी अलग-अलग तरीकों से जांच की तो उनका ध्यान उस थ्योरी की ओर गया, जहां एक तारा ब्लैक होल के गुरुत्वाकर्षण से अलग हो जाता है। जो ब्लैक होल के जागने का संकेत होता है।

### 4 साल पहले की वो रोशनी

पहले आसमान में जब अचानक कोई रोशनी उठती थी या कोई खौगोलिय घटना होती थी, उसे सही से देख पाना संभव नहीं होता है। कुछ ऐसा ही एक आश्चर्य घटनाक्रम 2019 के अंत में घटा। जब एक शांत आकाशगंगा, एसडीएसएस1335+0728, पृथ्वी से लगभग 300 मिलियन प्रकाश वर्ष की दूरी पर स्थित कन्या नक्षत्र में अचानक चमक उठी।इसके बाद जो जानकारी और तस्वीरें मिलीं उसने खगोलविदों को 5 साल से अधिक समय तक मोहित कर रखा है।

---

## धरती उगल रही सोना, कोर से पिघलकर ऊपर आ रही बेशकीमती धातु

**वॉशिंगटन।** वैज्ञानिकों ने एक चौंकाने वाले अध्ययन में पाया है कि धरती अपनी कोर से सोना और दूसरी कीमती धातुओं को बाहर उगल रही है। साइंस अलर्ट की रिपोर्ट में यह अनुमान लगाया है कि पृथ्वी का 99.99 प्रतिशत से अधिक सोना और कीमती धातुएं 3000 किमी की ठोस चट्टान के नीचे दबी हुई है। ये बेशकीमती संसाधन 4.5 अरब साल पहले हमारी पृथ्वी के निर्माण के बाद से ही इसके अंदर बंद पड़े हैं। हाल ही में जर्मनी की गॉटिंगन यूनिवर्सिटी के वैज्ञानिकों के दल को अमेरिका के द्वीपीय राज्य हवाई की ज्वालामुखीय चट्टानों के अध्ययन के दौरान ये जानकारी मिली है। इस अध्ययन को नेचर पत्रिका में प्रकाशित किया गया है। अध्ययन के दौरान वैज्ञानिकों की टीम ने ट्रस तत्वों का पता लगाने के लिए उन्नत तकनीकों का इस्तेमाल किया। इस दौरान वैज्ञानिकों का बेशकीमती धातु रूथेनियम आइसोटोप का असामान्य रूप से उच्च स्तर पाया, जो पृथ्वी के मेंटल की तुलना में इसके कोर में अधिक प्रचलित है। इससे पता चलता है कि बाहर ज्वालामुखी का जो लावा निकला है वह पृथ्वी के भीतर कोर में बना है।

### कैसे हुआ खुलासा?

यह शोध नेचर में प्रकाशित हुआ है। हाल ही में गॉटिंगेन यूनिवर्सिटी की एक टीम ने हवाई ज्वालामुखीय चट्टानों पर एक रिसर्च किया, जिसमें ट्रेस तत्वों का पता लगाने के लिए उन्नत आइसोटोपिक विश्लेषण तकनीकों और उन्नत मशीनों का इस्तेमाल किया गया। इस दल ने एक बेहद खास किस्म के रूथेनियम आइसोटोप के असामान्य रूप से उच्च स्तर का पता लगाया। इस शोध को लेकर जर्मनी के गॉटिंगेन विश्वविद्यालय के भू-रसायनज्ञ निल्स मेसलिंग ने कहा, 'जब पहले-पहल नतीजे आए, तो हमें महसूस हुआ कि हमने सचमुच सोना खोज लिया है! हमारे डेटा ने पुष्टि की है कि धरती की एक सतह यानी कोर से बहुमूल्य धातुएं जैसे सोना और अन्य कीमती धातुएं ऊपरी मेंटल में लीक हो रही हैं।'



### कुदरत कैसे करती है द्वीपों का निर्माण?

डाटा के विश्लेषण से पता चलता है कि कोर-मेंटल सीमा के पास से सैकड़ों क्वाड्रिलियन मीट्रिक टन अति-उष्णित पदार्थ (अवयव) मौजूद हैं, जो हवाई जैसे महासागरीय द्वीपों का निर्माण करने के लिए अपने आप एक निर्धारित समय पर ऊपर उठते हैं।

### धरती के अंदर से आया सोना

गॉटिंगेन विश्वविद्यालय में भू-रसायन विशेषज्ञ निल्स मेसलिंग ने बताया कि पहले नतीजे आने के बाद उन्हें अहसास हुआ कि उन्होंने सचमुच सोना खोज लिया है। उन्होंने कहा, 'हमारे डेटा ने पुष्टि की कि कोर से जो सामग्री पृथ्वी के ऊपरी मेंटल में लीक हो रही है, उसमें सोना और अन्य कीमती धातुएं शामिल हैं।'

### कोर से सतह पर आ रही सामग्री

अध्ययन में वैज्ञानिकों ने पाया है कि पृथ्वी का कोर पहले की तुलना में अब कम अलग-थलग है। ज्वालामुखी विस्फोट के दौरान कोर सामग्री सतह पर पहुंच रही है। इसने भविष्य में वैज्ञानिक शोधों के लिए नए अवसरों की संभावना बढ़ाई है। शोधकर्ताओं का मानना है कि रूथेनियम आइसोटोप्स कोर-मेंटल संपर्क का अध्ययन करने के लिए एक नए ट्रेसर के रूप में काम कर सकते हैं।

### कोर और मेंटल के बार में नई जानकारी

अध्ययन के सह-लेखक प्रोफेसर मैथियास विलबोल्ड ने निष्कर्षों के महत्व पर जोर दिया और कहा, हमारे निष्कर्ष न केवल यह दर्शाते हैं कि पृथ्वी का कोर उतना पृथक नहीं है, जितना पहले माना जाता था। अब हम यह भी साबित कर सकते हैं कि अति-उच्च तापमान वाली मेंटल सामग्री की विशाल मात्रा कोर मेंटल सीमा पर उत्पन्न होती है और पृथ्वी की सतह पर आकर हवाई जैसे महासागरीय द्वीप बनाती है। स्टडी से यह भी पता चलता है कि दुनिया में खोजा गया कुछ सोना और कीमती धातु असल में पृथ्वी के कोर से पैदा हुई हो सकती है। हालांकि, शोधकर्ता अभी इस बात पर निश्चित नहीं है कि स्टडी में देखा गया कोर से होने वाला लीक पूरे ग्रह पर समान रूप से रहा है या नहीं। लेकिन, इसने हमारी पृथ्वी के अंदर की हलचल को लेकर एक नया नजरिया जरूर दिया है।

## पाकिस्तान, आतंकवाद के बीच अब भेद मिट चुका : प्रसाद



**पेरिस।** भाजपा सांसद रविशंकर प्रसाद ने मंगलवार को कहा कि पाकिस्तान और आतंकवाद के बीच भेद अब मिट चुका है। उन्होंने यह भी रेखांकित किया कि सरकार की नीति के रूप में आतंकवाद पड़ोसी देश के सैन्य शासन का हिस्सा है। फ्रांस के दौरे पर गए सर्वदलीय संसदीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व कर रहे प्रसाद ने फ्रांसीसी मीडिया के साथ बातचीत में पाकिस्तान से उपजे आतंकवाद को कतई बर्दाश्त नहीं करने के भारत के रुख से अवगत कराया। फ्रांस में भारतीय राजदूत के आवास पर आयोजित प्रेस वार्ता के दौरान, प्रतिनिधिमंडल ने आतंकवादियों को दफनाये जाने के दौरान पाकिस्तानी सैन्य अधिकारियों की मौजूदगी की तस्वीरें साक्ष्य के तौर पर पेश कीं और बताया कि किस तरह संयुक्त राष्ट्र द्वारा प्रतिबंधित 52 आतंकवादी संगठनों को पाकिस्तान में पनाह मिली हुई है। प्रसाद ने संवाददाताओं से कहा, 'पाकिस्तान और आतंकवाद के बीच भेद अब मिट गया है।'

## ऑपरेशन सिंदूर को लेकर पीएम मोदी का विपक्ष पर तंज

# 'इस बार सब कैमरे के सामने किया ताकि घर में कोई सबूत न मांगे'

*ऑपरेशन सिंदूर की सफलता के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुजरात के गांधी नगर में मंगलवार को एक कार्यक्रम को संबोधित किया। उन्होंने कहा, 6 मई के बाद जो देखा गया, उसके बाद इसे हम प्रॉक्सी वॉर कहने की गलती नहीं कर सकते। इसका कारण है, जब आतंकियों के 9 ठिकानों को सिर्फ 22 मिनट तबाह कर दिया और इस बार तो सब कैमरे के सामने किया ताकि हमारे घर में कोई सबूत न मांगे।*

एजेंसी ▸▸| गांधीनगर

अब हमें सबूत नहीं देना पड़ रहा, उधर वाला खुद दे रहा है। ऐसा माना जा रहा है कि मोदी का यह बयान विपक्ष पर भी तंज है, क्योंकि उसने उरी आतंकी हमले के बाद पीओके में की गई भारतीय सेना की सर्जिकल स्ट्राइक को लेकर लगातार इसके सबूत मांगे थे। मोदी ने आगे कहा, पाकिस्तान में आतंकियों के जनाजे को स्टेट ऑनर दिया गया, ताबूत पर पाकिस्तानी झंडे लगाए गए, उनकी सेना ने सलामी दी, ऐसे में अब इसे प्रॉक्सी वॉर नहीं कहा जा सकता। आतंकी गतिविधि अब प्रॉक्सी वॉर नहीं बल्कि सोची-समझी रणनीति के तहत युद्ध ही है और उसका जवाब वैसे ही दिया जाएगा।

### लड़ाई में भारत से जीत नहीं सकता और इसीलिए शुरू किया प्रॉक्सी वॉर



गुजरात के गांधी नगर में रोड शो के दौरान प्रधानमंत्री।

### पाक जानता है वह हमसे जीत नहीं सकता

मोदी ने कहा कि पाकिस्तान के साथ जब युद्ध की नौबत आई तो तीनों बार भारत सैन्य शक्ति ने पाकिस्तान को धूल चटाई है। पाकिस्तान समझ गया कि वह लड़ाई में भारत से जीत नहीं सकता और इसीलिए उसने प्रॉक्सी वॉर शुरू किया। आतंकियों को सैन्य प्रशिक्षण देकर भारत भेजता है और निर्दोष लोगों को निशाना बनाया जाता है। पाकिस्तान को जब भी मौका मिला वो मारते रहे और हम सहते रहे. उन्होंने कहा कि हम शांति प्रिय देश हैं लेकिन जब बार-बार हमारे सामर्थ्य को ललकारा जाए तो यह याद रखना चाहिए कि यह देश वीरों की भी भूमि है।

### सिंधु जल-समझौते से साधा निशाना

गांधीनगर में पीएम मोदी ने कहा कि हम सबका भला चाहते हैं और मुसीबत में मदद भी करते हैं। लेकिन बदले में खून की नदियां बहती हैं। देश को कैसे बर्बाद किया गया है, इसका एक उदाहरण सिंधु जल समझौता है। उसकी बारीकी में जाएंगे तो आप लोग चौंक जाएंगे। इस समझौते में तय हुआ है कि जम्मू कश्मीर की नदियों पर बने बांधों की सफाई का काम नहीं किया जाएगा। सफाई के लिए इन बांधों के गेट 60 साल तक नहीं खोले गए, जिसमें 100 फीसदी पानी भरना चाहिए था, उसकी क्षमता कम होते-होते दो से तीन फीसदी रह गई। उन्होंने कहा कि क्या देशवासियों को उनके हक का पानी नहीं मिलना चाहिए था। हमने अभी ज्यादा कुछ किया नहीं है और उनके पसीने छूट रहे हैं। हमने अभी सिर्फ बांध थोड़े से खोलकर कूड़ा-कचरा निकाला है और इतमें में वहां बाढ़ आ गई है।

# 'प्रेम चोपड़ा की तरह डायलॉग मार रहे पीएम, गंभीर सवालों का जवाब नहीं दे रहे'

हरिभूमि न्यूज ▸▸| नई दिल्ली

कांग्रेस नेता पवन खेड़ा ने अप्रैल में पहलगाम में हुए आतंकी हमले सहित देश में हाल के कुछ सालों में हुए बड़े आतंकवादी हमलों में शामिल आतंकियों को ना पकड़ पाने के लिए सरकार पर हमला बोला है। खेड़ा ने कहा है कि देश को अब तक कुछ महत्वपूर्ण सवालों के जवाब नहीं मिले हैं, जिनमें से एक यह है कि पाकिस्तान के साथ किन शर्तों पर सीजफायर के लिए समझौता हुआ। कांग्रेस नेता ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर तंज कसते हुए यह भी कहा है कि वह फिल्मी डायलॉगबाजी कर रहे हैं। पवन खेड़ा ने मंगलवार को दिल्ली एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा, 'ये कोई मजाकिया विषय नहीं है। जिस तरह से वह कभी प्रेम चोपड़ा की तरह, कभी परेश रावल की तरह, डायलॉग मार रहे हैं। कभी सिंदूर को लेकर, कभी रगों में बहने वाले खून को लेकर, गोली खाओ, रोटी खाओ, ये प्रधानमंत्री हैं? क्या ये प्रधानमंत्री हैं अपने देश के?'

### कांग्रेस ने प्रधानमंत्री मोदी पर साधा निशाना



### कांग्रेस के सवाल

खेड़ा ने पूछा, हाफिज सईद और मसूद अजहर जैसे आतंकी कैसे बच निकले। आज तक हमें इसका जवाब नहीं मिला है कि 2023 में पुंछ में जो आतंकियों ने किया, 2 अक्टूबर 2024 को गांदरबल में जो किया, अप्रैल 2025 में पहलगाम में जो किया , उनका क्या हुआ और वे कहां हैं?' खेड़ा ने आगे कहा, 'आज तक जवाब नहीं मिला कि सीजफायर किन शर्तों पर हुआ? आज तक जवाब नहीं मिला कि हाफिज सईद और मसूद अजहर बच कर कैसे निकल गए? सीजफायर की शर्तों में इन्हें वापस लाना है या नहीं? कोई जवाब नहीं है।' उन्होंने कहा है कि इस तरह के सवालों के जवाब देने के बजाय प्रधामनंत्री डायलॉग दे रहे हैं। कांग्रेस नेता ने कहा है कि गंभीर विषयों पर गंभीर चर्चा होनी चाहिए।' बता दें कि कांग्रेस और दूसरे विपक्षी दल पहलगाम आतंकी हमले और ऑपरेशन सिंदूर पर चर्चा के लिए संसद का विशेष सत्र बुलाने की मांग कर रहे हैं।

# सालों बाद अब 1995 के अधिनियम को चुनौती क्यों?

एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को वक्फ अधिनियम, 1995 को चुनौती देने वाली याचिका पर केंद्र और राज्यों को नोटिस जारी किया। भारत के मुख्य न्यायाधीश गवई और जस्टिस मसीह की पीठ ने निखिल उपाध्याय की याचिका पर पूछा इतने सालों बाद अब 1995 के अधिनियम को चुनौती क्यों दी जा रही है।

■ **वक्फ मामला**
चुनौती देने वाली याचिकाओं पर केंद्र-राज्यों को नोटिस



### सावरकर मामला अर्जी खारिज

सुप्रीम कोर्ट ने विनायक दामोदर सावरकर का नाम 1950 के कानून में शामिल करने के अनुरोध वाली याचिका खारिज कर दी। यह कानून व्यावसायिक और वाणिज्यिक उद्देश्यों के लिए कुछ प्रतीकों और नामों के अनुचित इस्तेमाल रोकने का अधिनियम है। गवई और न्यायमूर्ति मसीह की पीठ ने कहा कि याचिकाकर्ता के मौलिक अधिकारों का हनन नहीं हुआ है।

### 31वीं बार 'माउंट एवरेस्ट' फतह, तोड़ा अपना रिकॉर्ड

**काठमांडू।** जाने-माने नेपाली शेरपा गाइड कामी रीता ने मंगलवार को 31वीं बार माउंट एवरेस्ट फतह कर दुनिया के सबसे ऊंचे पर्वत की चोटी पर सबसे अधिक बार सफलतापूर्वक पहुंचने का अपना ही रिकॉर्ड तोड़ दिया। इस चढ़ाई अभियान के आयोजक 'सेवन समिट ट्रेक्स' के अध्यक्ष मिंगमा शेरपा ने बताया कि 55 वर्षीय पर्वतारोही मौसम की स्थिर स्थिति में सुबह करीब चार बजे 8,849 मीटर ऊंचे शिखर पर पहुंचे।

### छात्रा को जमानत, महाराष्ट्र सरकार को लगाई फटकार

**मुंबई।** मुंबई उच्च न्यायालय ने भारत-पाकिस्तान संघर्ष पर सोशल मीडिया पोस्ट करने के आरोप में गिरफ्तार पुणे की 19-वर्षीय छात्रा को मंगलवार को जमानत पर तत्काल रिहा करने का आदेश दिया। अदालत ने महाराष्ट्र सरकार की तीखी आलोचना करते हुए कहा कि छात्रा की पोस्ट पर उसने (महाराष्ट्र सरकार ने) 'बेहद चौंकाने' वाली और 'कट्टर' प्रतिक्रिया दी है। अदालत ने उसे तत्काल रिहा करने का आदेश दिया।

### तेज के समर्थन में उतरे अनुष्का के भाई ने दी चेतावनी

# 'ये मुगल-ए-आजम का दौर नहीं, लालू दखल दें'

एजेंसी ▸▸| पटना

तेज प्रताप यादव के फेसबुक पेज से अनुष्का यादव के साथ 12 साल पुराने रिलेशनशिप को लेकर पोस्ट के बाद परिवार और राजद से निकाले गए तेज प्रताप के समर्थन में अनुष्का यादव के भाई और छात्र रालोजपा के अध्यक्ष आकाश यादव खुलकर उतर आए हैं। आकाश ने कहा कि अनुष्का मेरी छोटी बहन है, और वो बालिग है, ऐसे में दो बालिग लोगों के निजी संबंध पर वो मीडिया में बात नहीं करेंगे। उन्होंने कहा कि लालू यादव परिवार से आग्रह है कि दो परिवार की इज्जत, मान और



सम्मान को जिस तरह नीलाम किया जा रहा है, इसको रोकने की पहल करें। कभी राजद में तेज प्रताप के करीबी रहे आकाश अब पशुपति पारस की पार्टी में हैं। आकाश ने कहा- 'जल्दबाजी में घर से निकालना, पार्टी से निकालना, ये मुगल-ए-आजम का दौर नहीं है, ये संविधान और लोकतंत्र का दौर है।


## कार्यालय अधीक्षण अभियंता, लोक निर्माण विभाग, रायपुर मण्डल क्रमांक 1 (छत्तीसगढ़)

### निविदा सूचना

**Original Equipment Manufacturer or his authorized dealer** से निम्नलिखित निर्माण कार्य हेतु ऑनलाईन (Online) निविदा आमंत्रित की जाती है :-

| एन.आई.टी. क्र./सिस्टम टेन्डर नं | कार्य का विवरण | अनुमानित लागत रू (लाख में) |
|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 |
| 49/168935 | LAYING OF STADIUM CHAIR AT INTERNATIONAL TENNIS SPORTS ACADEMY, RAIPUR (C.G.) (द्वितीय आमंत्रण) | रू. 37.00 लाख |

**निविदा डाउनलोड़ करने की अंतिम तिथि दिनांक 07.06.2025 समय सायं 5:30 बजे तक**

उपरोक्त निर्माण कार्यों की निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि विस्तृत निविदा विज्ञप्ति निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी https://eproc.cgstate.gov.in पर देखी जा सकती है एवं डाउनलोड की जा सकती है।

अधीक्षण अभियंता
लोक निर्माण विभाग,
रायपुर मण्डल क्रं.-1 रायपुर (छ.ग.)

G-252601177/1




## चिंतन

# भारतीय कूटनीतिक मिशन को सफल बना रहा प्रतिनिधिमंडल

आतंकवाद के वैश्विक खतरे को लेकर सांसदों के प्रतिनिधिमंडल की विदेश यात्रा की देश में विपक्ष की ओर से भले ही आलोचना हो रही हो, लेकिन भारतीय संसदीय इतिहास में यह पहली बार है, जब इतने व्यापक स्तर पर एक मुद्दे के परिप्रेक्ष्य में यह पहल हो रही है। साफ है कि इसके उद्देश्य सामान्य समझ से व्यापक होंगे, इसके व्यापक कूटनीतिक मायने हैं। पहलगाम में निहत्थे पर्यटकों पर बर्बर आतंकी हमले के साजिशकर्ताओं और हमलावर आतंकियों को यूं ही बचने नहीं दिया जा सकता है। भारत लंबे समय से आतंकवाद का सामना कर रहा है, वैश्विम मंचों से आतंकवाद के खिलाफ विश्व को एकजुट होने के लिए आह्वान भी करता रहा है, लेकिन विश्व के मजबूत देशों की ओर से आतंकवाद के खिलाफ वैसी कार्रवाई देखने को नहीं मिलती है, जैसी उनसे अपेक्षा की जाती है। बयानों के स्तर पर सभी देश आतंकवाद का विरोध करते दिखते हैं, लेकिन नीतिगत स्तर पर सुविधा के अनुसार फैसले करते हैं। अमेरिका व चीन ने आतंकवाद के खिलाफ वैश्विक लड़ाई में हमेशा निराश किया है। मौजूदा वक्त में 23 मई से 3 जून तक सभी दलों के सांसदों का प्रतिनिधिमंडल सात समूहों में दुनिया के अलग-अलग 33 देशों की यात्रा पर है। सर्वदलीय सांसदों का प्रतिनिधिमंडल ऑपरेशन सिंदूर और उसके पहले पहलगाम आतंकी हमले के पीछे पाकिस्तान की आतंकवादपरस्त नीतियों व करतूतों और सभी तरह के आतंकवाद के ग्लोबल खतरे पर भारत का पक्ष विस्तार से रखेगा। इस यात्रा में पाकिस्तान के मददगार देश शामिल नहीं हैं। चीन, तुर्किये और अजरबैजान में प्रतिनिधिमंडल नहीं भेजे गए हैं। कूटनीतिक रूप से भारत ने स्पष्ट लाइन ली है, जो भारत की बात न सुनेंगे, न समझेंगे, न ही आतंकवाद के खिलाफ लड़ेंगे, तो ऐसों पर समय क्यों नष्ट करना। इस यात्रा से आतंकवाद के प्रायोजक देश पाकिस्तान और अलग-थलग पड़ेगा। सबूतों के साथ विश्व को बताना जरूरी है कि भारत पाकिस्तान प्रायोजित आतंकवाद के खिलाफ किस मजबूती से लड़ रहा है और कुछेक देश कैसे अपना हित साधने के लिए आतंकवाद को दरकिनार कर पाक के साथ हैं। साथ ही पाकिस्तान की एस्टाब्लिशमेंट कैसे भारत के खिलाफ आतंकी साजिश में शामिल है। पाकिस्तान में आज भी अनेक घोषित ग्लोबल आतंकी हैं और 32 से अधिक आतंकी गुट पाक की सरजमीं से ऑपरेशनल हैं। प्रतिनिधिमंडल संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के पांच अस्थायी सदस्यों में से चीन को छोड़ अमेरिका, फ्रांस, ब्रिटेन और रूस, 10 अस्थायी सदस्यों में पाकिस्तान और सोमालिया को छोड़ अन्य आठ ग्रीस, दक्षिण कोरिया, अल्जीरिया, डेनमार्क, सियरा लियोन, गुयाना, पनामा और स्लोवेनिया में अपनी बात रखेगा। इस्लामी देशों के संगठन ओआईसी (इस्लामिक सहयोग संगठन) के भी कई देशों- कुवैत, बहरीन, सऊदी अरब, इंडोनेशिया, मलेशिया, संयुक्त अरब अमीरात, कतर और मिस्र में भी भारतीय प्रतिनिधिमंडल पाक प्रायोजित आतंकवाद पर बात कर रहा है। कश्मीर पर ओआईसी का नजरिया तथ्य से परे रहा है, इसलिए उसे पाक के काले सच का सामना कराना जरूरी है। भारत मुस्लिम जगत को यह बताना चाहता है कि यह महज दो देशों के बीच की लड़ाई नहीं है बल्कि वैश्विक आतंकवाद की बड़ी चुनौती का हिस्सा है। दरअसल, पाकिस्तान के आतंकवादी गुटों और इस्लामिक स्टेट की तकफीरी विचारधारा में कोई अंतर नहीं है। तकफीरी का मतलब है हिंसा को सही ठहराने के लिए किसी को काफिर घोषित करना। भारत जिस तरह के आतंकवाद का सामना कर रहा है, तकफीरी विचारधारा से समानताएं हैं।

# अब तीसरी बड़ी आर्थिकी की डगर



अर्थव्यवस्था
डा. जयंतीलाल भंडारी

**दुनिया की तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की डगर पर भारत को कई चुनौतियों से मुकाबला करते हुए आगे बढ़ना होगा। वैश्विक व्यापार तनाव, टैरिफ में हुई बढ़ोतरी, वैश्विक आपूर्ति शृंखलाओं में व्यवधान तथा बढ़ते हुए व्यापार घाटे जैसी चुनौतियों से भारत को निपटना होगा। खासतौर से भारत के द्वारा व्यापार घाटे पर नियंत्रण के लिए रणनीतिपूर्वक आगे बढ़ना जरूरी है। चीन से वर्ष-प्रतिवर्ष तेजी से बढ़ते हुए आयातों को नियंत्रित करना होगा। अब टैरिफ संरक्षण की बजाय वैश्विक प्रतिस्पर्धा, अनुसंधान व विकास पर भी ध्यान दिया जाना होगा। वहीं अमेरिका और यूरोपीय संघ तथा अन्य प्रमुख देशों के साथ भारत के संभावित मुक्त व्यापार समझौतों के पूर्ण करने पर पूरा ध्यान देना होगा।**

हाल ही में नीति आयोग ने बताया कि जापान को पीछे छोड़ते हुए भारत दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है और आगामी 3 सालों में भारत दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था के रूप में रेखांकित होते हुए भी दिखाई दे सकेगा। इस परिप्रेक्ष्य में उल्लेखनीय है कि 26 मई को दुनिया के ख्याति प्राप्त अरबपति निवेशक मार्क मोबियस ने कहा कि जापान को पछाड़ते हुए चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनना भारत की एक अविश्वसनीय उपलब्धि है। वास्तव में भारत के विश्व की शीर्ष अर्थव्यवस्थाओं में आगे बढ़ने के पीछे जो प्रमुख कारण हैं, उनमें 140 करोड़ की जनसंख्या, देश के मध्यम वर्ग, की बढ़ती क्रयशक्ति, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का दूरदर्शी नेतृत्व और मजबूत आर्थिक नीतियां शामिल हैं। साथ ही इस समय भारत जिस ऊंची विकास दर और आर्थिक रणनीति के साथ आगे बढ़ रहा है, उससे भारत जल्द ही दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनते हुए भी दिखाई देगा। गौरतलब है कि दुनिया की तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की डगर पर भारत को कई चुनौतियों से मुकाबला करते हुए आगे बढ़ना होगा।

वैश्विक व्यापार तनाव, टैरिफ में हुई बढ़ोतरी, वैश्विक आपूर्ति शृंखलाओं में व्यवधान तथा बढ़ते हुए व्यापार घाटे जैसी चुनौतियों से भारत को निपटना होगा। खासतौर से भारत के द्वारा व्यापार घाटे पर नियंत्रण के लिए रणनीतिपूर्वक आगे बढ़ना जरूरी है। चीन से वर्ष-प्रतिवर्ष तेजी से बढ़ते हुए आयातों को नियंत्रित करना होगा । हाल ही प्रकाशित नवीनतम आंकड़ों के मुताबिक चीन के साथ द्विपक्षीय कारोबार में भारत लगातार घाटे की स्थिति में बना हुआ है। पिछले वित्त वर्ष 2024-25 में चीन को भारत का निर्यात 14.5 प्रतिशत घटकर 14.25 अरब डॉलर रह गया, जबकि 2023-24 में यह 16.66 अरब डॉलर था। इतना ही नहीं चिंताजनक यह भी है कि चीन से 2024-25 में आयात 11.52 प्रतिशत बढ़कर 113.45 अरब डॉलर हो गया, जबकि 2023-24 में यह 101.73 अरब डॉलर था। चीन के साथ व्यापार घाटा पिछले वित्त वर्ष में करीब 17 प्रतिशत बढ़कर 99.2 अरब डॉलर हो गया, जो 2023-24 में 85.07 अरब डॉलर था। चीन 2024-25 में 127.7 अरब डॉलर के द्विपक्षीय व्यापार के साथ भारत का दूसरा सबसे बड़ा व्यापारिक साझेदार बना रहा। दोनों देशों के बीच 2023-24 में 118.4 अरब डॉलर का द्विपक्षीय व्यापार हुआ था। चीन पर निर्भरता कम करने के जो रणनीतिक कदम उठाए गए हैं, उनका अभी जमीनी तौर पर कोई विशेष असर नहीं दिखा है। इस परिप्रेक्ष्य में 26 मई को प्रधानमंत्री मोदी ने गुजरात के दाहोद में आयोजित जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि हमें आयातित वस्तुओं की खरीदी की बजाय देश में उत्पादित उत्पादों को खरीदने का संकल्प लेना चाहिए। यह देश की प्रगति के लिए जरूरी है। निश्चित रूप से इस समय सूक्ष्म, लघु और मझौले उद्यम (एमएसएमई) देश को तीसरी बड़ी आर्थिकी बनाने में अहम भूमिका निभाएंगे। जहाँ एमएसएमई देश से निर्यात बढ़ाने में नई भूमिका निभा सकते हैं, वहीं आयात नियंत्रण में भी मददगार हो सकते हैं। इस समय नए व्यापार युग के बदलाव के दौर में भारत के एमएसएमई के लिए चुनौतियों के बीच दुनिया में आगे बढ़ने के ऐतिहासिक अवसर भी हैं और ये उद्योग वैश्विक आपूर्ति



शृंखला में प्रतिस्पर्धी बन सकते हैं। इसमें कोई दो मत नहीं है कि टैरिफ वार से एमएसएमई क्षेत्र को जो झटका लग रहा है, उससे एमएसएमई के उबारने के लिए जहाँ एक ओर सरकार के द्वारा रणनीति बनाकर निर्यातकों को सहारा देना होगा, वहीं एमएसएमई क्षेत्र के उद्यमियों और निर्यातकों को भी नई चुनौतियों के मद्देनजर तैयार होना होगा। भारत के द्वारा विगत 6 मई को ब्रिटेन के साथ किए गए मुक्त व्यापार समझौते के बाद अब अमेरिका और यूरोपीय यूनियन के साथ मुक्त व्यापार समझौतों को 31 दिसंबर 2025 तक पूर्ण किए जाने के लक्ष्य की ओर तेजी से आगे बढ़ना होगा। इस समय भारत और अमेरिका के बीच द्विपक्षीय कारोबार समझौते (बीटीए) के शुरुआती चरण के लिए वार्ता तेजी से आगे बढ़ रही है।

हाल ही में अमेरिका के वित्तमंत्री स्कॉट बेसेंट ने व्हाइट हाऊस में एक प्रेस कांफ्रेंस में कहा कि पूरी दुनिया में भारत एक ऐसे पहले देश के रूप में सामने आया है, जो अमेरिका के साथ सबसे पहले टैरिफ पर प्रभावी वार्ता करते हुए द्विपक्षीय कारोबार समझौते को तेजी से अंतिम रूप देने की डगर पर आगे बढ़ रहा है। भारत के द्वारा ओमान, कनाडा, दक्षिण अफ्रीका, इजराइल, भारत गल्फ कंट्रीज काउंसिल सहित अन्य प्रमुख देशों के साथ भी एफटीए को शीघ्रतापूर्वक अंतिम रूप दिया जाना होगा। इसमें कोई दो मत नहीं है कि भारत को दुनिया की तीसरी बड़ी आर्थिकी बनाने में देश से सेवा निर्यात (सर्विस एक्सपोर्ट) की भूमिका भी प्रभावी होगी। इस समय पूरी दुनिया में भारत सेवा निर्यात की डगर पर छलांगें लगाकर आगे बढ़ रहा है। भारत को सेवा निर्यात की नई वैश्विक राजधानी के रूप में रेखांकित किया जा रहा है। वाणिज्य मंत्रालय के द्वारा प्रकाशित आँकड़ों के मुताबिक पिछले वित्तीय वर्ष 2024-25 में भारत का सेवा निर्यात करीब 387.5 अरब डॉलर का रहा है। भारत में बड़ी बहुराष्ट्रीय कंपनियों द्वारा ग्लोबल कैपेबिलिटी सेंटर्स (जीसीसी) की तेजी से नई स्थापनाओं के कारण भी सेवा निर्यात तेजी से बढ़ रहा है। फिलहाल देश में 1700 जीसीसी हैं जिनसे 20 लाख से अधिक लोगों को रोजगार मिल रहा है। देश में जीसीसी का बाजार आकार 5.4 लाख करोड़ रुपये का है और यह 2030 तक 8.4 लाख करोड़ रुपये का होगा। दुनिया के 50 प्रतिशत जीसीसी सिर्फ भारत में हैं। भारतीय जीडीपी में भारत के जीसीसी का योगदान एक प्रतिशत है और 2030 तक यह 3.5 प्रतिशत हो जाएगा। ऐसे में भारत को सेवा निर्यात और तेजी से बढ़ाने की नई रणनीति के साथ आगे बढ़ना होगा।

यह बात ध्यान में रखी जानी होगी कि अब सेवा निर्यात के क्षेत्र में भी लगातार प्रतिस्पर्धा बढ़ रही है। ऐसी स्थिति में भारत से डिजिटल सेवा निर्यात में तेजी से वृद्धि के लिए सेवाओं की गुणवत्ता, दक्षता, उत्कृष्टता तथा सुरक्षा को लेकर और अधिक प्रयास करने होंगे। अब टैरिफ संरक्षण की बजाय वैश्विक प्रतिस्पर्धा, अनुसंधान व विकास पर भी ध्यान दिया जाना होगा। कृषि तथा श्रम सहित अन्य सुधारों के क्रियान्वयन पर ध्यान देना होगा। भारत में आत्म निर्भरता की नीति और वोकल फॉर लोकल मंत्र को बढ़ाना होगा। इससे स्थानीय और घरेलू बाजार तेजी से आगे बढ़ेंगे। जीएसटी में सरलता, निवेश के लिए अधिक अनुकूल माहौल, कुशल बुनियादी संरचना, लॉजिस्टिक लागत में कमी, गतिशक्ति योजना का तेज क्रियान्वयन, व्यवसाय करने की प्रक्रिया की सरलता जैसे रणनीतिक कदमों से भारत की आर्थिकी की चमक बढ़ाई जा सकेगी। इन सबके साथ-साथ अमेरिका और यूरोपीय संघ तथा अन्य प्रमुख देशों के साथ भारत के संभावित मुक्त व्यापार समझौतों के पूर्ण किए जाने पर पूरा ध्यान देना होगा। हम उम्मीद करें कि इन विभिन्न रणनीतिक प्रयासों से भारत वर्ष 2028 तक दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था के रूप में रेखांकित होते हुए दिखाई देगा।

(लेखक प्रसिद्ध अर्थशास्त्री हैं, ये उनके अपने विचार हैं।
लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

## सारा संसार



कोलुक्कुमलाई तमिलनाडु के थेनी जिले में स्थित एक छोटा सा गाँव है। कोलुक्कुमलाई दुनिया में सबसे ऊंचे चाय बागानों के लिए प्रसिद्ध एक छोटा सा गांव है, जो चाय को एक विशिष्ट स्वाद देता है। प्रसिद्ध चाय कारखानों में से एक जहां वे पारंपरिक तरीके से चाय को संसाधित करते हैं।

## पूजा वह है, जो परिपूर्णता से उत्पन्न हो



संकलित
**दर्शन**

यजमान को देश-काल के सातत्य में उसके जन्म के नक्षत्र, जन्म राशि, पैतृक वंश, गोत्र, पूरा नाम, पिता का नाम आदि द्वारा भी परिभाषित किया जाता है। इसके बाद यजमान द्वारा संकल्प लिया जाता है। वस्तुतः संकल्प कभी लिया नहीं जाता, बल्कि उसे छोड़ दिया जाता है या भगवान के चरणों में समर्पित कर दिया जाता है। जब यजमान पूर्ण विश्वास के साथ अपना संकल्प देवत्व के चरणों में छोड़ देता है कि जो भी उसके लिए सही होगा, वह अवश्य होगा, वह पूजा में बैठने के योग्य हो जाता है। पूजा वह है, जो परिपूर्णता से उत्पन्न होती है। जब आप अपनी सभी इच्छाओं, सभी परेशानियों और शिकायतों को दिव्यता के चरणों में छोड़ देते हैं, तभी आप परिपूर्ण प्रतीत कर सकते हैं। तभी आप पूजा में बैठने लायक बन सकेंगे। तभी आप पूजा का हिस्सा बन सकते हैं। रुद्र पूजा में शिव-तत्व का उसकी पूरी भव्यता के साथ आह्वान किया जाता है। भक्त मंत्रों की तरंगों में डूब जाते हैं। मन ध्यान की अवस्था में पहुंच जाता है। संपूर्ण वातावरण शिव-तत्व से आवेशित हो जाता है। भक्त शिव-तत्व के साथ एक हो जाते हैं। शिव वह परोपकारी ऊर्जा हैं, जो परिवर्तन करती है और बाधाओं को दूर करती है। संकल्प आसानी से सर्वव्यापी दिव्यता तक संप्रेषित हो जाते हैं और उस सर्वव्यापी, सर्वज्ञ, सर्वशक्तिमान दिव्यता के लिए कुछ भी असंभव नहीं है। सभी हितकारी मनोरथ फलदायी होते हैं। सारी बाधाएं दूर हो जाती हैं। जीवन गतिमान होता है।

## जब मन अशांत हो तो कोई बड़ा निर्णय न लें



संकलित
**प्रेरणा**

गौतम बुद्ध शिष्यों के साथ यात्राएं करते रहते थे। यात्रा में जगह-जगह ठहरते भी थे। एक बार बुद्ध शिष्यों के साथ यात्रा कर रहे थे तो उनके शिष्य चलते-चलते थक चुके थे। बुद्ध के शिष्यों ने कहा कि तथागत हमें कुछ देर विश्राम करना चाहिए, हम थक चुके हैं। शिष्यों की बात मानकर बुद्ध एक छायादार पेड़ के पास रुक गए। बुद्ध ने शिष्य आनंद से कहा कि मुझे प्यास लगी है, पास में ही एक झरना बहता दिख रहा है। तुम वहां जाकर पीने का पानी ले आओ। बुद्ध की आज्ञा पाकर आनंद झरने के पास पहुंच गया। झरने के पास आनंद ने देखा कि पानी में से एक बैलगाड़ी गुजर रही है। बैलगाड़ी की वजह से पानी बहुत गंद हो गया था। नीचे की मिट्टी ऊपर दिखने लगी है। गंदा पानी देखकर आनंद बुद्ध के पास लौट आया। आनंद ने बुद्ध से कहा कि तथागत वहां का पानी तो बहुत ज्यादा गंदा है। इसलिए मैं लेकर नहीं आया। बुद्ध ने आनंद से कहा कि तुम कुछ देर बाद फिर जाना और इस बार भी पानी गंदा दिखे तो कुछ देर वहीं बैठ जाना, साफ पानी मिल जाएगा। बुद्ध की बात मानकर आनंद पानी के पास पहुंच गया। पानी गंदा दिखा तो वह तालाब के किनारे पर ही बैठ गया। थोड़ी देर बाद पानी की हलचल शांत हो गई, धीरे-धीरे मिट्टी नीचे बैठ गई, ऊपर बहता पानी एकदम साफ हो गया। आनंद पानी लेकर बुद्ध के पास पहुंच गया। बुद्ध ने पानी पीने के बाद सभी शिष्यों से कहा कि हमारे जीवन में भी कई बार ऐसी ही परिस्थितियां बनती हैं, जब हमारा मन गंदे पानी की तरह अशांत हो जाता है।

## जयंती विशेष

प्रभात मिश्र

# सावरकर-पुण्य स्मरण

*'यस्मीन जीवति जीवन्ति बहवःस तु जीवतु' अर्थात जिनके जीने से अनेकों को जीवन मिलता है,वे सदा जीते रहें -पंचतंत्रम*

सावरकर के दिव्य योगदानों को कुछ शब्दों ,वाक्यों एवं आलेखों में बांध पाना संभव होगा, ऐसा मैं नहीं मानता। वीर सावरकर नाट्यकार, उपन्यासकार, व्यंग्यकार, भाषा सुधारक, लिपि सुधारक, दार्शनिक, चिंतक, युगदृष्टा, समाज सुधारक, क्रांति वीर, हिन्दी भाषा मंदिर के अनन्य पुजारी... और न जाने कितने उपमान सावरकर अपने आप मे समेटे हुए दिखते हैं। सावरकर का कृतित्व तब और अधिक स्मरणीय हो जाता है, जब वर्तमान में हमारे राष्ट्र को कमजोर करने के लिए पडोसी दृश्य अदृश्य शत्रु देश दुरभिसंधि करते हैं और उन्हे भारत के भीतर से कुछ षड्यंत्रकारी शक्तियों के द्वारा कुचक्र रच समर्थन दिए जाते हैं तब सावरकर के दिए सिद्धांत उन कुचक्रों को भंग करते तोडते दिखते हैं। समाज जीवन में उनके आग्रह को भूतो न भविष्यति के रूप में उनके इस कथन से समझा जा सकती है-If they come with us, with them, if they do not, withoout them and if they oppose in spite of them we will go on and achieve our gole. तात्पर्य यदि तुम हमारे साथ आते हो तो तुम्हारे साथ, साथ नहीं आते हो तुम्हारे बिना और यदि तुम विरोध करते हो तुम्हारे विरोध के रहते भी हम अपना स्वातंत्र्य युद्ध चलाएंगे और उसमें सफल होंगे। वीर सावरकर ने सप्रमाण चेतावनी देते हुए एवं ऐतिहासिक दृष्टि से सचेत करते हुए कहा था कि धर्मांतरण ही राष्ट्रांतरण है जिसके व्यापक दुष्परिणाम आज भी देखने में आ रहे हैं। परंतु क्या हम उन प्रश्नों पर विचार कर समाधान दे पा रहे हैं? यह वीर सावरकर की इस जयंती पर यक्ष प्रश्न है ।



सावरकर की पुस्तक हिन्दुत्व के पंच प्राण और छः स्वर्णिम पृष्ठ,1857 की क्रांति प्रथम स्वातंत्र्य समर , का अध्ययन प्रत्येक उन पाठकों को करना चाहिए जो राष्ट्र को सबल बनाने का स्वप्न देख रहे हैं। वहीं उनकी दो कृतियां मोपला और गोमांतक उपन्यास पढ़ने के पश्चात बहुत कुछ समझा जा सकता है। ऐसा माना जाता है कि किसी भी समाज को, जाति-धर्म या राष्ट्र को निस्तेज करना तो उसके गौरवशाली इतिहास को नष्ट कर दिया जाए। सावरकर की लेखनी इसका प्रत्युत्तर है कि उन्होंने अपने हर प्रयास में इतिहासबोध लेखन को सर्वोच्च प्राथमिकता दी ताकि भारतीय जन मानस मे स्वबोध का जागरण उदित हो सके , हिन्दी भाषा के अनेक शब्दों का आविष्कार सावरकर की देन है जिसका हिन्दी भाषी समाज सदैव ऋणि था है और रहेगा यह अत्यंत दुर्भाग्यजनक है कि उनके योगदानों को विस्मृत कर उन्हें लांक्षित करने का प्रयास किया जाता रहा है। जिसे माकूल जवाब भी दिया जाना अनिवार्य प्रतीत होता है। सावरकर के विचार, साहित्य ऐसे समय मे हमारे लिए अत्यंत प्रासंगिक हो जाते हैं जब हमें सीमापार से अस्थिर करने के प्रयास किए जाते हों इस अस्थिरता का एक प्रतिउत्तर है सावरकर संकल्प चरैवेति चरैवेति ।।

*-लेखक प्रांतीय संयोजक अखिल भारतीय साहित्य परिषद छत्तीसगढ़*

## अंतर्मन




### आज की पाती

#### विज्ञान, लोकतंत्र और बच्चों के संरक्षक पंडित नेहरु

भारतीय इतिहास में 27 मई का दिन केवल एक तिथि नहीं बल्कि एक युग के अवसान का प्रतीक है। यह वही दिन है, जब भारत ने अपना पहला प्रधानमंत्री, एक दूरदर्शी नेता, एक मानवतावादी चिंतक और बच्चों के चहेते 'चाचा नेहरु' को सदा के लिए खो दिया था। पंडित जवाहरलाल नेहरु न केवल भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के अग्रणी सेनानी थे बल्कि आजादी के बाद आधुनिक भारत की नींव रखने वाले प्रमुख शिल्पी भी थे। उनका जीवन भारतीय राजनीति और समाज के पुनर्निर्माण की यात्रा का वह अध्याय है जिसे बार-बार पढ़ा जाना चाहिए। नेहरु का सपना केवल एक स्वतंत्र भारत नहीं था बल्कि ऐसा भारत था, जो वैज्ञानिक सोच, लोकतांत्रिक मूल्यों, सामाजिक समरसता और शिक्षा के उजास से आलोकित हो। *-सुमीत यदु, राजनांदगांव*

## ट्रेंड

### नक्सलियों के अड्डे ध्वस्त



ऑपरेशन ब्लैकफॉरेस्ट में सुरक्षा बलों ने छत्तीसगढ़ की दुर्गम पहाड़ियों पर बने नक्सलियों के अनेक अड्डों को ध्वस्त किया। छत्रपति शिवाजी महाराज जी की भूमि पर फिर से दोहराता हूँ कि 31 मार्च 2026 तक भारत नक्सलवाद से मुक्त हो जाएगा।
**-अमित शाह, केंद्रीय गृहमंत्री**

### निवेश योजनाओं पर चर्चा



कुप्पम में श्रीजा दूध उत्पादक संगठन और मदर डेयरी के प्रतिनिधियों से मुलाकात की। हमने शून्य गरीबी को प्राप्त करने के लिए उनकी परिवर्तनकारी निवेश योजनाओं पर चर्चा की, जो स्वर्ण आंध्र के लिए हमारे दृष्टिकोण के अनुरूप है। इससे रोजगार के अवसर बढ़ेंगे।
**-एन. चंद्रबाबू नायडू, सीएम, आंध्र प्रदेश**

### मंदिरों पर सरकारी कब्जा



बड़े मंदिरों पर सरकार के प्रबंधन के बहाने भाजपा अप्रत्यक्ष रूप से अपना क़ब्जा करती जा रहे है। जो परंपरागत रूप से इनका प्रबंधन-संचालन करते आ रहे हैं, उनसे सेवा-भाव के अधिकार छीने जा रहे हैं।
**-अखिलेश यादव, सपा सांसद**

### नॉट फाउंड सूटेबल



'नॉट फाउंड सूटेबल' अब नया मनुवाद है। एससी /एसटी/ओबीसी के योग्य उम्मीदवारों को जानबूझकर 'अयोग्य' ठहराया जा रहा है ताकि वे शिक्षा और नेतृत्व से दूर रहें। यह हक, सम्मान और हिस्सेदारी की लड़ाई है।
**-राहुल गांधी, कांग्रेस सांसद**

## करंट अफेयर

# एवरेस्ट फतह के उपलक्ष्य में 100 पर्वतारोही सम्मानित



हिमालय की सबसे ऊंची चोटी एवरेस्ट पर एडमंड हिलेरी और तेनजिंग नोर्गे द्वारा पहली सफल चढ़ाई की याद में मंगलवार को नेपाल में सम्मानित किए गए 100 से अधिक पर्वतारोहियों में 10 भारतीय पर्वतारोही भी शामिल हैं। पर्यटन, संस्कृति और नागरिक उड्डयन मंत्री बद्री पांडे ने 29 मई को अंतरराष्ट्रीय एवरेस्ट दिवस से पहले एवरेस्ट पर चढ़ाई करने वाले नेपाली और अंतरराष्ट्रीय पर्वतारोहियों को सम्मानित किया। पांडे ने कहा, 'नेपाल सरकार न केवल पर्वतीय पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध है, बल्कि हम पर्वतारोहियों की सुरक्षा और भविष्य की पीढ़ियों के लिए हिमालय के संरक्षण को लेकर भी चिंतित हैं।' उन्होंने कहा, 'हमें आने वाली पीढ़ियों के लिए पहाड़ों की देखभाल और सुरक्षा करनी चाहिए।' नेपाल, भारत, चीन, ऑस्ट्रेलिया, बांग्लादेश, सिंगापुर, फिलीपीन, फलस्तीनी क्षेत्र और ब्रिटेन सहित अन्य देशों के 100 से अधिक पर्वतारोहियों को प्रशंसा प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। 'एवरेस्ट एलायंस नेपाल' द्वारा आयोजित 'एवरेस्ट पर्वतारोही सम्मेलन' में भारत के 10 पर्वतारोहियों को सम्मानित किया गया जिनमें आशीष सिंह, निशा कुमारी, अनुजा वैद्य, बलजीत कौर, सुविधा कदलाग, सूर्य प्रकाश, शेख हिमांशु, सत्यरूप सिद्धांत, ज्योति रात्रे और अदिति शामिल हैं।

## ऑफ बीट

# गणित के पठन-पाठन में काफी अंतर आया है



पाइथागोरस का प्रमेय आज भी उतना ही सटीक है जितना सदियों पहले इसकी खोज के समय था, और यह आगे भी उतना ही सटीक रहेगा। लेकिन आज के शिक्षक भी गणित को उस समय की तुलना में बहुत अलग तरीके से पढ़ाते हैं जब माता-पिता स्कूल में थे। मानसिक संबंध प्रक्रियाएं नहीं। पिछले 30 वर्षों में गणित के पठन-पाठन में परिवर्तन आया है। कंप्यूटर प्रौद्योगिकी के विकास के साथ तालमेल बिठाने के लिए गणित शिक्षण भी बदल गया है। यह बचपन से लेकर 12वीं कक्षा तक गणित की शिक्षा को प्रभावित कर रहा है। किसी भी चीज़ के अलावा, हम जानते हैं कि सूचना और संचार प्रौद्योगिकी में दक्षता छात्रों को उस दुनिया के लिए शिक्षित करने की कुंजी है जिसमें वे रहेंगे और काम करेंगे। एक उदाहरण के रूप में, गतिशील ज्यामिति सॉफ़्टवेयर के उपयोग का मतलब है कि शिक्षक ग्राफ़ के परिवर्तनों को तुरंत दिखा सकते हैं, जिससे छात्रों को चर कैसे काम करते हैं इसकी गहरी समझ मिलती है, जिससे छात्रों को इन अवधारणाओं को ग्राफ़ की एक विस्तृत श्रृंखला पर लागू करने में मदद मिलती है।

### अपने विचार

**हरिभूमि कार्यालय**

टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से **hbcgpati@gmail.com** पर भेज सकते हैं।

लोक साहित्य

डा. हीरालाल शुक्ल

## शबर जाति की अपनी बोली होती है

छत्तीसगढ़ के बस्तर जिले में निवास करने वाली शबर जाति की अपनी बोली है। इनके बोलने वाली की संख्या बहुत कम है। भाषा विज्ञान की दृष्टि से शबर आग्नेय परिवार की मुंडा शाखा की एक विस्मृत प्राय बोली है। हार्नली ने छत्तीसगढ़ के प्राचीन भाग की एक महत्वपूर्ण बोली के रूप में उसे मान्यता दी है तथा प. लोचन प्रसाद पाण्डेय ने छत्तीसगढ़ी भाषा की संरचना में उसके प्रभाव को रेखांकित किया है। मुंडा वर्ग की अन्य बोलियों में चिक और नगेशिया का भी छत्तीसगढ़ में प्रचलन है। किन्तु यह अधिक प्रभावी नहीं है। यह अवशिष्ट बोलियां सरगुजा एवं जशपुर जिले में जहां इन जातियों का निवास है बोली जाती हैं। कहीं कहीं पश्चिमोत्तर छत्तीसगढ़ में ' हो ' बोली का भी व्यवहार होता है। कुल मिलाकर निषाद वर्ग की बोलियां यद्यपि अभी जातीय व्यवहारों में प्रचलित है तथापि यह अपना अस्तित्व खोती जा रही है और बहु प्रचलित छत्तीसगढ़ी या उसके किसी रूप के साथ सम्मिश्रण होकर विलुप्त होती जा रही है। मुंडा भाषाएं सामान्यतः प्रत्यय एवं उपचय प्रधान होती हैं, जिसकी समता तुर्की भाषा से की जाती है। इनके पदांतो में व्यंजनों का उच्चारण श्रुतिहीन होता है। तथा मुंडा भाषाओं के संज्ञा पदों में स्त्रीलिंग एवं पुल्लिंग का विधान होता है। समस्त सजीव संज्ञा पदों के लिए पुल्लिंग तथा निर्जीव पदार्थों के लिए स्त्रीलिंग का मान होता है। इनमें प्राचीन भारतीय आर्य भाषाओं की तरह तीन वचन होते हैं और क्रियापदों में ' पर ' प्रत्यय नहीं होते, इनमें अंतः प्रत्यय लगाए जाते हैं।



परम्परा

भागेश्वर पात्र

## बस्तर में राजकीय तंत्र का निर्वहन आज भी विधिवत

बस्तर की प्राचीन राजधानियों में से एक बड़े डोंगर हल्बा समाज का प्राचीन मुख्यालय है। अन्य समाज से हल्बाओ में संगठन क्षमता, सैन्यवृति और नेतृत्व गुणों के आधिक्य के कारण यह सदैव राजाओं के भरोसेमंद रहे। इन्हीं गुणों के कारण राजाओं को हमेशा भय रहता था कि कहीं अन्य जातियों को हल्बा शासन के विरुद्ध विपल्व के लिए बाध्य न कर दें। अन्नमदेव से लेकर कमलचंद्र भंजदेव तक बस्तर के सभी राजाओं का राजतिलक बड़े डोंगर में ही हुआ। जिस पत्थर पर नए राजा को बिठा कर राजतिलक की जाती है उस पत्थर को ' गादी पखना ' नाम से जाना जाता है। बस्तर और कांकेर के राजाओं का राजतिलक हल्बा सरदारों द्वारा ही सम्पन्न करने की प्राचीन परम्परा है। काकतीय शासन काल से पूर्व नल नागवंशी काल से ही हल्बा अधिकांश देवी देवताओं के पुजारी हैं। बस्तर दशहरा में राजाओं के क्षत्र और तलवार लेकर हल्बा ही चलते हैं। यह पर्व निर्विघ्न संपन्न हो इस कारण नौ दिनों तक उपवास रहकर हल्बा जाति का सदस्य ही जोगी बनकर योग साधना में लीन रहता है। बस्तर रियासत में महत्वपूर्ण ' नाईक ' के पद पर राजा द्वारा हल्बा को ही नियुक्त करने की परम्परा है।



ऐतिहासिक

डा. रामकुमार बेहार

## गांगेय देव के बाद महाप्रतापी कर्ण बैठा गद्दी पर

कोसल राज में कल्चुरी शाखा में गांगेय देव की मृत्यु के बाद महाप्रतापी कर्ण गद्दी पर बैठा। वह पिता से बढ़ प्रतापी था। उसने पूर्वी बंगाल पर आक्रमण कर विजय प्राप्त की। दक्षिण भारत के पल्लव, चोल और कुंतल को परास्त किया। कांगड़े के कीरो को सुग्गा को नाई अपने पिंजरे के अंदर से बाहर आने की हिम्मत न पड़ी और पंजाब के हूणों का प्रहर्ष लुप्त हो गया। उसने चंदेलों पर चढ़ाई कर उन्हें राज्यच्युत कर दिया। मालवा पर आक्रमण कर भोज से राजभोज छीन लिया। कन्नौज को अपने अधीन कर लिया। मगध पर उसने दो बार धावा किया।

चंदेल राजा कीर्तिवर्मन ने कर्ण को हराया। मालवा के उदयादित्य ने लड़ाई कर अपना राज्य बंधन मुक्त किया। जीते जी अपना राज्य उसने अपने पुत्र यश को सौंप दिया। त्रिपुरी के पास कर्णवती नामक उसने नगरी बनाई। इस प्रकार लगातार विजय प्राप्त होने से उसे हिन्दू नेपोलियन की पदवी दी गई। उसके जीते हुए प्रदेश एक के बाद एक निकलने लगे। कल्चुरी वंश में कर्ण एक सर्वश्रेष्ठ राजा माना जाता था। उस काल में उसकी बराबरी का सेनापति भारत वर्ष में नहीं था। अपने राज्य काल में पूर्वार्ध में उसे सर्वेयर विजय प्राप्त होती गई थी। जब उसे विश्वास हो गया कि मुसलमानों के आक्रमणों का मुकाबला करने के लिए भारत में एक बलशाली केंद्रीय सत्ता की आवश्यकता है तब उसने भारत में अपना एक छत्र साम्राज्य स्थापित करने का प्रयास किया। दुर्भाग्यवश उसे सफलता नहीं मिली, फिर भी उनका महत्व कम नहीं हुआ।



**भारत का अनन्योश्रित संबंध विविध ऋतुओं और मासों से रहा है। भारत की हृदयभूमि में स्थित छत्तीसगढ़ इससे अछूता नहीं रहा है, उसे ज्येष्ठ मास की दिव्यता का एहसास रहा है। सनातन धर्म में ज्येष्ठ मास का अपना अलग ही महत्व रहा है। हिन्दू पंचांग के अनुसार तीसरा महीना जेठ होता है,जिसे ज्येष्ठ भी कहा जाता है। नक्षत्र की दृष्टि से 'ज्येष्ठा' का आशय- 'सबसे बड़ी' जो समृद्धि और शुभ्रता की देवी लक्ष्मी की बड़ी बहन, जिसे विरोधी मानी गई है। ज्येष्ठ मास जहां एक ओर भयप्रद होता है वहीं दूसरी ओर सुखप्रद भी सिद्ध हुआ है।**



# अंचल में ज्येष्ठ माह का महत्व



संस्कृतिः डा. राघवेन्द्र कुमार राज

जेठ की तपती दुपहरी।
मौत बनके है खड़ी ।
दुख देते हैं ये बड़े घनेरे।
ज्ञान निकाल देती है बेमुरव्वत थपेड़े ।

ग्रीष्म की प्रचंडता और सूर्य की शक्ति मत्ता ज्येष्ठ मास को जटिल बना देती है। फिर भी पृथ्वी पुत्रों की कर्मठता के समक्ष जेठ का महीना पराजय स्वीकार कर लेता है और किसी भला मानुष की तरह 'जल - संरक्षण' और 'जल -दान 'का अमृत संदेश देने से चुकता नहीं है। तब एक बार फिर 'दिनकर जी' की काव्य कृतियां प्राणवान बन जाती हैं।-

जेठ हो कि हो पूस,
हमारे कृषकों आराम नहीं है।
छूटे कभी संग बैलों का,
ऐसा कोई याम नहीं है।

जेठ का महीना लौकिक जगत में ज्येष्ठ पुत्र और पुत्रियों को ऊँचा मान -सम्मान का अधिकारी बना देता है। मां- बाप ज्येष्ठ पुत्र और पुत्रियों के नाम से आवाज़ देते नज़र आते हैं। बटवारे में जेठासी भी दे जाते हैं।

जेठ का महीना आध्यात्मिक जगत में लोगों को भक्ति, शक्ति और आशीर्वाद के उत्तराधिकारी बनने का सुखद पड़ाव भी देता है। ज्येष्ठ मास अखंड सौभाग्यवती होने का सुख व्रती स्त्रियों को 'वट सावित्री व्रत ' के माध्यम से दे जाता है तो कहीं अमरत्व, मोक्ष, सुख, शांति और समृद्धि के अधिकारी घोषित कर देता है।

ज्येष्ठ मास की महिमा अनूठी है,जिन्होंने अपने हृदय- संसार में दिव्य गाथाओं को छिपाए रखे हैं। जेठ का महीना हनुमान जी, श्रीराम जी, सूर्य और शनि देव की जीवन-गाथाओं से जुड़ा हुआ महीना है। रामायण काल में इसी महीने में हनुमान जी और श्रीराम जी से वनवास काल में सीता अन्वेषण के दौरान एक विप्र वेशधारी हनुमान जी से पहली मुलाकात हुई थी। वह दिन मंगलवार था।

₹आगे चले बहुरि रघुराया।
ऋष्यमूक पर्वत निअराया।
तहं रहि सचिव सहित सुग्रीवा।
आवत देखि अतुल बलसींवा ।

महाभारत काल में जब पांडव पुत्र भीम को अपनी शक्ति और सामर्थ्य पर अभिमान हुआ। तब रामभक्त हनुमान जी ने बूढ़े बानर के रूप में भीम को परास्त किया। वह दिन ज्येष्ठ मास का अंतिम मंगलवार था।जिसे 'बड़ा मंगल' या 'बूढ़े मंगल' के रूप में जाना गया।

हनुमान जी ने प्रभु श्रीराम जी का संदेश पहुंचाने हेतु दूत बनकर लंका यात्रा की। लंकाधीश रावण ने अहंकार में हनुमान जी की पूँछ पर आग लगा दी थी। रावण के अभिमान का मर्दन करते हुए हनुमान जी ने पूरी सोने की लंका में आग लगा दी।यह घटना भी ज्येष्ठ मास की मंगलवार को घटित हुई थी।

हनुमान जी को अमरत्व का वरदान भी ज्येष्ठ मास की अंतिम मंगलवार को प्राप्त हुआ था। ज्येष्ठ मास की अमावस्या को ही भगवान शनि देव का जन्म हुआ था।

ज्येष्ठ मास की शुक्लपक्ष दसमीं को राजा भगीरथ के अथक प्रयास से गंगा पृथ्वी पर अवतरित हुई, जो तिथि 'गंगा दशहरा' के रूप में प्रख्यात है।

महाभारत काल में पांडव पुत्र भीम ने निर्जला एकादशी का व्रत रखा। फलतःभीम को मोक्ष और दीर्घायु होने का वरदान प्राप्त हुआ,जिसे 'भीमसेनी एकादशी' के रूप में जाना जाता है। इसके अलावा कुछ लौकिक मान्यताएं भी प्रचलित हैं। जैसे ज्येष्ठ मास, ज्येष्ठा नक्षत्र, ज्येष्ठ पुत्र और पुत्रियों का विवाह जहां तीन ज्येष्ठ मिले तो वहां त्रिज्येष्ठ नामक दोष होने के कारण विवाह न करने का विधान है। ज्येष्ठ मास में गृह निर्माण को निषिद्ध घोषित किया गया है।

समग्रतः जेठ का महीना आचार संहिता,संयम, अनुशासन और मर्यादा का संदेश देता है। साथ ही यह भी संदेश देता है कि- इंसान उम्रदराज होने से बड़ा नहीं होता बल्कि बड़ा या ज्येष्ठ वह अपने बड़प्पन से बनता है -

ज़िंदगी ज़मीन में गुजारिए,
जनाब हवा में नहीं।
ज़िंदगी अपनों के बीच रहकर गुजारिए, यार
दवा में नहीं।

गांव की कहानी : कमलनारायण

# पुड़ागढ़ में रियासतकालीन साक्ष्य



सरायपाली से 16 कि मी दक्षिण की ओर पुड़ागढ़ नामक ग्राम है। यहां भैंना राजवंश का उजड़ा हुआ प्राचीन गढ़ है। भैंना राजाओं ने अपने रण कौशल के अनुरूप सामरिक महत्व को ध्यान में रखते हुए इन गढ़ों का निर्माण विशिष्ट स्थानों पर किया था। इस गढ़ की आकृति गोलाकार है तथा मध्य का भाग वर्गाकार है। वर्तमान पोड़ागढ़ ग्राम प्राचीन गढ़ से कुछ दूरी पर बसा है। गढ़ में प्रवेश एवं निर्गम हेतु दो द्वार थे। इस गढ़ में चदुर्थिक गहरी खाईयां थी जो अब पट चुकी हैं। सामने की ओर खाइयों के अल्प अवशेष बचे हुए हैं। आज भी गढ़ के समीप एक शिलाखंड को घूमेर देवता के नाम से पूजा जाता है। इस गढ़ का अर्थ ' जला हुआ' होता है। इससे प्रतीत होता है कि इस गढ़ पति के परिजनों का दुखद अंत हुआ होगा। आज भी यहां खुदाई से गढ़ और सैन्य बल से जुड़ी अनेक वस्तुएं प्राप्त होती रहती हैं। मूर्तियों को नलयुगीन होने का अनुमान लगाया जाता है।

लोक नाट्य

डा. उग्रसेन कन्नौजे

## छत्तीसगढ़ी लोक नाट्य के प्रकार

छत्तीसगढ़ी लोक नाट्य को विद्वानों ने दो प्रकार से विभाजित किया है। जिसमें पहला कोहलीय लोक नाट्य में महिलाओं का जाना वर्जित होता है। नारी पात्र की भूमिका पुरुष ही निभाता है। दूसरा कौशिकी लोक नाट्य में महिलाओं की भूमिका अनिवार्य होती है। इसी तरह दो रूप प्रधानतया प्रहसनात्मक और नृत्यनाट्यत्मक में भी विभक्त करते हैं। पहले रूप में जन जन के अनुरंजन के लिए किसी ऐसी घटना के अभिनय को विषय बनाया जाता है जिसे सुनकर या देखकर दर्शक लोटपोट हो जाते हैं। इसमें नृत्य का अभाव रहता है। इसके दूसरे रूप में किसी सामाजिक अथवा पौराणिक घटना को लेकर अभिनीत किए जाते हैं। इसमें संगीत, नृत्य और अभिनय की त्रिवेणी प्रवाहित होती है। इस प्रकार नृत्य,गीत तथा अभिनय सब मिलकर समां बांध देते हैं जिसके कारण दर्शक लोक नाट्य का भरपूर आनंद ले पाते हैं।



**लेखकों से..**

छत्तीसगढ़ की लोक कला, लोक साहित्य, पर्यटन, तीज त्योहार, गांव की कहानी, ऐतिहासिक, पुरातात्विक, शैलचित्र, भित्तिचित्र, कला कृति और पुरखा के सुरता के साथ ही सम सामयिक विषयों पर अधिकतम 500 शब्दों पर लेख भेजें- Choupalharibhoomi@gmail.com

# सफर के दौरान गाया जाता है गड़हा ददरिया

लोकगीत

राम कुमार वर्मा

**छत्तीसगढ़ के मैदानी क्षेत्रों में निवास करने वाले लोक गीतों में ददरिया का आनंद लेते हैं। ददरिया को जवान हो बूढ़े सभी किसी भी वक्त कहीं भी गुनगुनाते देखे जा सकते हैं। ददरिया गायन के विभिन्न स्वरूप होते हैं जिनको विभिन्न त्योहारों और मांगलिक कार्यों में भी गाए जाते हैं। इसमें गड़हा ददरिया का अपना अलग महत्व है।**

इस ददरिया को सफर के दौरान गाया जाता है। पहले के लोग पैदल या बैलगाड़ी में या सामूहिक रूप से कहीं भी आते और जाते समय गाते थे। ददरिया गायन में अधिकतर नायक और नायिका के बाद सवाल और जवाब शामिल होते हैं। लेकिन यहां इस ददरिया की विशेषता होती है कि इसमें सवाल जवाब शामिल नहीं होते हैं। इसमें गायक और गायिका दोनों सामूहिक रूप से न गाकर एकल गायन करते हैं। कहीं कहीं सामूहिक रूप से दोनों मिलकर भी गाते हैं। इसी ददरिया का एक रूप देखते हैं जब दूल्हा बारात प्रस्थान के लिए तैयार होता है तो युवतियों द्वारा विवाह मंडप में घूम घूम कर ददरिया गायन किया जाता है। इस समय गायन को गौतरी कहा जाता है। देखें यहां एक गायन -



राम धरे धनुष लक्ष्मण धरे बान,
सीता माई के खोजन बर,
निकलगे हनुमान,

इसी तरह एक और देखें ददरिया को -

एक पेड़ आमा छत्तीस पेड़ जाम,
देवी दाई के मंदिर में हावे भगवान।

आदिवासी अंचल में विवाह के समय महिलाओं द्वारा सवाल जवाब परक ददरिया गाए जाते हैं। गाने की हर पंक्ति में सवाल जवाब होते रहते हैं -

कोन बन आमा रे कोन बन जाम
कोन बन ले ओ निकले
मोर लक्ष्मण राम

इसी कड़ी में एक और गीत को हम देखते हैं जो लोगों की जुबान से गाते देखे जाते हैं -

धाने ल लुवे गिरे ल कंसी
भगवान के मंदिर में
बाजत हे बंसी।



# 'हाउसफुल 5' का ट्रेलर रिलीज कॉमेडी का मिला फुल डोज

**मुंबई।** बॉलीवुड की सबसे हिट कॉमेडी फ्रेंचाइजी में से एक हाउसफुल एक बार फिर से दर्शकों को हंसी का फुल डोज देने के लिए तैयार है। 'हाउसफुल 5' का ट्रेलर अब सामने आ चुका है और इसे देखकर फैंस की उत्सुकता और भी बढ़ गई है। फिल्म में एक बार फिर से अक्षय कुमार और रितेश देशमुख की जोड़ी धमाल मचाने को तैयार है। साथ ही इस बार कॉमेडी का तड़का लगाने के लिए कई नए चेहरे भी नजर आने वाले हैं। फिल्म में अक्षय कुमार, रितेश देशमुख से लेकर संजय दत्त, जैकलीन फर्नांडिस, नरगिस फाखरी, सोनम बाजवा नजर आ रही हैं। साजिद नाडियाडवाला द्वारा निर्मित इस फिल्म का निर्देशन कर रहे हैं तरुण मनसुखानी। ट्रेलर की बात करें तो यह शुरू से लेकर आखिर तक पूरी तरह से एंटरटेनमेंट से भरा हुआ है। ट्रेलर में कॉमिक टाइमिंग, रंगीन लोकेशंस और फुल ऑन मसाला देखने को मिला है। फिल्म के ट्रेलर में अभिषेक बच्चन, रितेश और अक्षय के बीच तनातनी चल रही है जोली बनने को लेकर।

आयुर्वेदिक हानिरहित बवासीर का दवा
HMS ARSH-RAHAT अर्श-राहत
बवासीर की समस्त समस्याओं से 5 दिनों में छुटकारा दिलाता है व दुबारा होने से भी रोकता है।
आपरेशन के खर्च व तकलीफ से बचना चाहते हैं तो अर्श-राहत का इस्तेमाल करें
HMS देसीकर सीरीज 94060-21769
JHAIGO झाईगो 5+1 Cream
चेहरे को दागों से मुक्त कर सुंदरता बढ़ाये...
तो फिर क्या... बस इस बार झाईगो क्रीम उपयोग कर देखें।
क्या आपके... चेहरे पर झाईयां है? आंखों पर काले घेरे है?
चेहरे पर मुहांसे के काले निशान है? या जले या चोट के निशान है?

# अमेरिकन म्यूजिक अवॉर्ड में बिखेरा जलवा ...

**मुंबई।** अमेरिकन म्यूजिक अवॉर्ड्स 2025 के 51वें संस्करण का आयोजन बीते दिन सोमवार को लास वेगास में हुआ। हालांकि, भारत में इसका प्रसारण मंगलवार की सुबह हुआ। इस समारोह में दुनिया भर के दिग्गज कलाकारों ने शिरकत की। इसी कणी में भारतीय अभिनेत्री नोरा फतेही ने भी शानदार प्रस्तुति दी, जिस कारण वहां मौजूद सभी लोगों का ध्यान एक्ट्रेस ने अपनी ओर खींच लिया। बॉलीवुड अभिनेत्री नोरा फतेही अमेरिकन म्यूजिक अवॉर्ड्स में शामिल हुईं, जिसे अमेरिकन सिंगर जेनिफर लोपेज द्वारा आयोजित किया गया है। एक्ट्रेस ब्लैक कलर की वन पीस ड्रेस पहने नजर आ रही हैं, जिस पर शीशे और मोतियों से भी वर्क हुआ है। इसके साथ उन्होंने अपने बालों को खुला रखा है और हल्के मेकअप के साथ शानदार अंदाज में पोज देकर तस्वीरें क्लिक करा रही हैं, जिसका वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। हाल ही में बॉलीवुड अभिनेत्री नोरा फतेही अपने नवीनतम सिंगल म्यूजिक 'स्नेक' की सफलता के बाद से ऊंचाइयों को छू रही हैं, क्योंकि इसे काफी पंसद किया जा रहा है। इस संगीत में अभिनेत्री के साथ अमेरिकन गायक और डांसर जेसन डेरुलो भी शामिल हैं। दोनों के द्वारा तैयार किया गया यह ट्रैक 'स्नेक' न केवल बीबीसी एशियन म्यूजिक चार्ट में शीर्ष पर रहा, बल्कि 130 मिलियन से अधिक बार देखा गया। इस उपलब्धि ने दुनियाभर में अभिनेत्री के प्रशंसकों और भारतीय संगीत प्रेमियों को खुश कर दिया है। नोरा फतेही के वर्कफ्रंट की बात करें तो उन्हें आखिरी बार 'द रायल्स' सीरीज में देखा गया था।



हरिभूमि HEALTH CARE
छत्तीसगढ़ के मेडिकल विशेषज्ञ

सभी प्रकार के स्किन एवं बाल संबंधी समस्याओं का निदान, मुंहासे, झाई, झुर्रियों का इलाज, अनचाहे बालों हेतु लेजर ट्रीटमेंट
सिंघानिया स्किन केयर Makeover
36, प्रथम तल, गुरुकुल कॉम्पलेक्स कालीबाड़ी, रायपुर 0771-4053311
मो. 94252-14479 0771-4020411 www.makeoverraipur.com

सुविधाएं : पी.एफ.टी. ब्रांकोस्कोपी स्लीप स्टडी
डॉ. राठौर चेस्ट क्लिनिक
दमा, टी.बी., छाती एवं एलर्जी रोग विशेषज्ञ
गरचा कॉम्पलेक्स, कचहरी चौक, जेल रोड, रायपुर
मो. 7999450384, 7042974029
स्पेशलिस्ट : खांसी, श्वांस, दमा, टी.बी., निमोनिया, एलर्जी फेफड़े का कैंसर, खर्राटे व नींद

कान, नाक, गला, एलर्जी एवं वर्टिगो (चक्कर) कोअब्लेशन एवं लेजर सर्जरी हॉस्पिटल
डॉ. जाऊलकर ई.एन.टी. हॉस्पिटल (ISO 9001-2000 Certified)
सेन्ट्रल एवेन्यू चौबे कालोनी प्रगति कॉलेज रायपुर (छ.ग.)
फोन: 0771-4044551 समय: सुबह 9.30 से 4.30 तक

श्रीराम किंकर मेडीकल इंस्टीट्यूट
डॉ. नवनीत जैन एम.एस.- एडवांस लेप्रोस्कोपी एवं जनरल सर्जन (गोल्ड मेडलिस्ट)
डॉ. करूणा जैन एम.डी.- प्रसूति एवं स्त्री रोग विशेषज्ञ
लिली चौक, रायपुर - 492001 फोन : 0771-2536521, मो. 9329103589

अग्रवाल हॉस्पिटल (मल्टीस्पेशियेलिटी सेन्टर)
फोन: +91-0771-4088107/108

मनोरोग नशा उन्मूलन एवं यौन रोग विशेषज्ञ
प्रभा मनोचिकित्सा क्लिनिक
मो. 9977247553

अष्टविनायक हॉस्पिटल
बच्चों के सभी ऑपरेशन किये जाते हैं।
बच्चों के विशेषज्ञ सर्जन डॉ. रितेश रंजन (MCH, पीडियाट्रिक सर्जन)
आमा सिवनी, विधानसभा रोड, रायपुर (छ.ग.) 7987225800, 9301744425

डायबिटिक क्लीनिक
Dr. Satyajeet Sahu Advance Dibetes & Thyroid care centre
Appointments No. 7724035770 9329004557 9303724304

स्वास्तिक नर्सिंग होम
बर्न एण्ड पॉलीट्रामा सेंटर मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल
मो. 7991031330 मो. 0771-4347172

डॉ. मनोज अग्रवाला
एमडी (सीएमसी वेल्लोर) (गोल्ड मेडलिस्ट)
स्किन क्लिनिक
चौबे कॉलोनी, रायपुर (छत्तीसगढ़) 0771-4003777, 77778-76292

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 7987119756, 9303508130

## टीवी मसाला



# कभी मिलते थे 50 रुपए, 'जेठालाल' कैसे बने करोड़ों के मालिक...

**नई दिल्ली।** टीवी के सबसे चहेते किरदारों में से एक 'जेठालाल'को कौन नहीं जानता। 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा'में जेठालाल का किरदार निभाने वाले दिलीप जोशी ने 26 मई को अपना 57वां जन्मदिन मनाया। लेकिन, इस मुकाम तक पहुंचने की उनका सफर आसान नहीं रही। कभी 50 रुपए के लिए नाटकों में बैकस्टेज काम करने वाले दिलीप जोशी आज टीवी इंडस्ट्री के सबसे महंगे एक्टर्स में से एक हैं। दिलीप जोशी का जन्म 26 मई 1968 को गुजरात के पोरबन्दर में हुआ। उन्होंने काफी समय तक थिएटर किया और उसके बाद वो एक्टिंग में आए। उनका एक्टिंग कॅरियर फिल्मों से शुरू हुआ था। उन्होंने सलमान खान की ब्लॉकबस्टर फिल्म 'मैंने प्यार किया' में रामू का किरदार निभाया था, जिसमें वो एक हाउस हेल्प के रोल में नजर आए थे। इसके बाद उन्होंने शाहरुख खान के साथ 'वन 2 का 4' में भी काम किया। फिल्म में उनका किरदार छोटा जरूर था, लेकिन दिल जीत लेने वाला था। इसके अलावा वो हम आपके हैं कौन, फिर भी दिल है हिन्दुस्तानी, खिलाड़ी 420, दिल है तुम्हारा जैसी कई फिल्मों में नजर आ चुके हैं। सफलता की इस चमक के पीछे एक लंबा संघर्ष छिपा है।

## कुश शाह ने क्यों छोड़ा 'तारक मेहता' शो

कार्यालय एवं दुकान हेतु स्थान उपलब्ध, वेबसाईट देखें www.csidc.in
**Executive Engineer, Division-IV**
S-43975/2



**कार्यालय, जिला परिषद, राँची।**
**(अभियंत्रण शाखा)**

अति अल्पकालीन ई–निविदा आमंत्रण सूचना
टेन्डर रिफ्रेन्स नम्बर–DOPR/DE/Ranchi/02/2025-26

| S.No | योजना का नाम | स्वीकृत राशि (रुपये में) | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 01 | नगड़ी प्रखण्ड अन्तर्गत पंचायत नगड़ी में जिला परिशद के भूमि पर मैरेज हॉल का निर्माण कार्य। | 4,22,94,700.00 | 8,45,900.00 | 10,000.00 | 24 माह |
| 02 | प्रखण्ड नगड़ी के नारो बाजार टांड़ में मार्केटिंग कॉम्पलेक्स रैंट रूम का निर्माण। | 3,43,48,651.00 | 6,86,975.00 | 10,000.00 | 18 माह |

नोट :– केवल ई–टेण्डर ही स्वीकार होगें।
1. अधिक जानकारी के लिए बेबसाईट jharkhandtenders.gov.in पर देखा जा सकता है।
2. बेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि – 03.06.2025
3. ई–निविदा की प्राप्ति की तिथि एवं समय–04.06.2025 से 11.06.2025 अपराह्न 5.00 बजे तक।
4. **निविदा खोलने की तिथि–12.06.2025 को 5.00 बजे अपराह्न।**
5. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता–जिला अभियंता, जिला परिषद, राँची। ई–निविदा प्रकोष्ट का दुरभाष नं0– 7739519093
6. परिमाण विपत्र की राशि घट बढ़ सकती है तदनुसार अग्रधन की राशि देय होगी।
7. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर खाता को बंद कर दिया जाता है तो उसकी सारी जवाबदेही आपकी होगी।
8. Form of Bid एवं Bill of Quantity में दर भिन्न रहने पर संबंधित निविदादाता का निविदा अमान्य समझा जाएगा।
9. **निविदा डबल बीड प्रद्वति से होगा।**
10. **इस निविदा में जिला परिषद, राँची / भवन निर्माण विभाग में निबंधित समुचित श्रेणी के संवेदक ही भाग लेगें।**

जिला अभियंता, जिला परिषद, राँची।
PR.NO.353603 Panchayati Raj(25-26):D



**कार्यालय जिला बाल संरक्षण अधिकारी जिला रायपुर**

**दावा-आपत्ति**

1. बच्चे का नाम - बालक कुनाल (संस्था द्वारा दिया गया नाम)
2. बच्चे का प्राप्ति दिनाँक - 30/04/2025
3. संस्था - विशिष्ट दत्तक ग्रहण सेवाभारती मातृछाया कोटा, रायपुर
4. रंग - गेहुंआ
5. उम्र - 04 वर्ष



उक्त बालक दिनाँक 23/04/2025 को बाल कल्याण समिति, रायपुर के पत्र क्रं./167/ बा.क.स./ 2025-26 रायपुर दिनाँक 30/04/2025 से अस्थाई संरक्षण हेतु विशिष्ट दत्तक ग्रहण एजेन्सी, सेवाभारती मातृछाया, कोटा, रायपुर (छ.ग.) में रखा गया है।

सर्व संबंधित को जो कि बालक के वैधानिक पालक / अभिभावक होने का दावा आपत्ति दर्ज कराना चाहते है, प्रकाशन दिनाँक से 30 दिवस के भीतर जिला बाल संरक्षण अधिकारी, महिला एवं बाल विकास विभाग, राज भवन के पास, पुराना पुलिस मुख्यालय परिसर, रोजगार कार्यालय के बाजू, जिला-रायपुर (छ.ग.) अथवा विशिष्ट दत्तक ग्रहण एजेन्सी, सेवाभारती मातृछाया, विवेकानंद स्टेडियम के पीछे कोटा, रायपुर (छ.ग.) में दर्ज करा सकते है। उक्त समयावधि के पश्चात प्राप्त दावा-आपत्ति पर विचार नही किया जायेगा तथा दत्तक ग्रहण की कार्यवाही की जावेगी। यह विज्ञापन मेरे द्वारा जारी किया गया।

जिला बाल संरक्षण अधिकारी (मिशन वात्सल्य)
महिला एवं बाल विकास विभाग
जिला-रायपुर (छ.ग.)
संपर्क नं.-07714280486
G-252601165/1



**कार्यालय कलेक्टर, जिला दक्षिण बस्तर दन्तेवाड़ा**
**( महिला एवं बाल विकास विभाग )**

क्रमांक/252 /मबावि/सा.वि./2025-26 दन्तेवाड़ा, दिनांक 26/05/2025

**द्वितीय निविदा सूचना**

महिला एवं बाल विकास विभाग, दन्तेवाड़ा छ.ग. की एकीकृत बाल विकास सेवा परियोजनाओं में रेडी टू ईट फूड निर्माण यूनिट स्थापित किये जाने स्वचलित मशीन क्रय किये जाने हेतु दरें आमंत्रित की जाती है।

इच्छुक प्रदायकर्ता को दिनांक 16.06.25 अपरान्ह 3:00 बजे तक निविदा सील बन्द लिफाफे में कलेक्टर (महिला एवं बाल विकास विभाग) दन्तेवाड़ा के कार्यालय में रखी सील बन्द पेटी में डालना होगा। निविदा दिनांक 16.06.25 सायं 4:00 बजे क्रय समिति के समक्ष खोली जावेगी।

इस संबंध में नियम, शर्ते, सामग्री की सूची (मय स्पेसिफिकेशन के) एवं धरोहर राशि इत्यादि की जानकारी हेतु निविदा प्रपत्र रूपये 1000/-रू. विभागीय मद " 0235 सामाजिक सुरक्षा और कल्याण - 2 - विविध आय" में जमा करके चालान की प्रति प्रस्तुत कर कार्यालय से कार्यालयीन समय में दिनांक 16.06.25 अपरान्ह 12:00 बजे तक प्राप्त किया जा सकता है।

जिला कार्यक्रम अधिकारी
महिला एवं बाल विकास विभाग
जिला दक्षिण बस्तर दन्तेवाड़ा
G-252601193/4



**कार्यालय कलेक्टर, जिला - नारायणपुर (छत्तीसगढ़)**
**( आदिवासी विकास शाखा)**
दूरभाष (कार्यालय ) 07781-252881, (फैक्स) 299047 Email-collector.assttw.narayanpur@gmail.com

**निजी चिकित्सक पद हेतु विज्ञापन**

क्रमांक/1479/आ.वि./आ.छा./2025-26 नारायणपुर, दिनांक 23/05/2025

छत्तीसगढ़ शासन आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास विभाग रायपुर के स्वीकृति आदेश क्रमांक / एफ-15-4/2007/25-2 आजाक / 6464 रायपुर दिनांक 16.08.2007 के तहत अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति "स्वस्थ तन स्वस्थ मन" (स्वास्थ्य सुरक्षा) योजना वर्ष 2007 अंतर्गत परीक्षण स्थानीय स्तर पर अनुबंध के आधार पर किये जाने हेतु निजी चिकित्सकों (एम.बी.बी.एस./ बी. ए. एम. एस.) से निम्नांकित शर्तों के अधीन आवेदन दिनांक 13.06.2025 तक सायं 5:00 बजे कार्यालयीन कार्य दिवस तक आमंत्रित किया जाता है।

1. प्रत्येक संस्था हेतु चिकित्सकों का अनुबंध शैक्षणिक सत्र 2025-26 ( माह अप्रैल 2026 तक) के लिये होगा।
2. चिकित्सक को माह में कम से कम दो बार अनुबंधित संस्था के छात्र / छात्राओं को स्वास्थ्य परीक्षण किया जाना होगा तथा स्वास्थ्य संबंधी सलाह एवं सुझाव दिया जाना है।
3. अनुबंधित चिकित्सक को 50 सीटर छात्रावास / आश्रम के छात्र / छात्राओं के चिकित्सक परीक्षण हेतु रुपये 750/ प्रति भ्रमण एवं 100 सीटर हेतु 1200 /- प्रति भ्रमण मानदेय दिया जायेगा।
4. चिकित्सक को प्रत्येक छात्रावास / आश्रम का स्वास्थ्य परीक्षण उपरांत एक स्वास्थ्य पंजी में विवरण दर्ज किया जाना होगा तथा सभी छात्राओं का हेल्थ कार्ड भी तैयार किया जाना होगा, प्रत्येक भ्रमण के अंतराल में न्यूनतम 15 दिन का अंतर होना अनिवार्य होगा, विशेष परिस्थिति में विभाग अथवा छात्रावास / आश्रम के द्वारा चिकित्सकों को उपरोक्त अवधि के पूर्व भी स्वास्थ्य परीक्षण हेतु बुलाया जा सकता है।
5. अनुबंधित चिकित्सक यथा संभव अवकाश के दिन छात्रावास / आश्रमों में भम्रण हेतु कार्यक्रम बनायेगें जिससे विद्यार्थियों के पढ़ाई में किसी प्रकार की व्यवधान उत्पन्न न हो।
6. चिकित्सक एक या एक से अधिक संस्थाओं के लिए अनुबंधित किये जा सकेगें।
7. छात्र / छात्राओं की दवा एवं ईलाज पर व्यय शासन द्वारा वहन किया जावेगा।
8. स्वस्थ तन स्वस्थ मन हेतु आवेदन करने वाले चिकित्सक किसी शासकीय अथवा अर्धशासकीय संस्था में संविदा/नियमित रुप से कार्यरत नहीं होना चाहिए, तत्संबंधी शपथ पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।

अनुबंध की नियम / शर्तें तथा अन्य जानकारी कार्यालयीन दिवस में कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।

सहायक आयुक्त
आदिवासी विकास नारायणपुर
G-252601182/3



**कार्यालय उपसंचालक पशु चिकित्सा सेवायें जिला - कबीरधाम छ.ग.**
कलेक्टर कार्यालय के प्रथम तल में कवर्धा जिला - कबीरधाम
फोन/ फैक्स नं. 07741-232143 मेलddvskabi@gmail.com

क्रमांक/1101/भण्डार/टेण्डर सूचना/ 2025-26 कबीरधाम, दिनांक 26/05/2025

**Tender Notice**

Deputy Director, Veterinary Services, District-Kabirdham, 1st Floor, Collectorate Composite Building, Kawardha, District-Kabirdham-491995, invites sealed tenders from interested firms for the MODIFICATION OF TATA YODHA CAB VEHICLE INTO AMBULANCE CHASSIS CUM ANIMAL RESCUE Specifications and tender documents can be obtained from undersigned office or can be downloaded from kawardha district website https://kawardha.gov.in. The last date for submission of the tender at Office of Deputy Director, Veterinary Services, District-Kabirdham, 1st Floor, Collectorate Composite Building, Kawardha, District-Kabirdham-491995 is on 16th June, 2025 at 3:00 PM.

**Deputy Director Veterinary Services, District-Kabirdham C.G.**
G-252601184/3



**OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER, MINOR IRRIGATION DIVISION ,GUMLA**

**e-Procurement Tender Notice**
**Two Envelope System**
**Tender Reference No:-**
**WRD/MID/GUMLA/B.D./S.L.I.-01/2025-26**
**Letter No- 560** **Date-27/05/2025**

| | | |
|---|---|---|
| 1 | Name of Work: | Construction of Katkaian Solar Lift Irrigation Scheme in Block-Raidih, Dist.-Gumla . |
| 2 | Estimated Cost (Rs. In Lakh) | Rs. 120.228 Lakh |
| 3 | Cost of tender document (in Rs) | Rs. 10,000=00 only (non-refundable). |
| 4 | Earnest Money Deposit (in Rs.) | Rs. 1,20,300=00 only. |
| 5 | Time of Completion | 335 Days |
| 6 | Mode of Submission of tender | Online through www.jharkhandtenders.gov.in |
| 7 | Date of Publication of Tender on website (http://jharkhandtenders.gov.in) | Date:13.06.2025 Time: 2PM |
| 8 | Last Date/Time for downloading of bidding documents and Submission of Tender on Website | Date:20.06.2025 Time:5PM |
| 9 | Submission of Tender Fee and EMD | Start Date:-13.06.2025 Time:-2 PM Last Date:-20.06.2025 Time:- 5 PM |
| 10 | Technical Bid Opening Date | Date:- 23.06.2025 Time: 2PM |
| 11 | Officer Inviting Bids | Executive Engineer, Minor Irrigation Division, Gumla. |
| 12 | Contact No. of Procurement Officer e-mail of Procurement Officer | 8986890345 eemidkhun-cemr-jhr@nic.in |
| 13 | Helpline No. of Procurement Cell | 0651-2491232 |

**Note:-**
➢ Work will be awarded to those bidders {specially MNRE approved channel partners/MNRE approved manufacturers/MNRE approved PV system integrators/ A registered manufacturers/ Company/ Firm/ Corporation in India (including MSME of Jharkhand) of at least one of the major sub system namely pumps or PV System electronics (confirming to National/ International Standards)/ any other agencies having experience of installation and commissioning of such solar powered irrigation schemes}. Empanelled Indigenous Manufacturers of 10 HP pumps (AC Surface Water Pumps) in the department with all accessories for off-grid stand alone SPV water pumping systems can also take part in the bid for executing the whole work of the bid. However those bidders who have not yet registered in Water Resources Department can also submit their bid provided they will have to get themselves registered in Water Resources Department within two months from the date of allotment of work.
➢ **Only e-Tender will be accepted.**
➢ **Published Estimated Cost May Increase or Decrease.**
Further detail scan be seen on website http://jharkhandtenders.gov.in

PR 353665 Minor Irrigation(25-26).D
**Executive Engineer, Minor Irrigation Division, Gumla.**



**संचालनालय, उद्यानिकी एवं प्रक्षेत्र वानिकी छ.ग.**
ब्लॉक-बी चतुर्थ तल, इंद्रावती भवन, नवा रायपुर, अटल नगर, जिला-रायपुर
फोनः 0771-243301, फैक्सः - 0771-2433002 ईमेल- dir.horti-cg@nic.in
वेबसाइट- http://agriportal.cg.nic.in/horticulture/HortiHi,

कं./उ./NMEO-OP/AD/25-26/1022 नवा रायपुंर अटल नगर, दिनांक 23.05.2025

प्रदेश में ऑयल पॉम की खेती को बढ़ावा देने के लिए नेशनल मिशन ऑन एडीबल आयल - ऑयल पॉम योजना का क्रियान्वयन किया जा रहा है। वर्ष 2025-26 में ऑयल पॉम रोपण हेतु इच्छुक कृषक अनुदान हेतु आवेदन कर सकते है। इस संबंध में जिला कार्यालय में पदस्थ उप/ सहायक संचालक उद्यान एवं संचालनालय से सम्पर्क कर विस्तृत जानकारी प्राप्त की जा सकती है। आवेदन संबधित जिला कार्यालयों में जमा किया जावेगा। ऑयल पॉम रोपण के संबंध में विवरण निम्नानुसार हैः-

- रोपण की जाने वाली किस्म - टेनेरा
- रोपण हेतु प्रति हेक्टेयर पौधों की संख्या - 143 पौधे (9 x 9 x 9)
- रोपण के लिए प्रति हेक्टे. अनुमानित लागत - 3.90 से 4.00 लाख (फेसिंग, बोरवेल, पौध रोपण, रखरखाव, अंतरवर्तीय फसल आदि को सम्मिलित करते हुए)
- भारत सरकार से अनुदान - लगभग 1.00 लाख
- राज्य सरकार से अतिरिक्त अनुदान - लगभग 1.00 लाख
- अनुदान के अतिरिक्त शेष राशि की व्यवस्था - आवश्यकता अनुसार बैंक ऋण की सुविधा उपलब्ध है।
- प्रति हेक्टेयर अनुमानित उत्पादन - 15-20 टन
- प्रति हेक्टेयर अनुमानित आय - 2.50 लाख से 3.00 लाख प्रति वर्ष एवं पौधों से आय 25-30 वर्ष तक प्राप्त होगी।
- विपणन व्यवस्था- सुनिश्चित बाजार व्यवस्था उपलब्ध। अनुबंधित संस्थाओं द्वारा शत्प्रतिशत उत्पादन का क्रय।
- रोपण हेतु चयनित जिले- जगदलपुर, कोण्डागांव, कांकेर, सुकमा, नारायणपुर, बीजापुर, दंतेवाड़ा, महासमुंद, रायगढ़, सारंगढ़-बिलाईगढ़, जांजगीर चाम्पा, दुर्ग, बेमेतरा, जशपुर, सरगुजा, कोरबा, बिलासपुर
- योजना में सम्मिलित होने की प्रक्रिया- भूमि का रकबा, खसरा नंबर के साथ स्थानीय उद्यानिकी अधिकारी से संपर्क करें।
- ऑयल पॉम की खेती के बारे में अधिक जानकारी हेतु संपर्क करें
- जिला जगदलपुर, कोण्डागांव, कांकेर, सुकमा एवं महासमुंद के कृषक- श्री पी.हरीश (7670988201)
- जिला जशपुर, सरगुजा, कोरबा, बिलासपुर, नारायणपुर, बीजापुर, दंतेवाड़ा के कृषक- श्री संजीव गायन ( 9630053999 )
- जिला रायगढ़, सारंगढ़- बिलाईगढ़, जांजगीर चाम्पा के कृषक- श्री भरत भूषण (7682805237)
- जिला दुर्ग, बेमेतरा के कृषक- श्री मनोज शर्मा (9502777022)
- योजना में सम्मिलित होने हेतु नाम, पूर्ण पता, मोबाइल नंबर एवं प्रस्तावित रकबे की जानकारी के साथ निम्न विवरण पर संपर्क किया जा सकता है

**मोबाइल नंबर** - 9243539639
**ईमेल आई.डी.** - oilpalm.cg@gmail.com

योजना की विस्तृत जानकारी एवं दिशा-निर्देश विभागीय वेबसाइट- http://agriportal.cg.nic.in/horticulture/HortiHi से प्राप्त किया जा सकता है।

सही /- संचालक, उद्यान
G-252601178/2



# क्रिकेट इतिहास में बना शर्मनाक रिकॉर्ड, केवल 2 रन पर पूरी टीम आउट

## इंग्लैंड की मिडलसेक्स काउंटी लीग में एक रन बल्ले से और एक वाइड बॉल से

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

क्रिकेट को अनिश्चितताओं वाला खेल कहा जाता है और इंग्लैंड की मिडलसेक्स काउंटी लीग में हुआ एक मुकाबले ने इसे साबित भी कर दिया है। इस मैच में एक ऐसा रिकॉर्ड बन गया जो क्लब क्रिकेट के इतिहास में दर्ज हो गया। दरअसल, नार्थ लंदन क्रिकेट क्लब और रिचमंड क्रिकेट क्लब के बीच खेले गए इस मैच में रिचमंड क्लब की पूरी टीम महज 2 रन पर ऑलआउट हो गई। शर्मनाक बात तो यह है कि इन दो रनों में भी एक रन वाइड बॉल का था और बल्ले से सिर्फ एक रन ही निकला।

### ऐसे चला रोमांचक मुकाबला...

मिडलसेक्स काउंटी लीग के थर्ड-टियर डिविजन वन के एक मैच में नॉर्थ लंदन की थर्ड इलेवन ने टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 45 ओवर में 426/4 का विशाल स्कोर खड़ा किया था। इसमें 63 वाइड और 16 नो बॉल सहित कुल 92 रन अतिरिक्त थे। इसके बाद 427 रन का लक्ष्य लेकर उतरी रिचमंड क्लब फोर्थ इलेवन की पूरी टीम 5.2 ओवर में 2 रन पर ढेर हो गई और 424 रन से मुकाबला हार गई।



### रिचमंड क्लब के 9 बल्लेबाज नहीं खोल सके खाता

रिचमंड क्लब के लिए 1 रन नंबर-4 के बल्लेबाज ने बनाया, जबकि दूसरा रन वाइड के रूप में मिला। टीम के 9 बल्लेबाज तो खाता भी नहीं खोल सके, यानी वे शून्य पर आउट हुए। नॉर्थ लंदन के लिए मैट रोसन ने 3 ओवर में 5 विकेट लिए और कोई रन भी खर्च नहीं किया। इसी तरह टॉम स्पॉटन ने 2.4 ओवर में सिर्फ 2 रन देकर 4 विकेट झटके और एक खिलाड़ी रन आउट हुआ।

### किसके नाम दर्ज है सबसे कम स्कोर का रिकॉर्ड?

प्रथम श्रेणी क्रिकेट में सबसे कम स्कोर का रिकॉर्ड 1810 में बने ऐतिहासिक मैच के नाम है, जब द बीएस टीम इंग्लैंड के खिलाफ लॉर्ड्स में 6 रन पर ढेर हुई थी। हालांकि, क्लब क्रिकेट के हिसाब से अब यह सबसे कम स्कोर माना जा रहा है। रिचमंड क्लब के उपाध्यक्ष स्टीव डीकिन ने कहा कि यह एक 'परफेक्ट स्टॉर्म' जैसी स्थिति थी। उनके क्लब के पास नियमित टीम के खिलाड़ी ही मौजूद नहीं थे। इसी वजह ऐसा प्रदर्शन रहा।

खास खबर

## लाहौर कलंदर्स ने 4 साल में तीसरी बार जीता पीएसएल का खिताब

### विजेता टीम को मिले मात्र 4.24 करोड़ रुपए




लाहौर। जिम्बाब्वे के हरफनमौला सिकंदर रजा ने टॉस से महज 10 मिनट पहले इंग्लैंड से यहां पहुंचकर लाहौर कलंदर्स को चार साल में पाकिस्तान सुपर लीग का तीसरा खिताब दिलाने में अहम भूमिका निभाई। लाहौर पहुंचने के लिए कई उड़ान लेने वाले रजा पर थकान का कोई लक्षण नहीं दिखा। अशरफ की 20वें ओवर में आतिशी बल्लेबाजी ने हालांकि क्वेटा को छह साल में अपना पहला पीएसएल खिताब जीतने की उम्मीद दी, लेकिन रजा ने उनके सपने को तोड़ दिया। खिताब जीतने पर कलंदर्स को पुरस्कार के रूप में 500,000 डॉलर भी मिले जो करीब 4.24 करोड़ रुपए बनते हैं। वहीं उपविजेता टीम ग्लेडिएटर्स को 200,000 डॉलर मिले, जो लगभग 1.69 करोड़ रुपए बनते हैं।

### आईपीएल पाइंट टेबल

| टीम | मैच | जीते | हारे | अंक |
|---|---|---|---|---|
| पंजाब | 14 | 9 | 4 | 19 |
| बेंगलुरु | 14 | 9 | 4 | 19 |
| गुजरात | 14 | 9 | 5 | 18 |
| मुंबई | 14 | 8 | 6 | 16 |
| दिल्ली | 14 | 7 | 6 | 15 |
| हैदराबाद | 14 | 6 | 7 | 13 |
| लखनऊ | 14 | 6 | 8 | 12 |
| कोलकाता | 14 | 5 | 7 | 12 |
| राजस्थान | 14 | 4 | 10 | 8 |
| चेन्नई | 14 | 4 | 10 | 8 |

ऑरेंज कैप | पर्पल कैप



साई सुदर्शन
679 रन
गुजरात

नूर अहमद
24 विकेट
चेन्नई

# जितेश की ताबड़तोड़ पारी से आरसीबी ने क्वालीफायर एक का टिकट कटाया

एजेंसी ▶▶ लखनऊ

कार्यवाहक कप्तान जितेश शर्मा (नाबाद 85) की आक्रामक अर्धशतकीय पारी और मयंक अग्रवाल (नाबाद 41) के साथ पांचवें विकेट के लिए 45 गेंद में 107 रन की अटूट साझेदारी से रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने इंडियन प्रीमियर लीग टी20 मैच में मंगलवार को यहां लखनऊ सुपर जायंट्स को आठ गेंद शेष रहते छह विकेट से हराकर प्लेऑफ में अपना दूसरा स्थान पक्का किया।

इस जीत के साथ ही आरसीबी ने 14 मैचों में 19 अंक के साथ तालिका में दूसरे स्थान के साथ क्वालीफायर एक में अपनी जगह पक्की कर ली। आरसीबी ने इसके साथ ही दूसरे विकेट पर अपने घरेलू मैदान में लगातार सात मैच जीतने का रिकॉर्ड भी कायम किया। प्लेयर ऑफ द मैच जितेश शर्मा को चुना गया। विराट कोहली ने आवेश खान के खिलाफ चौके के साथ आरसीबी के लिए अपने करियर के 9000 रन पूरे किये।




### ओरुर्के ने दो गेंदों में चटकाए दो विकेट

रजत पाटीदार (14) ने कलाई के शानदार इस्तेमाल से ओरुर्के के खिलाफ छक्का जबकि कोहली ने इस गेंदबाज के खिलाफ चौका जड़ दिया। अब तक महंगे रहे ओरुर्के ओवर की आखिरी दो गेंदों पर पाटीदार और लियाम लिविंगस्टोन (शून्य) को चलता कर सुपर जायंट्स को बड़ी सफलता दिलाई। कोहली ने आकाश के खिलाफ चौके से 27 गेंद में मौजूदा सत्र का आठवां अर्धशतक पूरा किया। राठी ने किफायती ओवर डाला जिसका फायदा आवेश खान का कोहली के विकेट के तौर पर मिला। कोहली कवर क्षेत्र के ऊपर से खेलने की कोशिश में आयुष बडोनी को कैच दे बैठे।

### गुरुवार को होगा पंजाब किंग्स से सामना

आरसीबी टीम अब बृहस्पतिवार को शीर्ष पर काबिज पंजाब किंग्स का सामना करेगी जबकि इसके अगले दिन एलीमिनेटर एक में गुजरात टाइटंस का सामना मुंबई इंडियंस से होगा। सुपर जायंट्स ने कप्तान ऋषभ पंत की नाबाद 118 रन की पारी के बूते तीन विकेट पर 227 रन बनाये लेकिन आरसीबी ने 18.4 ओवर में चार विकेट पर 230 रन बना कर इस लीग में सफलतापूर्वक सबसे बड़े लक्ष्य का अपना रिकॉर्ड कायम किया।

### स्कोर बोर्ड

| लखनऊ सुपर जायंट्स | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| मिचेल मार्श का जितेश बो भुवनेश्वर | 67 | 37 | 4 | 5 |
| मैथ्यू ब्रिट्जके बो तुषारा | 14 | 12 | 1 | 1 |
| ऋषभ पंत नाबाद | 118 | 61 | 11 | 8 |
| निकोल्स पूरन का दयाल बो शेफर्ड | 13 | 10 | 1 | 0 |
| अब्दुल समद नाबाद | 01 | 01 | 0 | 0 |

अतिरिक्त: 14, कुल 20 ओवर में 227/3 रन
गेंदबाजी: तुषारा 4-0-26-1, कृणाल 2-0-14-0, दयाल 3-0-44-0, भुवनेश्वर 4-0-46-1, सुयश 3-0-39-0, शेफर्ड 4-0-51-1

| बेंगलुरु | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| फिल सॉल्ट का राठी बो आकाश | 30 | 19 | 6 | 0 |
| विराट कोहली का बडोनी बो आवेश | 54 | 30 | 10 | 0 |
| रजत पाटीदार का समद बो ओरुर्के | 14 | 07 | 1 | 1 |
| मयंक अग्रवाल नाबाद | 41 | 23 | 5 | 0 |
| जितेश शर्मा नाबाद | 85 | 33 | 8 | 6 |

अतिरिक्त: 06, कुल 18.4 ओवर में 230/4 रन
गेंदबाजी : आकाश 4-0-40-1, ओरुर्के 4-0-76-2, राठी 4-0-36-0, शाहबाज 3-0-39-0, आवेश 3-0-32-1, बडोनी 0.4-0-9-0

## खबर संक्षेप



### पंजाब किंग्स से हार हमारे लिए चेतावनी की तरह : रिकेल्टन

जयपुर। मुंबई इंडियंस के सलामी बल्लेबाज रेयान रिकेल्टन ने स्वीकार किया कि पंजाब किंग्स से सात विकेट की हार एक चेतावनी की तरह है लेकिन उन्हें विश्वास है कि पांच बार की चैंपियन टीम में आईपीएल एलिमिनेटर जीतने के लिए जरूरी क्षमता है। मुंबई ने सोमवार को पंजाब के खिलाफ अपने अंतिम लीग मैच में हारकर शीर्ष दो में जगह बनाने का मौका गंवा दिया। इस हार के बाद अब उसे गुरुवार को एलिमिनेटर में उतरना होगा।

## श्योराण और नीरू दूसरे शॉटगन राष्ट्रीय ट्रायल में शीर्ष पर रहे

नई दिल्ली। लक्ष्य श्योराण और नीरू ढांडा ने मंगलवार को यहां डॉ. कर्णी सिंह निशानेबाजी परिसर में आयोजित दूसरी शॉटगन राष्ट्रीय ट्रायल्स की ट्रैप फ़ाइनल स्पर्धा में क्रमशः पुरुष और महिला वर्ग में पहला स्थान प्राप्त किया। लक्ष्य ने क्वालिफिकेशन में 120 अंक हासिल करते हुए फाइनल में जगह बनाई। उन्होंने फाइनल में 43 अंक हासिल कर जसविंदर सिंह को दो अंकों से पछाड़कर जीत दर्ज की। भवनीश मेंदीरत्ता ने 33 अंक के साथ तीसरा स्थान हासिल किया। जूनियर वर्ग के जिन निशानेबाजों ने हाल ही में जर्मनी के सुहल में आयोजित आईएसएसएफ जूनियर विश्व कप में भाग लिया है, उनके स्कोर पर भी चयन समिति द्वारा विचार किया जायेगा क्योंकि ट्रायल दो के आयोजन की तारीखें उससे टकरा रहीं है।

**नीरू ने दी आशिमा को करीबी मात**

राष्ट्रीय खेलों की स्वर्ण पदक विजेता नीरू ने महिला वर्ग के फाइनल में आशिमा अहलावत को 40-39 के करीबी अंतर से मात देकर शीर्ष स्थान हासिल किया। ओलंपियन राजेश्वरी कुमारी ने 31 अंकों के साथ तीसरा स्थान प्राप्त किया। इससे पहले क्वालीफिकेशन चरण में जंगशेर एस. वीरक ने 119 अंक हासिल करते हुए लक्ष्य के बाद फाइनल के लिए क्वालीफाई किया।

## सिनर ने जीता लगातार 15वां ग्रैंडस्लैम

पेरिस। यानिक सिनर ने फ्रेंच ओपन टेनिस टूर्नामेंट के पहले दौर में फ्रांस के आर्थर रिंडरक्नेच पर 6-4, 6-3, 7-5 से जीत हासिल करते हुए ग्रैंडस्लैम प्रतियोगिताओं में अपनी जीत के सिलसिले को 15 मैचों तक पहुंचा दिया। विश्व के नंबर एक खिलाड़ी सिनर तीन महीने के डोपिंग प्रतिबंध की सजा काटने के बाद अपने दूसरे टूर्नामेंट में खेल रहे हैं। उन्होंने पिछले साल अमेरिकी ओपन और इस साल के शुरू में ऑस्ट्रेलियाई ओपन का खिताब जीता था। इटली के इस 23 वर्ष के खिलाड़ी में अभी तक तीन ग्रैंडस्लैम खिताब जीते हैं लेकिन फ्रेंच ओपन में उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन पिछले साल सेमीफाइनल में पहुंचना था। इस बीच महिला वर्ग में नाओमी ओसाका का सफर पहले दौर में ही समाप्त हो गया। चार बार की ग्रैंडस्लैम चैंपियन जापान की इस खिलाड़ी को 10वीं वरीयता प्राप्त पाउला बडोसा ने 6-7 (1), 6-1, 6-4 से हराया।



# सिंधू और प्रणय सिंगापुर ओपन के दूसरे दौर में पहुंचे

एजेंसी ▶▶ सिंगापुर





दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पी वी सिंधू और एच एस प्रणय मंगलवार को सिंगापुर ओपन सुपर 750 बैडमिंटन टूर्नामेंट के दूसरे दौर में पहुंच गए। सिंधू ने कनाडा की वेन यू झांग पर सिर्फ 31 मिनट में 21-14, 21-9 से जीत दर्ज की।

दूसरे दौर में उनका सामना दुनिया की पांचवें नंबर की खिलाड़ी तोक्यो ओलंपिक की स्वर्ण पदक विजेता चीन की चेन यू फेइ से होगा। दुनिया के 34वें नंबर के खिलाड़ी प्रणय ने डेनमार्क के रास्मस गेमके को 19-21,21-16, 21-14 से हराया। अब उनका सामना फ्रांस के क्रिस्टोव पोपोव से होगा।

# एशियाई एथलेटिक्सः गुलवीर ने स्वर्ण और सर्विन ने जीता कांस्य पदक

एजेंसी ▶▶ गुमी (दक्षिण कोरिया)

राष्ट्रीय रिकॉर्ड धारक गुलवीर सिंह ने मंगलवार को यहां एशियाई एथलेटिक्स चैंपियनशिप के पहले दिन पुरुषों की 10,000 मीटर दौड़ में शीर्ष स्थान हासिल करके भारत को प्रतियोगिता का पहला स्वर्ण पदक दिलाया। भारत ने इस प्रतियोगिता के लिए 59 सदस्यीय दल भेजा है। भारत ने पिछली बार इस चैंपियनशिप में 27 पदक जीते थे।

एशियाई खेलों के कांस्य पदक विजेता 26 वर्षीय गुलवीर ने 28 मिनट 38.63 सेकंड का समय लेकर स्वर्ण पदक जीता। उनका राष्ट्रीय रिकॉर्ड 27:00.22 सेकंड है जो उन्होंने इस साल की शुरुआत में बनाया था। जापान के मेबुकी सुजुकी (28:43.84) ने रजत, जबकि बहरीन के अल्बर्ट किबिची रोप (28:46.82) ने कांस्य पदक जीता।



### सर्विन पैदल चाल में जीता कांस्य

इससे पहले दिन में सर्विन सेबेस्टियन ने पुरुषों की 20 किमी पैदल चाल स्पर्धा में एक घंटा 21 मिनट और 13.60 सेकंड (1:21:13.60) का समय लेकर कांस्य पदक जीतकर भारत का प्रतियोगिता में खाता खोला था। चीन के वांग झाओझाओ (1:20:36.90) और जापान के केंटो योशिकावा (1:20:44.90) ने क्रमशः स्वर्ण और रजत पदक जीता। सर्विन सेबेस्टियन का समय उनके व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ समय 1:21:23 से थोड़ा अधिक था, जो उन्होंने इस वर्ष फरवरी में उत्तराखंड राष्ट्रीय खेलों में स्वर्ण पदक जीतने के दौरान बनाया था। इस स्पर्धा में भाग ले रहे एक अन्य भारतीय खिलाड़ी अमित 1:22:14.30 समय के साथ पांचवें स्थान पर रहे।

### वैभव के सामने नियंत्रण रखने की चुनौती : वॉ

मुंबई। इंडियन प्रीमियर लीग के इस सत्र में सनसनी फैलाने वाले 14 वर्ष के वैभव सूर्यवंशी की शानदार टाइमिंग से हैरान आस्ट्रेलिया के महान क्रिकेटर स्टीव वॉ ने उन्हें 'सुपरनोवा' बनने से बचते हुए नियंत्रण पर फोकस करने की सलाह दी है। वॉ नियमित रूप से आईपीएल नहीं देखते हैं लेकिन उन्होंने सूर्यवंशी को शानदार खिलाड़ी बताते हुए कहा कि उसे अपने पैर जमीन पर रखने होंगे।

FORM NO. 14
[See Regulation 33(2)]
By Regd. A/D, Dasti failing which by Publication
OFFICE OF THE RECOVERY OFFICER - I/II
DEBTS RECOVERY TRIBUNAL, JABALPUR
797/2, SHANTIKUNJ, SOUTH CIVIL LINES, JABALPUR - 482001
DEMAND NOTICE
NOTICE UNDER SECTIONS 25 TO 28 OF THE RECOVERY OF DEBTS & BANKRUPTCY ACT, 1993 AND RULE 2 OF SECOND SCHEDULE TO THE INCOME TAX ACT, 1961.
RC/469/2024 CANARA BANK 03-04-2025
VERSUS
BHASKER CONTRACTOR
To
CD 1) BHASKER CONTRACTOR, MIG No. 2/400, Hudco, Bhilai, Durg (C.G.) Durg, Chhattisgarh-491001.
(CD 2) RAMESHWAR RAO, MIG No. 2/400, Hudco, Bhilai, Durg (C.G.) Durg, Chhattisgarh-0
This is to notify that as per the Recovery Certificate issued in pursuance of orders passed by the Presiding Officer, DEBTS RECOVERY TRIBUNAL JABALPUR in OA/138/2020 an amount of Rs. 2989571.62 (Rupees Twenty Nine Lakhs Eighty Nine Thousands Five Hundred Seventy One And Paise Sixty Two Only) along with pendentellite and future interest @ 11.95 % Simple Interest Yearly w.e.f. 14/02/2020 till realization and costs of Rs. 32000 (Rupees Thirty Two Thousands Only) has become due against you (Jointly and severally/ Fully/Limited).
2. You are hereby directed to pay the above sum within 15 days of the receipts of the notice, failing which the recovery shall be made in accordance with the Recovery of Debts Due to Banks and Financial Institutions Act, 1993 and Rules there under.
3. You are hereby ordered to declare on an affidavit the particulars of yours assets on or before the next date of hearing.
4. You are hereby ordered to appear before the undersigned on 04/06/2025 at 10:30 a.m. for further proceedings.
5. In addition to the sum aforesaid, you will also be liable to pay:
(a) Such interests as is payable for the period commencing immediately after this notice of the certificate / execution proceedings.
(b) All costs, charges and expenses incurred in respect of the service of this notice and warrants and other processes and all other proceedings taken for recovering the amount due.
Given under my hand and the seal of the Tribunal, on this date: 03/04/2025.
Recovery Officer
DEBTS RECOVERY TRIBUNAL, JABALPUR

न्यायालय- कु. आकांक्षा बेक, तृतीय व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ श्रेणी, जिला- रायपुर (छ.ग.)
नोटिस
प्रोसेस क्रमांक- 136
प्रकरण क्र.- 79 बी/2024
पेशी तारीख- 11/06/2025
पक्षकार का नाम
केनरा बैंक ....................................वादी
विरूद्ध
जयदीप छाबड़ा व अन्य..........................प्रतिवादी
प्रति,
प्रतिवादी- 1. जयदीप छाबड़ा, उम्र- 30 वर्ष, पिता- श्री हरजीत छाबड़ा
2. हरजीत छाबड़ा, पिता- श्री जगजीत छाबड़ा
दोनों निवासी- हनुमान मंदिर के पास, बढ़ईपारा, रायपुर छ.ग.
इस न्यायालय में वादी ने ऋणराशि वसूली कीमती 4,35,000/- रूपये के संबंध में वाद प्रस्तुत किया है, जिसकी सुनवाई इस न्यायालय में दिनांक 11/06/2025 को दिन के 11:00 बजे होगी।
प्रतिवादी क्र. 06 इसमें अपना हित जुड़ा हुआ महसूस करता है या समझता है, इस न्यायालय के समक्ष दिनांक 11/06/2025 को उपस्थित होकर अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर सुनवाई में भाग ले सकता है, अन्यथा वादी के वाद पर न्यायालय अग्रिम कार्यवाही कर आवेदन का निराकरण कर देगी।
नोटः- यदि किसी कारणवश पेशी तिथि को अवकाश हो जाता है या कार्य स्थगित हो जाता है या पीठासीन अधिकारी अवकाश पर हों तो प्रकरण की सुनवाई अगले कार्य दिवस पर की जावेगी।
यह आज तारीख 26/05/2025 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगाकर दी गई है।
सील
(कु. आकांक्षा बेक)
तृतीय व्य. न्या. वरि. श्रेणी
जिला- रायपुर (छ.ग.)

### कार्लसन ने रोमांचक मुकाबले में विश्व चैंपियन गुकेश को हराया

एजेंसी ▶▶ स्टावेंजर (नॉर्वे)

विश्व के नंबर एक खिलाड़ी मैग्नस कार्लसन ने अंतिम क्षणों में अपनी विशेषज्ञता का शानदार नमूना पेश करते हुए यहां खेले जा रहे नॉर्वे शतरंज टूर्नामेंट के पहले दौर में मौजूदा विश्व चैंपियन डी गुकेश को रोमांचक मुकाबले में हराकर पूरे तीन अंक हासिल किए।

पांच बार के विश्व चैंपियन 34 वर्षीय कार्लसन और उनसे आधी उम्र के गुकेश के बीच खेले जा रहे इस मैच को टूर्नामेंट का सबसे बड़ा मुकाबला माना जा रहा था। इस टूर्नामेंट में ओपन और महिला वर्ग में चोटी के छह छह खिलाड़ी भाग में रहे हैं। कार्लसन और गुकेश का मैच निर्णायक क्षणों तक चला, जिसमें नॉर्वे के खिलाड़ी ने सफेद मोहरों से खेलते हुए अपने प्रतिद्वंद्वी पर आखिर में दबाव बनाकर जीत हासिल की।

सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया
क्षेत्रीय कार्यालय, रायपुर (छ.ग.)
Central Bank of India
Regional Office, Raipur (C.G.)
परिशिष्ट-4 [नियम - 8 (1)] कब्जा नोटिस (अचल संपत्ति के लिए)
यतः (Whereas)
अधोहस्ताक्षरी ने जो वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्गठन तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम 2002 (2002 का अधिनियम 54) के अधीन सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया का प्राधिकृत अधिकारी है, प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम 2002 के नियम 3 के साथ पठित धारा 13(12) के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए देनदारों को निम्नलिखित तिथि को एक मांग नोटिस में उल्लेखित रकम 60 दिनों के भीतर प्रतिदाय करने की मांग करने के लिए जारी की थी।
उधार लेने वाले द्वारा कुल रकम का प्रतिदाय करने में असफल रहने पर, देनदारों, जमानतदारों तथा जनसाधारण को यह सूचना दी जाती है कि अधोहस्ताक्षरी ने प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम 2002 के नियम 8 के साथ पठित अधिनियम की धारा 13 (4) के अधीन उसे प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए निम्नलिखित दिनांक को यहाँ नीचे वर्णित संपत्ति का कब्जा ले लिया है।
देनदारों तथा जमानतदारों को विशिष्ट रूप से एवं जनसाधारण को एतद् द्वारा सावधान किया जाता है कि वह इस संपत्ति से संबंधित कोई व्यवहार न करें एवं यदि करता है तो वह निम्नलिखित देय धनराशि तथा उस पर देय ब्याज तथा अन्य प्रभार के लिए सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया के प्रभार के अधीन होगा।
देनदारों का ध्यान रक्षित संपत्तियों को मुक्त कराने के लिए उपलब्ध समय हेतु अधिनियम की धारा 13 की उपधारा (8) के प्रावधानों की ओर आकृष्ट किया जाता है।
संपत्ति का विवरण

| क्र. | देनदारों तथा जमानतदारों का नाम | डिमांड नोटिस की राशि/दिनांक | कब्जा लेने की तिथि |
|---|---|---|---|
| 1. | श्री अंकित कश्यप पिता स्व. अर्जुन कुमार जायसवाल, पता 1 :- म.क्र. 134, वार्ड क्र. 05, ब्राम्हण कॉलोनी, सिमगा, बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.), पता 2 :- सुईट क्र. 703, सातवां तल, अवध-ए, पैराडाईज होटल के पास, साम्राज्य रेसीडेंसी, खमतराई, रायपुर, जिला - रायपुर (छ.ग.) तथा पता 3 :- मकान क्र. 31, देव छाया, जल विहार कॉलोनी, मरीन ड्राईव, तेलीबांधा, रायपुर, तहसील व जिला - रायपुर (छ.ग.), शाखा : सदर बाजार | रू. 28,84,636/- + उस पर देय ब्याज तथा व्यय। दिनांक : 27.02.2025 22.03.2025 को प्रकाशित | 26.05.2025 |
| | सम्पति का विवरण: श्री अंकित कश्यप पिता स्व. अर्जुन कुमार जायसवाल के नाम पर साम्राज्य रेसीडेंसी में बहुमंजिला भवन 'अवध-ए' में स्थित फ्लैट, यूनिट क्र. 703, सातवां तल, निर्मित क्षेत्रफल 715.79 वर्गफीट, भूखण्ड क्र. 2/3, 2/4, 2/8, 2/12 पर निर्मित, शीट क्र. 8, खसरा क्र. 479/1, 480/2, 481/2, 489/4, प.ह.नं. 108/39, वीर शिवाजी वार्ड, वार्ड क्र. 07, ग्राम - खमतराई, नगर पालिक निगम रायपुर के अंतर्गत तहसील व जिला - रायपुर (छ.ग.) पर स्थित आवासीय फ्लैट का समस्त भाग तथा अंश। बाऊण्ड्री :- उत्तर में - सीढ़ी तथा लिफ्ट, दक्षिण में - खुला स्थान, पूर्व में - यूनिट क्र. 702, पश्चिम में - यूनिट क्र. 702बी | | |
| 2. | 1. मे. आमनेर मल्टी फूड प्रोसेसिंग, प्रो. श्री शेख अमिश परवेज़ (मृतक), पिता श्री अहमद खान, ग्राम - फूलझर, पोस्ट - मनगट्टा, तहसील - राजनांदगांव, जिला - राजनांदगांव (छ.ग.) तथा 2. श्री शेख अमिश परवेज़ (मृतक) पिता श्री अहमद खान द्वारा उनके वैधानिक उत्तराधिकारीगण 2/1. श्रीमती जाहिदा बेगम पति स्व. शेख अमिश परवेज़, 2/2. स्व. शेख अमिश परवेज़ के सभी अन्य वैधानिक उत्तराधिकारीगण, दोनों का पता - मकान क्र. 63, वार्ड क्र. 17, बैगाटोला, तहसील - राजनांदगांव, जिला - राजनांदगांव (छ.ग.) तथा जमानतदार - मे. आमनेर बिल्डर प्रा.लि., पंजीकृत पता - दुकान क्र. 305, द्वितीय तल, खिचारिया कॉम्प्लेक्स, रेल्वे क्रॉसिंग के पास, नेहरू नगर, भिलाई, जिला - दुर्ग (छ.ग.), शाखा : दुर्ग | रू. 90,15,570/- + उस पर देय ब्याज तथा व्यय। दिनांक : 17.02.2025 06.03.2025 को प्रकाशित | 22.05.2025 |
| | सम्पति का विवरण: 1. मे. आमनेर बिल्डर प्रा.लि. निदेशक श्री अमिश परवेज़ के नाम पर पुराना खसरा क्र. 396/3 (का भाग), नया खसरा क्र. 396/7, प.ह.नं. 27/61, ग्राम - फूलझर, रा.नि.मं. - राजनांदगांव, तहसील व जिला - राजनांदगांव (छ.ग.), क्षेत्रफल 0.65 एकड़ या 0.263 हेक्टेयर पर स्थित प्लांट तथा मशीनरी सहित व्यवसायिक भूमि तथा भवन का समस्त भाग तथा अंश। बाऊण्ड्री : उत्तर में - विक्रेता की शेष भूमि, दक्षिण में - बैगाटोला की सीमा, पूर्व में - पक्की सड़क, पश्चिम में - बैगाटोला की सीमा। 2. मे. आमनेर मल्टी फूड प्रोसेसिंग प्रो. श्री अमिश परवेज़ के नाम पर पुराना खसरा क्र. 396/7, नया खसरा क्र. 396/11, प.ह.नं. 27/61, ग्राम - फूलझर, रा.नि.मं. - राजनांदगांव, तहसील व जिला - राजनांदगांव (छ.ग.), क्षेत्रफल 0.18 एकड़ या 0.073 हेक्टेयर पर स्थित प्लांट तथा मशीनरी सहित परिवर्तित व्यवसायिक भूमि तथा भवन का समस्त भाग तथा अंश। बाऊण्ड्री : उत्तर में - मे. आमनेर बिल्डर प्रा.लि. की भूमि, दक्षिण में - मे. आमनेर बिल्डर प्रा.लि. की भूमि, पूर्व में - सड़क (बैगाटोला से नवागांव), पश्चिम में - बैगाटोला की सीमा। | | |
| 3. | 1. मे. पांचाल इंडस्ट्रीज, प्रो. श्रीमती विनीता पांचाल, उमरपोटी, उतई रोड, शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला के सामने, उमरपोटी, दुर्ग, भिलाई, जिला - दुर्ग (छ.ग.) तथा 2. श्रीमती विनीता पांचाल पति श्री शरद कुमार पांचाल, 13/डी, रूआबांधा सेक्टर, सिविक सेन्टर भिलाई, जिला - दुर्ग (छ.ग.) तथा जमानतदार - श्री आयुष पांचाल पिता श्री शरद कुमार पांचाल, 3/डी, रूआबांधा सेक्टर, सिविक सेन्टर भिलाई, जिला - दुर्ग (छ.ग.), शाखा : दुर्ग | रू. 15,09,937/- + उस पर देय ब्याज तथा व्यय। दिनांक : 01.03.2025 | 22.05.2025 |
| | सम्पति का विवरण: 1. श्रीमती विनीता पांचाल के नाम पर खसरा क्र. 987/38, प.ह.नं. 42, मौजा - उमरपोटी, रा.नि.मं. - अण्डा, क्षेत्रफल 0.046 हेक्टेयर (5004 वर्गफीट) तहसील व जिला - दुर्ग (छ.ग.) पर स्थित परिवर्तित आवासीय भूमि का समस्त भाग तथा अंश। बाऊण्ड्री : उत्तर में - 25 फीट सड़क, दक्षिण में - प्रेमलाल की भूमि, पूर्व में - भूखण्ड क्र. बी-02, पश्चिम में - स्वामी की भूमि। 2. श्री आयुष पांचाल के नाम पर खसरा क्र. 987/38 का भाग, प.ह.नं. 42, मौजा - उमरपोटी, रा.नि.मं. - अण्डा, क्षेत्रफल 0.046 हेक्टेयर (5004 वर्गफीट) तहसील व जिला - दुर्ग (छ.ग.) पर स्थित परिवर्तित आवासीय भूमि का समस्त भाग तथा अंश। बाऊण्ड्री : उत्तर में - 25 फीट सड़क, दक्षिण में - दानदाता की शेष भूमि, पूर्व में - भूखण्ड क्र. बी-02, पश्चिम में - 25 फीट सड़क। | | |
| 4. | 1. श्री निलेश कुमार जैन पिता श्री हल्के लाल जैन, 2. श्री राजेश जैन पिता श्री हल्के लाल जैन, 3. श्रीमती आरती जैन पति श्री निलेश कुमार जैन तथा 4. श्री रितेश जैन पिता श्री हल्के लाल जैन, सभी निवासी - सेवतापारा, वार्ड क्र. 03, मस्जिद के सामने, डोंगरगांव, जिला - राजनांदगांव (छ.ग.), शाखा - राजनांदगांव | रू. 18,22,555/- + उस पर देय ब्याज तथा व्यय। दिनांक : 03.03.2025 | 27.05.2025 |
| | सम्पति का विवरण: श्री राजेश जैन, श्री निलेश जैन तथा श्री रितेश जैन के नाम पर खसरा क्र. 60/20 का भाग, प.ह.नं. 15, संत रविदास वार्ड क्र. 01, ग्राम - मटिया, रा.नि.मं., ब्लॉक व तहसील - डोंगरगांव, जिला - राजनांदगांव (छ.ग.), क्षेत्रफल 0.012 हेक्टेयर या 0.03 एकड़ पर स्थित आवासीय भूमि तथा भवन का समस्त भाग तथा अंश। बाऊण्ड्री : उत्तर में - विक्रेता की शेष भूमि, दक्षिण में - सड़क, पूर्व में - विक्रेता की शेष भूमि, पश्चिम में - विक्रेता की शेष भूमि। | | |
| 5. | 1. श्री निलेश कुमार जैन पिता श्री हल्के लाल जैन तथा श्रीमती आरती जैन पति श्री निलेश कुमार जैन, दोनों निवासी - सेवतापारा, वार्ड क्र. 03, मस्जिद के सामने, डोंगरगांव, जिला - राजनांदगांव (छ.ग.), शाखा - राजनांदगांव | रू. 12,21,447/- + उस पर देय ब्याज तथा व्यय। दिनांक : 03.03.2025 | 27.05.2025 |
| | सम्पति का विवरण: श्री निलेश कुमार जैन के नाम पर खसरा क्र. 373/29 का भाग, प.ह.नं. 15, जवाहर लाल नेहरू वार्ड क्र. 03, ग्राम - डोंगरगांव, रा.नि.मं., ब्लॉक व तहसिल - डोंगरगांव, जिला - राजनांदगांव (छ.ग.), क्षेत्रफल 0.012 हेक्टेयर या 0.03 एकड़ (1300 वर्गफीट) पर स्थित आवासीय भूमि तथा भवन का समस्त भाग तथा अंश। बाऊण्ड्री : उत्तर में - ओंकार नाथ गुप्ता की भूमि, दक्षिण में - सड़क, पूर्व में - सुषमा विश्वकर्मा का मकान, पश्चिम में - सड़क। | | |

दिनांक : 27.05.2025, स्थान : रायपुर
प्राधिकृत अधिकारी/मुख्य प्रबंधक, सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया

# दुनिया का सबसे ऊंचा रेलवे पियर ब्रिज

## नोनी पुल के निर्माण में सेना ने निभाया अहम रोल

**क्या है खासियत**

**141** मीटर की ऊंचाई वाला नोनी ब्रिज

**111** किमी लंबा जिरिबाम-इम्फाल रेलवे प्रोजेक्ट

**14,322** करोड़ रुपए की परियोजना




**नई दिल्ली।** भारत में सबसे लंबे खंभे पर बन रहा ऊंचा रेलवे पुल तैयार हो गया। भारतीय सेना एक बार फिर राष्ट्र निर्माण में अदृश्य शक्ति बनकर सामने आई है। सेना की 107 इन्फैंट्री बटालियन (टेरिटोरियल आर्मी) 11 गोरखा राइफल्स ने हाल ही में इतिहास में सबसे महत्वपूर्ण बुनियादी ढांचे में से एक को सुरक्षित करने में अहम भूमिका निभाई है। इस बटालियन को गोरखा टेरियर्स के रूप में भी जाना जाता है। ईस्टर्न कमांड के अधिकार क्षेत्र में काम करते हुए गोरखा टेरियर्स ने मणिपुर के नोनी में पुल संख्या 164 पर दुनिया के सबसे ऊंचे रेलवे पियर ब्रिज के निर्माण के दौरान सुरक्षा और ऑपरेशनल मदद मुहैया कराई है। उनकी मौजूदगी ने खराब मौसम के हालात में सुरक्षा खतरों और भौगोलिक चुनौतियों वाले इस इलाके में देश के लिए अहम इस निर्माण को आसान बनाया है।



**10 घंटे का सफर अब ढाई घंटे में**

इस परियोजना के शुरू होने के बाद जिरिबाम से इंफाल तक पहुंचने के लिए लगभग 10 घंटे की वर्तमान सड़क यात्रा का समय ट्रेन के जरिए घटकर 2.5 घंटे रह जाएगा।

## खबर संक्षेप

### हनीमून मनाने गए पति-पत्नी शिलांग से लापता

**इंदौर।** इंदौर के राजेंद्र नगर थाना क्षेत्र के ट्रांसपोर्ट कारोबारी राजा अपनी पत्नी सोनम के साथ शिलांग में हनीमून मनाने गए थे। इसके बाद उन्होंने अपने कुछ परिचितों से फोन पर बात की और जानकारी दी कि वह शिलांग के विभिन्न जगहों पर घूम रहे हैं। उसके कुछ देर बाद उनका फोन बंद हो गया। इसके बाद परिजन लगातार राजा और सोनम को फोन लगाते रहे, लेकिन किसी का फोन नहीं उठा। अब उनका कोई पता नही चल पा रहा, परिवार के लोग परेशान हैं।



### फर्जी डॉक्टरों ने किया ऑपरेशन, बच्चे की मौत

**कौशंबी।** उत्तर प्रदेश के कौशांबी जिले के चरवा मनुरी रोड स्थित एक निजी अस्पताल में फर्जी डॉक्टर बनकर पांच वर्षीय बच्चे का ऑपरेशन करने के आरोप में दो भाइयों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने बताया कि ऑपरेशन के दौरान बच्चे की मौत हो गई। इस मामले में राम आसरे ने शिकायत दर्ज कराई थी। पुलिस ने बताया कि अनमोल अस्पताल में वरिष्ठ डॉक्टर की अनुपस्थिति में राम आसरे के बेटे दिव्यांशु का इलाज लापरवाही से किया गया, जिसके कारण उसकी मौत हो गई।



*सुशासन तिहार में रायगढ़ और सारंगढ़ पहुंचे मुख्यमंत्री*

# सीएम साय बोले- मार्च 2026 तक खत्म होगा नक्सलवाद

*सुशासन तिहार के दौरान मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने लोगों का हाल जाना। रायगढ़ और सारंगढ़ में लोगों की समस्याएं सुनीं और अफसरों को हिदायत भी दी। पत्रकारों से चर्चा करते हुए सीएम साय ने एक बार फिर कहा कि 31 मार्च 2026 तक नक्सलियों का समूल नाश होगा। जिससे छत्तीसगढ़ के जंगलों में एक भी नक्सली नहीं बच सकेंगे।*




हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय मंगलवार को रायगढ़ प्रवास पर थे। वे सुशासन तिहार के दौरान रायगढ़ और सारंगढ़ आए थे। इस मौके पर रायगढ़ के कलेक्टर सभाकक्ष में उन्होंने प्रेसवार्ता ली। जहां उन्होंने कहा कि नक्सलवाद का खात्मा करने के लिए केंद्र सरकार पूरी तरह से तैयार है। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह लगातार छत्तीसगढ़ का दौरा कर रहे हैं। इन दिनों जिस तरह से प्रदेश में नक्सलियों के विरुद्ध अभियान चलाया जा रहा है, उससे ये संभव है कि आने वाले साल में नक्सली जड़ से समाप्त हो जाएंगे। उन्होंने दावा किया कि 31 मार्च 2026 तक नक्सलियों का समूल नाश होगा।

**लोगों की सुनी समस्याएं और अफसरों को दिए निर्देश**

जिससे छत्तीसगढ़ के जंगलों में एक भी नक्सली नहीं बच सकेंगे। उन्होंने कहा कि पूर्व में जब भाजपा की सरकार थी तब सरकार ने नक्सलियों के विरुद्ध अभियान चलाया था। लेकिन इस बीच पांच साल तक कांग्रेस की सरकार सत्ता में आ गई। इन पांच सालों में कांग्रेस ने नक्सलियों को पोषित किया। लेकिन अब सरकार ने फिर से नक्सलियों को लेकर मुहिम छेड़ दी है। बातचीत में उन्होंने आगे कहा कि झीरमघाटी कांड में भी कांग्रेस ने जांच को आगे नहीं बढ़ाया। जिसके कारण नक्सली आतंकवादियों से ज़्यादा खतरनाक हो गए हैं।



**शिकायत पर एसडीएम को तत्काल हटाया**

सारंगढ़ बिलाईगढ़-सुशासन त्योहार पर प्रदेश के मुखिया मुख्यमंत्री विष्णु देव साय का हेलीकॉप्टर सारंगढ़ बिलाईगढ़ के कनकबीरा ग्राम में उतरा। यहां नागरिकों व भाजपा कार्यकर्ताओं ने एसडीएम वर्षा बंसल की शिकायत की। मुख्यमंत्री के निर्देश पर मुख्य सचिव अमिताभ जैन ने कलेक्टर को निर्देशित किया। इसके बाद एसडीएम को हटा दिया गया। मुख्यमंत्री ने अपनी घोषणा में गोड़म में नया पंचायत भवन,कनकबीरा कन्या छात्रावास हेतु 5 करोड़, घोराघाटी में केनाल का रुका हुआ कार्य जल्द शुरू करने के निर्देश दिये।

### किसान गर्मी का धान लेने से बचें

सोशल मीडिया में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का एक वीडियो वायरल हो रहा है। वीडियो में वो जनता के बीच भाषण दे रहे हैं कि उनकी सरकार गर्मी के धान को भी 3100 रुपए में खरीदेगी। इस सवाल का जवाब देते हुए उन्होंने कहा कि ये वीडियो फर्जी है। उन्होंने अपील करते हुए कहा कि प्रदेश में जलसंकट गहरा रहा है। ऐसी स्थिति में किसानों को गर्मी में धान की फसल लेने के स्थान पर दलहन और तिलहन फसलों को पैदा करना चाहिए। इन फसलों में पानी की खपत कम होती है।

### छात्रों के हित में युक्तियुक्तकरण

सीएम साय ने कहा कि प्रदेश में स्कूल बहुत जल्द खुलेंगे, लेकिन इससे पहले स्कूलों और शिक्षकों का युक्तियुक्तकरण हो रहा है। कुछ लोग इस कार्रवाई को लेकर भ्रम फैला रहे हैं कि इससे स्कूल बन्द होंगे और शिक्षकों की संख्या कम होगी। जबकि ऐसा नहीं है। इस प्रक्रिया से स्कूलों में छात्रों की उपस्थिति बढ़ेगी। वहीं, शिक्षक भी पर्याप्त संख्या में रहेंगे। उन्होंने कहा कि ये प्रक्रिया छात्रों के हित से जुड़ी है।

# रेप पीड़िता को केस वापस लेने किया जा रहा परेशान

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

युवक ने फार्मेसी की छात्रा से फेसबुक के जरिए दोस्ती की और शादी का वादा करते हुए रेप कर न्यूड वीडियो बना लिया। छात्रा की रिपोर्ट पर आरोपी युवक जेल में है। युवक के परिजन छात्रा को केस वापस लेने का दबाव बना रहे हैं। पीड़िता ने घटना की लिखित शिकायत सिविल लाइन थाने में की है। रायपुर जिले के अभनपुर क्षेत्र की रहने वाली 22 वर्षीय छात्रा ने बताया कि वह बिलासपुर में रहकर फार्मेसी की पढ़ाई कर रही थी। साल 2024 में फेसबुक से उसकी पहचान लखनऊ में पढ़ने वाले छात्र ऐश्वर्य सिंह कंवर (23) से हुई। बातचीत में पता चला कि वह कोरबा का रहने का है। जनवरी 2024 में युवक ने उनसे प्यार का इजहार कर शादी करने का वादा किया। युवती भी उसकी बातों में आ गई। 3 जून 2024 को युवक छात्रा से मिलने बिलासपुर आया। इस दौरान उसने एक होटल में छात्रा को बुलाकर शारीरिक संबंध बनाया और न्यूड वीडियो बना लिया। उसके बाद धमकी देकर शारीरिक शोषण करने लगा। युवती ने शादी करने के लिए दबाव बनाया, तो उसने इनकार कर दिया। छात्रा ने अप्रैल 2025 में तारबाहर थाने में केस दर्ज कराया। पुलिस ने आरोपी युवक को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है, वर्तमान में वह जेल में बंद है।



■ थाने में हुई शिकायत

# मुठभेड़ में मारा गया 15 लाख का ईनामी नक्सली कमांडर

हरिभूमि न्यूज ⏭ मेदिनीनगर

झारखंड के पलामू जिले में सुरक्षाबलों के साथ मुठभेड़ में प्रतिबंधित भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी-माओवादी (भाकपा-माओवादी) का एक कमांडर मारा गया। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी के अनुसार मुठभेड़ में एक अन्य माओवादी घायल हुआ है और उस पर 15 लाख रुपए का इनाम घोषित है। पुलिस ने कहा कि मुठभेड़ के बाद तलाश अभियान के दौरान एक 'सेल्फ लोडिंग राइफल' (एसएलआर) समेत कई हथियार बरामद किए गए।



पुलिस ने बताया कि सोमवार को हुसैनाबाद के बरवाही और नईया गांवों के बीच सुरक्षा बलों और माओवादियों के बीच मुठभेड़ हुई। पलामू की पुलिस अधीक्षक (एसपी) रेशमा रमेसन ने कहा, '' पलामू में सुरक्षाबलों और माओवादियों के बीच भीषण मुठभेड़ के बाद भाकपा (माओवादी) के एक सदस्य का शव बरामद किया गया है।

# पहले लिवर दान फिर किडनी, मां ने जिगर के टुकड़े बेटे की दूसरी बार बचाई जान

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

नई दिल्ली के इंस्टीट्यूट ऑफ लिवर एंड बिलियरी साइंसेज में साठ वर्षीया एक मां ने अपने बेटे को तीसरी बार जीवन का उपहार दिया है। यह स्नेह और बलिदान की दिल छू लेने वाली कहानी है। यह यात्रा 1997 में शुरू हुई जब उसने अपने बेटे को जन्म दिया. सालों बाद 2015 में जब उसे पता चला कि वह जानलेवा लिवर की बीमारी का शिकार है, तो उसने अपने लिवर का एक हिस्सा दान करने के लिए निश्चय किया, लेकिन आगे चलकर उस बेटे के जीवन में एक बार फिर जटिलताओं का सामना करना पड़ा। उसकी किडनी फेल हो गई, जिसके बाद उसे नियमित रूप से डायलिसिस पर जाना पड़ा। तब बिना किसी हिचकिचाहट के मां ने एक बार फिर अपना हौसला बड़ा किया। उन्होंने अपने बेटे के लिए डोनर बनकर आगे आई। अनोखी बात ये कि वह अपने पहले लीवर दान के बाद भी काफी फिट थीं, इसलिए उन्हें अपनी एक किडनी दान करने की अनुमति मिल गई।



### ट्रांसप्लांट टीम का कारनामा

डॉ. अभियुत्तन सिंह जादौन के नेतृत्व में आईएलबीएस में रीनल ट्रांसप्लांट टीम ने यह कारनामा करके दिखाया। उनकी टीम ने जटिल लेप्रोस्कोपिक डोनर नेफरेक्टोमी की, जिसमें उनकी पिछली बड़ी सर्जरी की वजह से चुनौतियों का सामना करना पड़ा। डॉ. आर. पी. माथुर के नेतृत्व में प्रत्यारोपण के लिए नेफ्रोलॉजिस्ट की एक कुशल टीम ने इसे संभाला। प्रसन्नता की बात ये कि प्रत्यारोपण सफल रहा और शख्स को 10 दिनों की रिकवरी अवधि के बाद छुट्टी दे दी गई। आर्टिकल के साथ प्रदर्शित की गई फोटो सर्जरी के बाद की है. इसमें डोनर, रेसिपिएंट और मेडिकल टीम के सदस्य दिखाई दे रहे हैं।

# हाथों में मेहंदी लगाए दुल्हन करती रही दूल्हे का इंतजार

**बिजनौर।** उत्तर प्रदेश के बिजनौर से हैरान कर देने वाला मामला सामने आया है, जहां जिले के कोतवाली देहात क्षेत्र के गांव महेश्वरी जट में दहेज में कार न मिलने पर दूल्हा बारात लेकर नहीं पहुंचा। शादी के दिन दुल्हन हसना परवीन हाथों में मेहंदी लगाए बारात का इंतजार करती रही, लेकिन बारात नहीं आई और दुल्हन पक्ष में अफरा-तफरी मच गई। हसना की शादी बिजनौर के दारा नगर गंज निवासी आसिफ से तय हुई थी।



लड़की के पिता शकील अहमद ने बताया कि शादी से पहले दूल्हे पक्ष को साढ़े तीन लाख रुपये नकद दिए गए थे, लेकिन शादी से एक दिन पहले दूल्हे की ओर से कार की मांग कर दी गई।

### दहेज में कार न मिलने से शादी टूटी

*दुल्हन पक्ष ने शादी के लिए 350 मेहमानों के खाने का इंतजाम किया था, लेकिन सारी तैयारियां धरी रह गईं। इस घटना से उन्हें करीब 6 लाख रुपये का आर्थिक नुकसान हुआ है और समाज में बेइज्जती का भी सामना करना पड़ा।*




*मूर्तिकार सत्यनारायण ने बनाई राम दरबार की मूर्तियां*

# हर दिन 2 घंटे राम की परिक्रमा, फिर 10 घंटे काम, ऐसी है राम दरबार की कहानी!

**जब तक मन पूरी तरह निर्मल न हो, तब तक पत्थर में प्राण नहीं फूंके जा सकते**

एजेंसी ⏭ अयोध्या

आज हम आपको लेकर चलते हैं उस अद्भुत साधना की ओर, जहां एक मूर्तिकार ने सिर्फ पत्थर नहीं तराशा, बल्कि श्रद्धा, भक्ति और तप से प्रभु श्रीराम को प्रतिमा में जीवंत कर दिया। हम बात कर रहे हैं अयोध्या में बने भव्य राम मंदिर की, जहां अब प्रथम तल पर प्रभु श्रीराम, माता सीता, लक्ष्मण और हनुमान जी का दरबार पूरी दिव्यता के साथ विराजमान हो चुका है। हालांकि इस दरबार के पीछे एक गहरी साधना है। राजस्थान के मूर्तिकार सत्यनारायण पांडेय की साधना। उन्होंने आठ महीने तक रोजाना दो घंटे प्रभु राम की परिक्रमा की। उसके बाद शुरू होता था उनका 10 घंटे का कठिन श्रम, राम दरबार की मूर्तियों को गढ़ने का। सत्यनारायण कहते हैं कि, यह सिर्फ मूर्ति निर्माण नहीं था, ये मेरी तपस्या थी। जब तक मन पूरी तरह निर्मल न हो, तब तक पत्थर में प्राण नहीं फूंके जा सकते। उन्होंने कुल 540 परिक्रमाएं कीं। हर परिक्रमा के बाद घंटाभर रामचरितमानस का पाठ करते, फिर शुरू होता प्रभु के स्वरूप को गढ़ने का कार्य।



**राम मंदिर के सिंहासन पर मूर्तियां:** अब ये मूर्तियां राम मंदिर के सिंहासन पर विराज चुकी हैं। राम, सीता, लक्ष्मण और हनुमान जी की मूर्तियां अलग-अलग भंगिमा में नजर आ रही हैं। इनके साथ ही ऋषियों, वानर सेनापतियों और दरबार के गणमान्य पात्रों की कुल 18 मूर्तियां भी तैयार की गई हैं। राम मंदिर ट्रस्ट के अनुसार, ये मूर्तियां सिर्फ शिल्प नहीं हैं। ये शाश्वत भक्ति का सजीव रूप हैं।

### अयोध्या पहुंचीं शेषावतार मंदिर की मूर्तियां

*राम जन्मभूमि परिसर में बन रहे शेषावतार मंदिर की मूर्तियां भी अयोध्या पहुंच चुकी हैं। इनकी प्राण प्रतिष्ठा 5 जून को गंगा दशहरे के पावन दिन होगी, तो अगली बार जब आप रामलला के दर्शन को जाएं तो उस मूर्ति को न केवल देखें, बल्कि उस तप, उस परिक्रमा और उस साधना को भी नमन करे, जिसने पत्थर को प्रभु बना दिया।*







हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अनिल कुमार द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशन्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से मुद्रित एवं हरिभूमि काम्पलेक्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी, स्थानीय संपादक धनंजय वर्मा, संपादक (समन्वय) ब्रह्मवीर सिंह। RNI No. CHHHIN/2002/07457, फोन : 0771-4242222, e-mail:raipur@haribhoomi.com